आज का मौसम
34.0⁰ अधिकतम तापमान
18.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.28
सूर्यास्त 06.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी 06:29 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 12 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 343, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# एलपीजी सिलेंडर किल्लत की अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं : मुख्यमंत्री



लखनऊ में एजेंसी पर गैस की किल्लत से जूझते लोगों की लगी कतार।

- सीएम ने जिलाधिकारियों व पुलिस अफसरों को कार्रवाई के दिए निर्देश
- सिलेंडर की कालाबाजारी व कृत्रिम कमी दिखाने वालों पर भी शिकंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच उप्र में तेल व गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर मुख्यमंत्री योगी ने सख्त रुख अपनाया है। कहा कि गैस और तेल की कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों और पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिया है कि एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल या डीजल की कालाबाजारी करने या कृत्रिम कमी दिखाने वालों पर भी बेहद कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए कहा कि आपदा की स्थिति में अवसर तलाशने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि गैस और पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी, अवैध भंडारण या कृत्रिम कमी दिखाकर कीमत बढ़ाने की कोशिश करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस मुख्यालय से लेकर जिला स्तर तक निगरानी तेज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर नजर रखी जा रही है। जिलों की पुलिस को पेट्रोल पंपों के आसपास निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रशासन ने शुरू किया सख्त निरीक्षण

● जिलों में पेट्रोल पंप और गैस गोदामों का औचक निरीक्षण ● कालाबाजारी और अवैध भंडारण की जांच ● सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी ● घरेलू सिलेंडर के कमर्शियल इस्तेमाल पर कार्रवाई

## गैस कंपनियों के हेल्पलाइन नंबर

● भारत गैस : 1800-22-4344 ● इंडेन गैस : 1800-2333-555 ● एचपी गैस : 1800-2333-555

(उपभोक्ता डीलर द्वारा गैस न देने या शिकायत होने पर इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।)

## कई जिलों में फील्ड में उतरीं प्रशासनिक टीमें

सीएम की सख्ती के बाद कई जिलों में प्रशासनिक टीमें फील्ड पर उतर आई हैं। लखनऊ, नोएडा, कानपुर और प्रयागराज समेत कई शहरों में पेट्रोल पंपों, गैस गोदामों और वितरण केंद्रों पर निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों को घरेलू गैस सिलेंडर के कमर्शियल इस्तेमाल और अवैध भंडारण की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन के अनुसार प्रदेश में गैस या पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। गैस वितरण में कुछ स्थानों पर तकनीकी कारणों से देरी की शिकायतें सामने आई हैं, जिसकी वजह गैस कंपनियों का सर्वर डाउन होना बताया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की गड़बड़ी की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- लोग घबराहट में न करें सिलेंडर बुकिंग

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि एलपीजी सिलेंडर की घबराहट में बुकिंग करने की जरूरत नहीं है और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए करीब 2.5 दिन का सामान्य आपूर्ति चक्र बरकरार है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित है और तेल को होर्मुज जलडमरूमध्य से इतर मार्गों के जरिए भी मंगाया जा रहा है। सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों के चलते देश में एलपीजी उत्पादन में 25% की वृद्धि हुई है। भारत करीब 40 देशों से कच्चा तेल आयात करता है। इसकी कच्चे तेल की दैनिक खपत करीब 55 लाख बैरल है। विविध स्रोतों से खरीद किए जाने से अब देश का लगभग 70 प्रतिशत कच्चा तेल आयात ऐसे मार्गों से हो रहा है जो होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर हैं, जबकि पहले यह अनुपात करीब 55 प्रतिशत था। शर्मा ने कहा कि फिलहाल तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के दो जहाज भारत की तरफ आ रहे हैं और अगले कुछ दिन में इनके पहुंच जाने से देश में ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति और मजबूत होगी।

## ब्रीफ न्यूज

### गेन बिटकॉइन घोटाला मामले में आयुष वार्ष्णेय को किया गया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 20,000 करोड़ रुपये के गेन बिटकॉइन मुद्रा घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल एवं डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने वार्ष्णेय के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किया था। वार्ष्णेय को सोमवार को देश से भागने की कोशिश करते समय मुंबई हवाई अड्डे से हिरासत में लिया गया। उसे मंगलवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई के अनुसार, डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल बुनियादी ढांचे को डिजाइन और विकसित किया था जो कथित फर्जी उद्यम गेन बिटकॉइन के परिचालन की रीढ़ था।

### जयशंकर और लावरोव ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की

**मॉस्को।** भारत और रूस के विदेश मंत्रियों, क्रमश: एस. जयशंकर एवं सर्गेई लावरोव ने बुधवार को टेलीफोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों मंत्रियों ने ईरान को लेकर स्थिति पर अपने विचार साझा किए और इसे शीघ्र ही स्थिति सामान्य होने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्थिति को शांत करने और सभी पक्षों के वैध हितों के संतुलन पर आधारित स्थायी समाधान प्राप्त करने की परिस्थितियों के निर्माण में एससीओ और ब्रिक्स की भूमिका का समर्थन करने पर भी जोर दिया।

### टेलीग्राम को 3,100 से अधिक चैनल निष्क्रिय करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को त्वरित संदेश मंच टेलीग्राम को कॉपीराइट कानून का उल्लंघन करने वाले 3,100 से अधिक चैनल को तीन घंटे के भीतर निष्क्रिय करने का निर्देश दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह पाया था कि इन चैनल पर कुछ सामग्री मालिकों, ओटीटी मंचों और निर्माताओं के स्वामित्व वाले या उनके लाइसेंस-प्राप्त कार्यक्रमों को बिना कानूनी अनुमति के साझा और वितरित की जा रही थीं।

# ईरान का बड़ा वार, होर्मुज में समुद्री पोतों व खाड़ी में हवाई अड्डे व तेल क्षेत्र पर दागे ड्रोन

## ट्रंप बोले- ईरान से जंग जल्द खत्म होगी, हमने सब तबाह कर दिया, हमले के लिए कुछ नहीं बचा

दुबई, एजेंसी

ईरान ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट बढ़ने और तेल-समृद्ध क्षेत्र पर दबाव बनाने के अपने अभियान को तेज करते हुए फारस की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया व दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाने के साथ खाड़ी देशों के तेल क्षेत्र को निशाना बनाया। ईरान के दो ड्रोन दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास गिरे। इस हमले में चार लोग घायल हुए हालांकि उड़ान परिचालन जारी रहा। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ जंग बेहतरीन चल रही है और यह जंग जल्द खत्म होगी क्योंकि हमने सब तबाह कर दिया है। अब वहां हमला करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है।

ईरान के संयुक्त सैन्य कमान ने पश्चिम एशिया में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निशाना बनाने की कवायद शुरू करने की घोषणा की। इससे विशेष रूप से दुबई, सऊदी अरब और बहरीन द्वीप समूह खतरे में पड़ सकते हैं। ईरान ने इजराइल पर सबसे बड़ा हमला कर अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। साथ ही धमकी दी है कि वह अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तरों और डेटा सेंटर्स को भी निशाना बनाएगा।




होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री पोत में लगी आग।

- भारत आ रहे थाई पोत पर हमला, ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर का रेस्क्यू किया, 3 लापता
- ईरान ने इजराइल पर किए बड़े हमले, अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं
- ईरान इजराइल में स्थित अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तरों और डेटा सेंटर्स को भी बना सकता है निशाना

### चीन बोला- हम खाड़ी देशों पर हो रहे हमलों से सहमत नहीं

चीन ने कहा है कि वह खाड़ी देशों पर हो रहे हमलों से सहमत नहीं है। ऐसे हमलों में आम लोगों और गैर-सैन्य जगहों को नुकसान पहुंच रहा है, जो ठीक नहीं है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिकों और जरूरी इमारतों को निशाना बनाना गलत है और इससे इलाके में तनाव और बढ़ सकता है। हालांकि चीन ने अपने बयान में किसी देश का नाम नहीं लिया।

इससे पहले, होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के तट पर थाइलैंड के एक मालवाहक जहाज पर एक मिसाइल गिरी, जिससे पोत में आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह पोत भारत आ रहा था। थाइलैंड के समुद्री विभाग के अनुसार, ओमान की नौसेना द्वारा 20 लोगों को बचाए जाने के बाद अधिकारी मयूरी नारी जहाज पर तैनात चालक दल के तीन लापता सदस्यों की तलाश कर रहे हैं। ईरान ने इस संकरे जलडमरूमध्य में माल ढुलाई को लगभग पूरी तरह रोक दिया है।

### 778 नाविकों के साथ 28 भारतीय जहाज फंसे

**नई दिल्ली।** फारस की खाड़ी में 28 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं, जिन पर 778 नाविक सवार हैं। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इनमें से 24 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी भाग में 677 नाविकों के साथ मौजूद हैं, जबकि चार जहाज चालक दल के 101 सदस्यों के साथ पूर्वी भाग में हैं। सिन्हा ने कहा, हम सभी जहाजों की सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। पोत परिवहन महानिदेशालय ने भारतीय ध्वज वाले सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा उपायों को अपनाने सहित 'रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल' का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

### दो भारतीयों की मौत एक लापता : जायसवाल


**नई दिल्ली।** युद्ध के दौरान वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमले में दो भारतीयों की मौत हो गई और एक लापता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी। कहा कि भारत खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है।

## बिरला के खिलाफ प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज

# सदन में शाह बोले- राहुल गांधी सदन में बोलना नहीं चाहते या उन्हें नियमानुसार बोलना नहीं आता

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- जो नियम से नहीं चलेंगे, उनका माइक बंद होगा, ये सदन मेला नहीं
- लोकसभा में विपक्ष पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह का जोरदार प्रहार



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आचरण और सदन की कार्यवाही में उनकी भागीदारी पर तीखी टिप्पणियां करते हुए बुधवार को विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि उन्हें निचले सदन में बोलने नहीं दिया जाता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए संकल्प पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने यह भी कहा, आप प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव लाइए। हम मुद्दों पर जवाब देंगे। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रस्ताव को मैं सामान्य बात नहीं मानता।

शाह के भाषण के बाद, सदन ने ध्वनिमत से विपक्ष के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता का यह आरोप सही नहीं है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। नेता प्रतिपक्ष की पार्टी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव लाई, उस पर भी वह नहीं बोले। वह बोलना ही नहीं चाहते। बोलना चाहते हैं तो नियमानुसार बोलना नहीं आता। यह कोई सभा (रैली) नहीं है, यहां नियमानुसार बोलना होता है। गृह मंत्री ने बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह बहुत अफसोसजनक घटनाक्रम है। उन्होंने कहा, जब सदन के मुखिया की निष्ठा पर सवाल उठाया जाता है तो दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की साख पर सवाल खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कांग्रेस सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा, जब आप सदन के संचालन के नियमों को नजरअंदाज करेंगे तो अध्यक्ष का दायित्व है कि ऐसे सदस्य को रोकें, टोकें और बाहर निकाल दें। शाह ने कहा कि भाजपा और राजग के विपक्ष में रहते अध्यक्ष के खिलाफ कभी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया और हमने हमेशा रचनात्मक विपक्ष के रूप में काम किया। शाह ने कहा, जो नियमानुसार नहीं चलेगा, उसका माइक बंद हो ही जाएगा, बंद हो ही जाना चाहिए।

# थाइलैंड में एअर इंडिया एक्सप्रेस का लैंडिंग के दौरान पहिया निकला, नोज गियर टूटा

**मुंबई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के बोइंग 737 मैक्स विमान ने बुधवार को थाईलैंड के फुकेट हवाई अड्डे पर हार्ड लैंडिंग की जिससे उसके आगे के दोनों पहिए अलग हो गए और नोज गियर टूट गया। विमान ने हैदराबाद से फुकेट के लिए उड़ान भरी थी।

एक अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को विमान से उतारकर टर्मिनल भवन ले जाया गया और कोई घायल नहीं हुआ है। बोइंग 737-मैक्स 8 में सवार यात्रियों की संख्या का तुरंत पता नहीं लगाया जा सका। रनवे पर विमान के फंसे होने के कारण हवाई अड्डे का संचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और विमान को खींचकर बे (हवाई अड्डे का वह हिस्सा जहां विमान को खड़ा किया जाता है) की ओर ले जाया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि फुकेट हवाई अड्डे पर विमान के आगे के पहिए में खराबी आ गई थी और चालक दल ने सभी मानक प्रोटोकॉल का पालन किया व यात्रियों को विमान से उतार लिया गया।



- फुकेट हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में कराई गई हार्ड लैंडिंग 133 लोग थे सवार

# ऊर्जा संकट पर मोदी बोले- अफवाहों पर मत दें ध्यान

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु), एजेंसी



- पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण रसाई गैस आपूर्ति में आई बाधा पर प्रधानमंत्री ने की अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोगों से अपील की कि वे पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण रसाई गैस आपूर्ति में आई बाधा के मद्देनजर अफवाहों पर ध्यान न दें और आग्रह किया कि केवल सत्यापित जानकारी ही प्रसारित की जाए।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी देशभर में होटल उद्योग को प्रभावित करने वाली व्यावसायिक एलपीजी की कमी और इस मुद्दे पर विपक्ष की आलोचना के साथ-साथ आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की संभावित किल्लत या कीमतों में उछाल की आशंकाओं के बीच आई है। मोदी ने यहां राजग की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तमिलनाडु में द्रमुक शासन की भी आलोचना की और कहा कि लोग ऐसी सरकार चाहते हैं जो हर परिवार के लिए काम करे, न कि केवल एक परिवार के लिए।

उन्होंने कहा, मैं लोगों से अपील करना चाहूंगा कि हम केवल सही और सत्यापित जानकारी ही फैलाएं। जाहिर तौर पर उनका इशारा खाड़ी क्षेत्र को प्रभावित करने वाले अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण आपूर्ति में व्यवधान से उत्पन्न एलपीजी संकट की ओर था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संघर्ष ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि हमारी सरकार हमेशा भारत के हितों को सर्वोपरि रखती है। मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि एक राष्ट्र के रूप में हम हर परिस्थिति का सफलतापूर्वक सामना करेंगे।

# मुख्यमंत्री से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के सीईओ रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। बैठक में उत्तर प्रदेश को एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख केंद्र बनाने की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

अतिथियों ने प्रदेश में निवेश के लिए तैयार हो रहे सकारात्मक औद्योगिक वातावरण की सराहना की। बैठक में लोहम कंपनी द्वारा प्रदेश में भारत की पहली 'रेयर अर्थ टू मैग्नेट' इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी चर्चा हुई। यह भी चर्चा हुई कि उन्नत मटेरियल साइंस के क्षेत्र में अनुसंधान और औद्योगिक उत्पादन को जोड़कर प्रदेश को एक नए तकनीकी केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। लोहम और नोवोसेलोव के सहयोग का मुख्य फोकस दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर है। पहला, टू-डी मटेरियल (जैसे ग्रैफीन) का उपयोग कर अगली पीढ़ी की लिथियम-आयन बैटरियों की क्षमता, सुरक्षा और आयु बढ़ाना।ग



### कौन हैं नोवोसेलोव

● विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता ● ग्रैफीन की खोज के लिए मिला नोबेल पुरस्कार ● उन्नत मटेरियल साइंस और नैनो टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञ ● वर्तमान में लोहम कंपनी के साथ स्ट्रैटेजिक एडवाइजर

## एनसीईआरटी पुस्तक विवाद | सुप्रीम कोर्ट ने 8वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पाठ्यक्रम शामिल करने के मामले में दिए सख्त निर्देश

# संबंधित लेखकों से खुद को अलग करें केंद्र और राज्य

- विवादित चैप्टर बनाने वाली प्रो. मिशेल को बैन करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



शीर्ष कोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि केंद्र व राज्य सरकारें एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब में विवादास्पद अध्याय तैयार करने में शामिल तीन विशेषज्ञों से अपना संबंध तोड़ लें।

कोर्ट ने इस अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर आपत्तिजनक सामग्री शामिल किए जाने को लेकर यह सख्ती बरती है। न्यायालय ने केंद्र सरकार को एक सप्ताह के भीतर विषय-विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का निर्देश दिया, ताकि एनसीईआरटी की कानूनी अध्ययन की पाठ्यचर्या को अंतिम रूप दिया जा सके, जो केवल आठवीं कक्षा ही नहीं, बल्कि उच्च कक्षाओं के लिए भी लागू होगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया गया कि यह अध्याय प्रोफेसर मिशेल डैनिनो की अध्यक्षता में बनी पाठ्यपुस्तक विकास टीम द्वारा तैयार किया गया था, जिसमें सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार सदस्य के रूप में शामिल थे। इस पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। पीठ ने कहा, प्रारंभ में हमारे पास यह संदेह करने का कोई कारण नहीं है कि प्रोफेसर मिशेल व उनके सहयोगी सुपर्णा तथा आलोक को भारतीय न्यायपालिका के बारे में उचित और पर्याप्त जानकारी नहीं है और/या उन्होंने जानबूझकर तथा सोच-समझकर तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है, ताकि छात्रों के सामने कोर्ट की नकारात्मक छवि पेश की जा सके। विवादित चैप्टर बनाने वाली प्रो. मिशेल को बैन करने के निर्देश दिए।

### पीठ का सरकार से ऐसे वेबसाइट व उन्हें चलाने वाले व्यक्तियों का विवरण मांगा

पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री समिति (एनएसटीसी) की संरचना पर भी फिर से विचार करना चाहिए, विशेष रूप से उन लोगों के संबंध में, जिनके साथ पाठ्यपुस्तक विकास टीम के सदस्यों द्वारा विवादित अध्याय को डिजिटल रूप से साझा किया गया था। अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि 26 फरवरी को इस मामले में आदेश पारित करने के बाद तथाकथित सोशल मीडिया पर कुछ तत्वों ने गैर-जिम्मेदाराना ढंग से कार्रवाई और प्रतिक्रियाएं दीं। पीठ ने कहा, हम दृढ़ता से मानते हैं कि समस्या का सीधे सामना किया जाना चाहिए। इसलिए हम भारत सरकार को निर्देश देते हैं कि ऐसे वेबसाइट और उन्हें चलाने वाले व्यक्तियों की पहचान करे और उनका पूरा विवरण हमें उपलब्ध कराए, ताकि हम उचित कार्रवाई कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक से टकराई बरात की बस, छह बराती हुए घायल



**मूंढापाण्डे, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर गनेशघाट के पास बुधवार सुबह बरात की बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर से बस में बैठे बरातियों में चीख पुकार मच गई और घटना में छह लोग घायल हो गए। जिसमें दो लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जबकि चार लोगों के मामूली चोटें आई है। निजी बस बहराइच से बारात लेकर मेरठ जा रही थी। इसी दौरान सुबह गनेशघाट के पास आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम को खुलवाया। बहराइच के चालक सनी गुप्ता, सुनील को सीएचसी मूंढापांडे मे भर्ती कराया। अन्य लोग गुम चोटें होने के कारण मरहम पट्टी कराकर घर भेज दिया।

### सड़क हादसे में कई लोग गंभीर घायल

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र गांव असदपुर के पास बुधवार रात करीब 8 बजे एक कार के सामने नीलगाय आ गई। जिससे हादसे में कार में सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि हादसा इतना जोरदार था कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन शुरुआती जांच में पता चला है कि नीलगाय अचानक सड़क पर आ गया था, जिससे ड्राइवर कार को रोक नहीं पाया था। जिसमें कार नियंत्रित हो गई और कार में सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

### घर छोड़ने के बहाने टेंपो चालक ने किया दुष्कर्म

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रुद्रपुर उत्तराखंड के एक मोहल्ला निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें उसने बताया कि बीते 7 मार्च की शाम को पति से अनबन होने के बाद वह गुस्से में घर से निकल गई थी। रास्ते में मिली एक पड़ोसी महिला ने उसे मायके कोटा अलीनगर जाने के लिए एक टेम्पो में बैठा दिया और चालक से उसे चीनी मिल के पास छोड़ने को कहा। आरोप है कि टेंपो चालक पीड़िता को अपने घर ले गया और वहां दुष्कर्म किया। इसके बाद नैनीताल हाईवे स्थित चीनी मिल के पास छोड़कर भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टेंपो के नंबर के आधार पर चालक की जानकारी जुटाई जा रही है।

### दुराचार का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** मझोला क्षेत्र की युवती ने हासमपुर चौराहे के निवासी नदीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी नदीम काफी समय से व्हाट्सएप से बात करता था। उसके बाद मिलकर काफी दिनों तक शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। शादी का दबाव बनाया तो मना करने लगा। इस बीच गर्भवती होने पर आरोपी ने जबरदस्ती दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। इसका विरोध करने पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दुराचार की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

### उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा को कसी कमर

# अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए दुरुस्त करें व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **पुलिस लाइन सभागार में डीएम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों की समीक्षा की**

**अमृत विचार:** पुलिस उप निरीक्षक व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए जिले में 28 केंद्रों पर दो दिवसीय लिखित परीक्षा कराई जाएगी। इसकी तैयारी में जिला व पुलिस प्रशासन जुटा है। बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में हुई बैठक में तैयारियों व व्यवस्था की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस लाइन सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ परीक्षा की व्यवस्था और तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए यातायात व सुरक्षा व्यवस्था कड़े रखने का निर्देश दिया। यह परीक्षा 14 और 15 मार्च को 28 केंद्रों पर कराई जाएगी। दोनों अधिकारियों ने सभी को तैयारियों में कोई कसर न रखने के लिए कहा। शहर में इसके चलते यातायात प्रबंध सुचारू बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिया।



पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों के संग बैठक करते जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक। • अमृत विचार

अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने बताया कि दो दिवसीय परीक्षा के लिए जिले में 28 केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए 28 सेक्टर और 28 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा दोनों दिन दो पाली में होगी। दोनों दिन के चार पालियों में मिलाकर कुल 45,120 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं।

# निवर्तमान बसपा जिलाध्यक्ष प्रमोद निरंकारी पार्टी से निष्कासित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दो बार मंडल प्रभारी और तीन बार बसपा जिलाध्यक्ष रहे एडवोकेट प्रमोद कुमार निरंकारी को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने व अनुशासनहीनता के चलते निष्कासित कर दिया गया है। हाल में ही उनकी जगह दिनेश गौतम को रामपुर का बसपा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में 35 चमरव्वा विधानसभा प्रभारी थे।



एडवोकेट प्रमोद निरंकारी।

जिलाध्यक्ष दिनेश गौतम द्वारा निष्कासन पत्र में लिखा है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों व अनुशासनहीनता पर कई बार चेतावनी भी दी जा चुकी है। लेकिन सुधार नहीं आया है। जिसकी वजह से आज निष्कासित कर दिया गया है।

### बहनजी को गुमराह कर रहे कुछ लोग

निष्कासन के बाद प्रमोद निरंकारी ने कहा कि बहनजी को कुछ लोगों ने गुमराह कर रखा है। रामपुर में पार्टी को कुछ लोगों के हाथों में दे दिया गया है। जो अन्य पार्टियों से साठगांठ रखते हैं। इस बात का हमने विरोध किया था। उनका आरोप है कि मुरादाबाद मंडल में वर्तमान के मंडल प्रभारी मिशन मूवमेंट को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। बहनजी को ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई करनी चाहिए। बहनजी हमारी नेता हैं, उनका आदेश हमेशा मान्य है। उन्होंने कहा कि निष्कासित होने के बाद भी समाजिक दायित्व निभाते रहेंगे।

# अमेरिका-इजरायल-ईरान में युद्ध के चलते गहराया एलपीजी संकट

### सिलेंडर बुक करने के लिए 25 दिन की नई गाइडलाइन ने बढ़ाई उपभोक्ताओं की परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच युद्ध का असर भारत पर भी पड़ रहा है। घरेलू रसोई गैस की कीमतों में 60 रुपये की बढ़ोत्तरी के बाद उसकी आपूर्ति का संकट गहरा रहा है। घरों में गैस सिलेंडर खत्म होने से पहले ही हर उपभोक्ता उसे भराने में लगा है। हालांकि सरकार के आदेश पर आयल कंपनियों ने बुकिंग के नये नियम लागू कर दिया है। जिससे 25 दिन से पहले गैस की बुकिंग न होने से लोग मुश्किल में पड़ गए हैं। यह स्थिति मंडल के सभी जिलों में बनी हुई है।

जिन उपभोक्ताओं के पास केवल एक कनेक्शन, उनके सामने संकट सबसे अधिक है। गैस कब खत्म हो जाए इससे उनकी चिंता बढ़ गई है। वहीं दो सिलेंडर रखने वाले भी उसे भराने के लिए बुकिंग कर रहे हैं लेकिन पिछली रिफिलिंग के बाद 25 दिन के नियम ने उनको चक्कर में डाल दिया है। समस्या यह है कि यदि गैस सिलेंडर खत्म हो गया तो वह किस पर खाना पकाएंगे। वहीं, अनाधिकृत तरीके से छोटा गैस सिलेंडर रिफिल करने वाले भी अवसर का लाभ लेने में जुट गए हैं।



दिल्ली रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाते लोग। • अमृत विचार

- **घरेलू व कामर्शिलय गैस सिलेंडर के महंगा होने से बढ़ी परेशानी**

ऐसे दुकानदारों ने 30 रुपये प्रति किलो दाम बढ़ा दिए हैं। अब चार किलो के छोटे गैस सिलेंडर की रिफिलिंग के लिए 90 की जगह 120 रुपये प्रति किलो का रेट ले रहे हैं। इस अवसर से छोटे सिलेंडर रिफिल करने वालों की चांदी हो गई है। हालांकि, सरकार के सख्त संदेश के बाद रिफिलिंग का काम चोरी छिपे चल रहा है। वहीं, गैस एजेंसियों के हाकर भी बुक सिलेंडर दूसरों को बेचकर मुनाफा कमाने में जुट गए हैं। वहीं, पेट्रोल पंपों पर भी लोग पेट्रोल डीजल लेने में जुट गए हैं। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर किसी भी प्रकार के संकट से इनकार किया जा रहा है।

### सिलेंडर की किल्लत की अफवाह से बढ़ी परेशानी

**गजरौला,अमृत विचार :** बुधवार को गजरौला में भारत गैस एजेंसी के कार्यालय के बाहर गैस सिलेंडर रिफिल कराने आए ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। कई लोगों ने सिलेंडर की आपूर्ति में देरी को लेकर एजेंसी के भीतर नाराजगी जताते हुए हंगामा भी किया। गजरौला में घर-घर सिलेंडर पहुंचाने वाले डिलीवरी मैन के मोबाइल फोन भी बंद आ रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ गई है। चर्चा और आफवाह से आम लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। खासकर गृहिणियां काफी चिंता में हैं। जिन परिवारों के पास एक या दो ही सिलेंडर हैं, वे रिफिल न होने के कारण इधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं। उधर, इस स्थिति के बीच बाजार में बिजली से चलने वाले इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। कई लोग संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए इंडक्शन चूल्हे खरीदते दिखाई दे रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।

### गैस एजेंसियों पर पहुंचे अधिकारी, स्टॉक सत्यापन कर देखा बैकलॉग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच खाड़ी देशों की वर्तमान वैश्विक स्थिति में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराने और कालाबाजारी व जमाखोरी पर नियंत्रण के लिए बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर टीमों ने गैस वितरक एजेंसियों पर पहुंच कर जांच की। रास्ते में जा रहे गैस लदे वाहन को भी रोक कर चेक किया। जिला आपूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि बिलारी गैस एजेंसी बिलारी, राष्ट्रीय भारत गैस एजेंसी ईंधनपुर नगला, मेसर्स रिलायंस गैस एजेंसी पीलीकोठी मुरादाबाद, मेसर्स रजा गैस एजेंसी सूरजनगर, मेसर्स सीजेएचएम कांठ, हरिकृपा गैस एजेंसी डिलारी, मो. शफी इंडेन वितरक ठाकुरद्वारा, सुगंध एचपी गैस एजेंसी ग्राम नवादा, शिव साईं भारत गैस ठाकुरद्वारा की मौके पर पहुंच कर जांच की गई। मौके पर मिले उपभोक्ताओं का बयान भी लिया गया। एजेंसियों पर स्टॉक सही पाया गया। अधिक दिनों का बैकलॉग नहीं पाया गया। निर्देश दिया गया कि किसी प्रकार की जमाखोरी व कालाबाजारी नहीं होना चाहिए। अन्यथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कराते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सिलेंडर के लिए एजेंसी पर धक्का-मुक्की



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रसोई गैस के दाम में करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी के साथ ओटीपी व केवाईसी अनिवार्य करने की नई सरकारी गाइडलाइन ने आम लोगों की रसोई का गणित बिगाड़ दिया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि जो सिलेंडर कभी घर की दहलीज तक पहुंचता था, अब उसे पाने के लिए उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी के काउंटर तक धक्का-मुक्की करनी पड़ रही है। बुधवार को ठाकुरद्वारा काशीपुर रोड स्थित भारत गैस एजेंसी, बाजार गंज स्थित भारत गैस एजेंसी, रतुपुरापुरा रोड स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ता काउंटर पर एकत्र हो गए ओटीपी व केवाईसी पूरी कराने के लिए घंटों इंतजार करते रहे। कई मायूस होकर लौट गए। लोगों का कहना है कि पहले गैस सुविधा को आसान बनाने के नाम पर सब्सिडी, ऑनलाइन बुकिंग और घर-घर डिलीवरी का बड़ा प्रचार किया था। उस समय दावा किया गया था कि अब रसोई गैस के लिए किसी को भटकना नहीं पड़ेगा। लेकिन नई गाइडलाइन लागू होते ही वही उपभोक्ता अब फिर से एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर हो गए हैं। महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रसोई गैस जैसी जरूरी चीज के लिए इतनी जटिल प्रक्रिया बना दी गई है कि सिलेंडर लेना सरकारी फाइल पास कराने जैसा लगने लगा है। क्षेत्र के कई परिवारों का कहना है कि समय पर सिलेंडर न मिलने के कारण कई घरों में चूल्हा तक नहीं जल पाया।

# ईरान पर हमले के विरोध में उतरी एसयूसीआई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **मंडलायुक्त कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक शांति मार्च निकाला, युद्ध रोकने की मांग**

**अमृत विचार :** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया कम्युनिस्ट (एसयूसीआई) ने अमेरिका इजरायल के द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध करने का कड़ा विरोध किया। मंडलायुक्त कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक शांति मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। युद्ध में लोगों की मौत को मानवता के खिलाफ बताते हुए

संगठन के लोगों ने कहा अमेरिका और इजरायल ईरान पर हमला तुरंत रोके। युद्ध के खिलाफ शांति आंदोलन तेज होना चाहिए। कहा कि अमेरिका दूसरे देशों की खनिज संपदा हड़पने के लिए युद्ध थोपना बंद करे। क्योंकि इन हमलों में अकारण लोगों को मारा जा रहा है। युद्ध के दुष्परिणाम के चलते आज रसोई गैस संकट खड़ा हो गया है, इसकी कीमतें बढ़ने से पूरा देश परेशान है।

इस दौरान पार्टी के राज्य सचिव कामरेड विजय पाल सिंह, हरकिशोर सिंह, अविनाश चंद्र, रंजन नंदा, नसीम वारसी, श्याम सुंदर, रूबी खान, रामकिशोर आदि मौजूद रहे।




ईरान इजरायल अमेरिका युद्ध रोकने के लिए ज्ञापन देते एस यू सी आई के कार्यकर्ता।

### ईरान संकट के बीच निर्यातकों को मिल सकती है बीमा मदद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान से जुड़े संकट के बीच केंद्र सरकार निर्यातकों को राहत देने के लिए नई बीमा सहायता योजनाओं पर विचार कर रही है। इसके लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह रोज हालात की निगरानी कर रहा है और निर्यातकों से लगातार संवाद बनाए हुए है। मेटल हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेद उर रहमान ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण बीमा प्रीमियम में अचानक वृद्धि, कंटेनर की कमी और समुद्री मार्गों में अनिश्चितता से एमएसएमई निर्यातकों की लागत और जोखिम दोनों बढ़ गए हैं। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद का हैंडीक्राफ्ट सेक्टर, जो देश के हस्तशिल्प निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देता है, इस संकट से सीधे प्रभावित हुआ है। कई निर्यातकों के शिपमेंट रास्ते में फंसे हुए हैं, जिससे भुगतान चक्र प्रभावित हो रहा है। यदि इसीजीसी के माध्यम से विशेष जोखिम कवरेज और प्रीमियम में राहत दी जाती है, तो इससे हजारों कारीगर परिवारों और एमएसएमई इकाइयों को बड़ी राहत मिल सकती है।

## बरेली से दिल्ली के लिए एक और रेल सेवा जल्द

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** 14 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पश्चिम बंगाल के दौरे के रेलवे से जुड़े कई परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। जिसमें पुरुलिया से आनंद विहार दिल्ली के बीच एक नई रेल सेवा की शुरुआत से मुरादाबाद रेल मंडल के यात्रियों को भी सहूलियत मिलेगी।

रेल प्रशासन के अनुसार पुरुलिया- आनंद विहार (दिल्ली) की ट्रेन पुरुलिया से चलकर रामगढ़, रांची, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, रोहतास, कैमूर, चंदौली, वाराणसी,अयोध्या, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद होते हुए आनंद विहार पहुंचेगी।

यह ट्रेन पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए दिल्ली से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। जिससे युवा वर्ग, व्यापारी वर्ग को लाभ होगा।

# होटल वालों को मिल रहा पांच किलो का कामर्शियल सिलेंडर



लकड़ी की भट्टी पर रोटी बनाता कारीगर। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** होटलों और रेस्टोरेंट में लकड़ी और कोयले की भट्टी पर व्यंजन तैयार हो रहे हैं। होटल वालों को पांच किलो वाला कामर्शियल सिलेंडर दिया जा रहा है, जबकि पूरे दिन में औसतन 15 किलो गैस खर्च होती है।

गैस की किल्लत के चलते होटल और रेस्टोरेंट संचालक पुरानी डगर पर लौट आए हैं। होटल और रेस्टोरेंट स्वामियों ने कोयले और लकड़ी की भट्टियों पर रोटी और सब्जियां बनाना शुरू कर दिया है। गैस ने आदत बिगाड़ दी है अब लकड़ी के चूल्हों और कोयले की भट्ठियों पर काम करना मुश्किल हो जाएगा। घरेलू गैस कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को ही ओटीपी से मिलेगी। गैस की किल्लत होने पर अमृत विचार ने होटल और रेस्टोरेंट संचालकों से बातचीत की।

कार्यक्रम | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सेमिनार आयोजित

# अपनी प्रतिभा से पहचान बना रहीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मनन सभागार में सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक मोनिका अग्निहोत्री का मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने फ्लॉवर पॉट भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने महिलाओं की कार्यक्षमता,नेतृत्व क्षमता और रेलवे के संचालन में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही है और भारतीय रेल भी इस दिशा में निरंतर प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।

मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की भागीदारी और उनकी उपलब्धियां संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। महिला कर्मचारियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा अपने कौशल का निरंतर विकास करने के लिए प्रेरित किया।



सेमिनार में उपस्थित मोनिका अग्निहोत्री प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधकव व मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती विनीता श्रीवास्तव।

- **मुख्य अतिथि ने महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर**

डॉ. माधुरी सिंह, सेक्रेटरी, सृजन भारती ने समाज में महिलाओं की भूमिका तथा उनके सशक्तिकरण पर जोर दिया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) ऋचा शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक इन्द्रजीत कौर आदि ने नारी सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला। महिला कर्मचारी दीप्ति पवार ने कविता "जागो मातृ शक्ति जागो मुक्ति मुक्ति भक्ति जागो " मधुरिका मैसी ने गीत "रहे ना रहें हम,महका करेंगे बन के जहां से सभी को प्रभावित किया। रेल मंडल के अलग-अलग विभागों की महिला कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि व डीआरएम ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# सियासी गलियारों में फिर ललित कौशिक का नाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलीं पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक की पत्नी**
- **राजनीतिक चर्चाओं ने पकड़ा जोर, चुनाव से पूर्व ब्राह्मण कार्ड खेलने की तैयारी**

**अमृत विचार :** पिछले दिनों में हुए घटनाक्रम के कारण जनपद में में राजनीतिक माहौल एक बार फिर से गरमाने लगा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक की पत्नी के अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद से राजनीतिक गलियारों में न केवल हलचल है, बल्कि सोशल मीडिया के चलते आम लोगों की भी खूब चर्चा हो रही है। पूर्व ब्लाक प्रमुख की पत्नी ने उनके पति को राजनीतिक विद्वेष से फंसाए जाने की आरोप लगाया है।

मुरादाबाद के प्रमुख चार्टर्ड अकाउंटेंट से एक सीए श्वेताभ तिवारी की 15 फरवरी 2023 को दिल्ली रोड पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस प्रकरण की लंबी जांच चली थी। प्रकरण में हत्या के आरोपियों के साथ ही प्रमुख साजिश कर्ता के तौर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए गए थे। इसके साथ ही कुशांक हत्याकांड सहित अन्य कई वारदातों में भी ललित कौशिक को साजिशकर्ता बनाया गया।



अखिलेश यादव से मिले पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक की पत्नी और बच्चे।

एक के बाद एक कर कई मुकदमे दर्ज हुए। ललित कौशिक के जेल जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा रही और कई नाम इस प्रकरण में गूंजे। करीब तीन साल से जेल में बंद होने के बाद उनके परिजन कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। मंगलवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख की पत्नी सुषमा कौशिक ने दोनों बेटियों के साथ लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। उन्हें अपने परिवार की पीड़ा और परेशानियों के बाद में बताया। उन्हें न्याय दिलाने में सहयोग की मांग की। बताया कि उनके पति को राजनीतिक द्वेष और प्रतिशोध की भावना से वर्तमान सरकार द्वारा साजिशन 26 मुकदमों में फंसाकर वर्षों से जेल में रखा गया है। अखिलेश यादव ने उन्हें सहयोग का भरोसा दिलाया।

### मुलाकात के बाद से चर्चाओं ने पकड़ा जोर

सुषमा कौशिक की सपा अध्यक्ष से मुलाकात की फोटो और खबर को सोशल मीडिया पर खूब प्रसारित किया गया। इसके बाद राजनीतिक तौर पर इस मामले की खूब चर्चा है। कारण यह है कि ललित कौशिक भाजपा के नेता रहे थे और वह विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए दावेदारी कर चुके थे। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए यह मुलाकात गढ़े मुद्दे को उखाड़ने ब्राह्मण वाद से जोड़कर उछालने की तैयारी की जा रही है। हालांकि, अभी इस मुद्दे पर सपा के स्थानीय नेता भी चुप्पी साधे हुए हैं।



**इफ्तार** 12 मार्च
सुन्नी : 6:24
शिया : 6:35

**सहरी** 13 मार्च
सुन्नी : 5:04
शिया : 4:59

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** नेकी करो, जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करो।

## आज व कल ग्राम चौपाल में अधिकारी सुनेंगे किसानों की समस्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में चकबंदी विभाग की ओर से ग्राम चौपाल लगाकर किसानों की शिकायत व समस्याएं निस्तारित की जानी है।

ग्राम पीपलसाना में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी की उपस्थिति में 12 मार्च को दोपहर 3:00 बजे और ग्राम अहीर ऐहतमाली में उप संचालक चकबंदी की उपस्थिति में 13 मार्च को इसी समय पर ग्राम चौपाल आयोजित होगी। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राजेन्द्र राम ने बताया कि चकबंदी आयुक्त के निर्देश पर जिले के गांवों में किसानों का फीडबैक प्राप्त कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए ग्राम चौपाल लगाई जा रही है।

### कंजरी व बाला की सराय, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली, कांठ व रामपुर रोड पर कार्रवाई

# टैक्स के बड़े बकाएदारों पर शिकंजा, कई की संपत्ति सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **75 लाख, 64 हजार 344 रुपये की राशि वसूली, 20 भवन सील**

**अमृत विचार :** मार्च के महीने में नगर निगम के गृहकर व जलकर का बकाया टैक्स जमा न करने वालों पर टैक्स अनुभाग की टीमों ने कार्रवाई की। कई बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान सहित 20 भवनों को सील कर टीम ने 75,64,344.00 रुपये का बकाया राजस्व वसूल किया।

वर्तमान वित्तीय वर्ष के आखिरी महीने में गृहकर व जलकर के बड़े बकाएदारों पर नगर निगम का चाबुक चल रहा है। बुधवार को टीमों ने 1,42,840.36 रुपये के बकाएदार बाला की सराय निवासी जयप्रकाश का प्रतिष्ठान सील कर दिया। इसके अलावा टीम ने गोपाल सरन, कोठीवाल, कंजरी की सराय का प्रतिष्ठान 10,7 8, 01.83 रुपये के बकाए और सुरेश कुमार भाटिया, कंजरी की सराय के प्रतिष्ठान को 1,02,715. 49 रुपये और मुन्नी देवी पत्नी आरएन यादव, बाला की सराय के ऊपर 29,7,593.76 रुपये और दिनेश कुमार सचदेवा, सागर सराय पर 1,76,233 रुपये के बकाएदारी के चलते प्रतिष्ठान व भवनों को सील करने की कार्रवाई की गई। वहीं टीम ने जगमोदन, सब्बरवाल, गांधी नगर पर 3,69,103 और जावेद हुसैन, मुगलपुरा-2 पर टैक्स के 5,39,876 रुपये के बकाएदारी के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिया। इसके अलावा टीम ने अमतुल्य इण्टर प्राईजेज, असालतपुरा पर 14,50,262 रुपये बकाया था, जिसमें से 7,00,000 रुपये जमा कराने के बाद प्रतिष्ठान सील कर दिया।

वहीं अन्य बकाएदारों के साथ ही मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली, कांठ और रामपुर रोड आदि पर स्थित 20 भवनों की सीलिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीमों ने 75,64,344.00 रुपये का बकाया टैक्स की धनराशि वसूल की। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी,मंगल सिंह पापड़ा और सभी राजस्व निरीक्षक/कर संग्रहकर्ता और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।



बकाएदारों की संपत्ति सील करते नगर निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

## एकता चौक पर 30 करोड़ की भूमि मुक्त कराई

निगम की संपत्ति टीम ने सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए राष्ट्रीय एकता चौक (पीली कोठी) पर स्थित एक 30 करोड़ कीमत की भूमि को खाली कराकर कब्जे में लिया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि राजस्व ग्राम छावनी की गाटा संख्या 431. क्षेत्रफल लगभग 610 वर्ग मीटर भूमि के राजस्व अभिलेखों का परीक्षण करने पर यह सामने आया कि यह भूमि नगर निगम के नाम कागजों में दर्ज है। इसके बाद उनके निर्देश पर निगम की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच कर पिलर लगाकर भूमि की तारबंदी की। संपत्ति को विधिवत अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया। महानगर के हृदयस्थल पर स्थित इस भूमि की अनुमानित बाजार कीमत करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई है। नगर आयुक्त ने कहा कि निगम की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### आलू उत्पादक और विक्रेता सम्मेलन 13 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वर्तमान सत्र में किसानों द्वारा उत्पादित आलू के भंडारण, बाजार मूल्य एवं विपणन के संबंध में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात की अध्यक्षता में 13 मार्च को सर्किट हाउस सभागार में मुरादाबाद, बरेली, मेरठ एवं सहारपुर के आलू उत्पादक, विक्रेता, आलू व्यापारी /ट्रेडर्स, शीतगृह स्वामियों व अधिकारियों के साथ क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित होगा। उप निदेशक उद्यान विनीत कुमार ने जानकारी दी।

### दुकान जा रहे युवक का ईंट मारकर सर फोड़ा

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ क्षेत्र के ग्राम कुम्हरिया जुमला निवासी अशोक कुमार पुत्र नरेश 10 मार्च को करीब 2:00 बजे घर से दुकान पर सामान खरीदने जा रहा था। रास्ते में गांव के ही दीपक, मनोज पुत्रगण बलवीर सिंह ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उससे मारपीट की और ईंट उसके सिर में मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घायल को लेकर परिजन थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भेजकर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में प्रदर्शन

**बिलारी,अमृत विचार :** बुधवार को भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ सहित 15 संगठन आदि ने विरोध प्रदर्शन किया। बताया कि प्रदर्शन चार चरणों में प्रस्तावित है। प्रथम चरण के तहत शिक्षक की पाती प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा को पोस्टकार्ड व ईमेल के माध्यम से शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने का निवेदन किया। वही अनिवार्यता खत्म करने की मांग भी उठाई। जिला अध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा ने कहा कि अभियान में सभी सहयोग दें।

### किसान से मारपीट, घर में घुसकर तोड़फोड़

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा निवासी राजपाल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 1 मार्च की सुबह वह अपने खेत पर टहलने गया था। आरोप है कि उसी दौरान गांव के यशपाल सिंह पुत्र रामसरन और संजय उर्फ काले उसके खेत की मेढ़ पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ उखाड़ रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, जिसके बाद वह अपने घर लौट आया। आरोप है कि कुछ देर बाद यशपाल और संजय अपने साथ गौरव व परिवार के लोगों को लेकर उसके घर में घुस आए और उसे व परिजनों को पीटा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# सीएम ग्रिड के कार्यों की सुस्ती पर नगर आयुक्त ने लगाई फटकार

### कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम (सीएम ग्रिड) के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह चौक से केल्टन स्कूल तक मार्ग के समेकित विकास के लिए परियोजना के प्रथम चरण के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अधिकारियों के साथ किया। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाकर कार्रवाई की चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कार्यों में सुस्ती देखी। जिस पर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि शहर के विकास से जुड़े कार्यों में लापरवाही, ढिलाई या गुणवत्ता से समझौता क्षम्य नहीं है। उन्होंने कहा कि 31 मई तक कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। योजना के अन्तर्गत नाला निर्माण, डिवाइडर निर्माण और सड़क से संबंधित प्रारंभिक कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। नगर आयुक्त ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति और निर्माण की तकनीकी स्थिति देखी।कहा कि परियोजना को तेजी से बढ़ाएं जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात एवं सुगम आवागमन की सुविधा जल्द मिल सके। नगर आयुक्त ने कहा यह शासन की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसमें आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल रोड विकसित की जा रही है। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को हर हाल में 31 मई तक प्रथम चरण का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता में कमी मिलेगी तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे। इस दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के अलावा अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



सीएम ग्रिड के कार्य के निरीक्षण के दौरान निर्देश देते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

### यह मिलेंगी सुविधाएं

- पार्किंग, ओवरहेड वॉयर, वेंडिंग जोन, अंडरग्राउंड केबिल, ड्रेनेज की बेहतर व्यवस्था जिससे भविष्य में सीवर पाइपलाइन को सड़कों की खोदाई करने से मुक्ति मिलेगी
- केबिल व अन्य सुविधाओं को भूमिगत किया जाएगा। जैसे गैस पाइपलाइन, सीवरेज पाइपलाइन आदि के लिए पहले से ही पाइप डालने की व्यवस्था रहेगी।
- ग्रीन बेल्ट, रोड साइड प्लाजा, मार्ग के दोनों ओर डेडिकेटेड वेंडिंग जोन, स्ट्रीट लाइट, फुटपॉथ की व्यवस्था, पार्किंग सुविधा व अन्य कई जनोपयोगी सुविधा

### 25 करोड़ की लागत से हो रहा 1:5 किमी सड़क का निर्माण

नगर विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) के अन्तर्गत 25 करोड़ रुपये की लागत से चौधरी चरण सिंह चौक से लेकर केल्टन स्कूल तक 1.5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) के अंतर्गत चयनित चौधरी चरण सिंह चौक से केल्टन स्कूल तक की सुविधायुक्त सड़क निर्माण का कार्य कार्यदायी संस्था आरसीसी डेवलपर्स करा रही है। इसकी निगरानी अर्बन रोड डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर अथॉरिटी (यूरिडा) की ओर से किया जा रहा है।

## वेस्ट कलेक्शन के लिए 10 नए वाहन मिले

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर के नागरिकों को स्वच्छ, व्यवस्थित, बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निगम प्रशासन ने एक और कदम बढ़ाया। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 10 नये वाहन शामिल किए गए।

डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य कर रही संस्था अर्बन एज प्राइवेट लिमिटेड को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अपने संसाधनों को बढ़ाने का निर्देश दिया था। जिसके क्रम में संस्था ने 10 नए वाहनों को बेड़े में शामिल कर कचरा संग्रहण कार्य में लगा दिया। जिससे व्यवस्था को नई गति मिलेगी। नगर आयुक्त ने कहा कि निगम प्रशासन स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। नागरिकों से अपील है कि वाहनों में ही कचरा दें जिससे शहर को और स्वच्छ बनाने में सहयोग मिले।

# फर्जी फेडरेशन बनाकर खिलाड़ियों से वसूली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **जिला ताइक्वांडो संघ ने डीएम व क्रीड़ाधिकारी से की कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार :** ताइक्वांडो खेल के नाम पर फर्जी संस्था बनाकर खिलाड़ियों और अभिभावकों से वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली का आरोप है कि संस्था द्वारा मुरादाबाद और चंदौसी में अवैध रूप से गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इस संस्था से जुड़े एक ताइक्वांडो कोच को 2023 में जिला ताइक्वांडो संघ के विरुद्ध कार्य करने और बालिका खिलाड़ियों के साथ अनुचित व्यवहार के आरोप में निष्कासित किया जा चुका है। आरोप है कि अब वह कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर ताइक्वांडो खेल के नाम पर फर्जी तरीके से गतिविधियां चला रहे हैं। पहले यह उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ से क्लब एफिलिएशन लेकर काम कर रहा था, लेकिन वहां से भी निलंबित कर दिया गया। जिला संघ का आरोप है कि यह संस्था प्रवेश शुल्क, मासिक फीस और बेल्ट प्रमोशन के नाम पर वसूल रही है। जारी किए जा रहे प्रमाणपत्र मान्य नहीं हैं। इस संबंध में डीएम और क्रीड़ाधिकारी से फर्जी संस्था की गतिविधियों पर रोक लगाने, खिलाड़ियों और अभिभावकों को ठगी से बचाने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## जेई पर आरोप, ठेकेदार के बयान के बाद बढ़ेगी जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पाकबड़ा क्षेत्र में एमडीए के जेई पर निर्माणाधीन बिल्डिंग पर काम कर रहे मजदूरों से मारपीट के आरोपों की जांच में ठेकेदार का बयान दर्ज होना है। मंडलायुक्त के निर्देश पर प्रकरण की जांच सिटी मजिस्ट्रेट और एक पुलिस अधिकारी कर रहे हैं।

पिछले सप्ताह दिल्ली रोड पर पाकबड़ा थाना क्षेत्र में लोधीपुर राजपूत निवासी कंस्ट्रक्शन ठेकेदार सुनील के द्वारा शोरूम निर्माण कराया जा रहा था। ठेकेदार ने आरोप लगाया था कि एमडीए के एक जेई, अपने एक सहयोगी और कुछ सिक्योरिटी गार्ड के साथ उसके साईट पर पहुंचे थे। आरोप लगाया कि जेई ने काम कर रहे मजदूरों को पीटना शुरू कर दिया। इससे मजदूरों में भगदड़ मच गई। बचने की कोशिश में उसके दो मजदूर छत से नीचे गिर गए थे जिसमें उन्हें चोट लगी थी। घायल मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामला तूल पकड़ने पर मंडलायुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडेय और सीओ हाईवे राजेश कुमार को जांच करने का आदेश दिया था। जांच अधिकारियों के अनुसार ठेकेदार को बयान के लिए बुलाया गया था, बयान दर्ज करने के आधार पर जांच आगे बढ़ेगी। हालांकि मजदूरों को चोट लगी है लेकिन इसका कारण जांच पूरी होने के बाद ही पता चलेगा।

# छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों से खराब हो रही जिले की रैंक, तत्काल अग्रसारित करें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **जिन कॉलेजों में बड़ी संख्या में आवेदन छूटे हैं उनकी मान्यता रद्द करने के लिए पत्र भेजें**
- **जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक जुटे अधिकारी**

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षण संस्थान स्तर पर छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों पर कार्रवाई के संबंध में बैठक हुई। उन्होंने आवेदनों के विभिन्न कॉलेजों में लंबित होने से जिले की रैंक खराब होने पर चिंता जताई। कहा कि लंबित आवेदनों को तत्काल अग्रसारित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग के जिन छात्र-छात्राओं का समय रहते आवेदन पत्र अग्रसारित नहीं किया गया है उनसे बात करें। कॉलेजों को बार-बार रिमाइंडर भेजने के बाद भी आवेदन अग्रसारित न करने/आवेदन अपने स्तर पर ही लंबित रखने की डिग्री कॉलेजों की कार्यप्रणाली पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। कहा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें।

उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन छात्र/छात्राओं के आवेदन अग्रसारित नहीं किए गये हैं, उनसे पहले बात कर बयान दर्ज कराएं, जिन कॉलेजों में बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति के आवेदन छूटे हैं उनकी मान्यता रद्द करने के लिए पत्र भेजें। जिलाधिकारी ने सुखदेई स्मारक महाविद्यालय ठाकुरद्वारा, महावीर कॉलेज वीजना, आईएफटीएम, केजीके कॉलेज, टीएमयू, अभय शिक्षा निकेतन कन्या कॉलेज, हैबिट मुस्लिम कॉलेज, जेएम पब्लिक कॉलेज, बंशीसिंह मेमोरियल कॉलेज, मुरादाबाद मुस्लिम डिग्री कॉलेज, हरि मंगल विद्यालय के प्रबंध को निर्देश दिया कि लंबित छात्रवृत्ति आवेदन को ततकाल अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं कॉलेजों के प्रबंधक/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री की मां को लेकर बयान देने वाले मौलाना की हो गिरफ्तारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कहा कि मौलाना अब्दुल्ला सलीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की थी। ऐसे मौलाना पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ. सूरज सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के बाद डीएम को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा। कहा कि मौलाना के बयान से हिंदू जनमानस में आक्रोश है। मांग उठाई कि आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान मीनाक्षी गुप्ता, धर्मेन्द्र शर्मा, पुष्पांजलि, गिरिराज सिंह, धीरज शर्मा, विकास भटनागर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी




### होली मिलन समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियों की धूम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद (शिवाजी शाखा) की ओर से बुधवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में होली मिलन समारोह मनाया गया। परिषद के सदस्यों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से होली के की खुशियां साझा कीं। विभिन्न गेम्स, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। रुद्रांश गौड़, रुद्राक्षी गौड़, काव्या, खुशी अग्रवाल और मान्या ने नृत्य प्रस्तुत दी। साथ ही फूलों की होली खेलकर सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। संचालन डॉ. अंशुमान गौड़ ने किया। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. आरके शर्मा, सचिव सत्येंद्र दीक्षित, सुनीता अग्रवाल, प्रांत महिला सहभागिता प्रमुख डॉ. नूतन आर्या, डॉ. नीरज अग्रवाल, अनुष बंसल, संजीव गर्ग, पीके अग्रवाल, पुरु कुमार, रोमिल सिंघल, अवधेश गुप्ता, हेमंत शर्मा, आशु शर्मा, अरुण मित्तल आदि मौजूद रहे।




### यूपीएससी में सफलता पर गरिमा सिंह को दी बधाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मानसरोवर कॉलोनी निवासी रामौतार सिंह चौहान की बेटी कुमारी गरिमा सिंह के संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने बुधवार को उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। कहा कि गरिमा सिंह की यह सफलता उनके परिवार के साथ-साथ पूरे समाज और जिले के लिए गर्व का विषय है।पदाधिकारियों ने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर हासिल की गई यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष नीरज सोलंकी एडवोकेट (विधि प्रकोष्ठ), ठाकुर ओमवीर सिंह, बंटी राणा, मनोज कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह आदि रहे।



### होली महोत्सव में भक्ति मार्ग पर चलने का दिया संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शाश्वत मंदिर में बुधवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें शाश्वत गुरु मोहनदास के शिष्यों अमित साधु, शिवानी साध्वी और हेमा साध्वी ने कार्यक्रम में लोगों को भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश दिया। आयोजन में कीर्तन, ज्ञानयज्ञ के बाद फूलों की होली खेली गई। साध्वी शिवानी ने कहा कि आज मनुष्य परमेश्वर की जगह अनाधिकृत आत्माओं के वचनों के अनुसार आचरण कर रहा है। साध्वी हेमा ने परमगुरु व ईष्ट के नाम संकीर्तन किया। इस दौरान कमलेश, शीला, ओमपाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच चार को चश्मा व दवा दिलाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को जिला अस्पताल की टीम ने नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क के छात्र छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉक्टर फौजिया, डॉक्टर रिजवान टीम की जांच में 4 बच्चों को आंखों की समस्या मिली। जिस पर डाक्टर ने उसी समय जिला अस्पताल ले जाकर चश्में और दवा दिलाई गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा, शिक्षिका सुजाता यादव, आयशा नूर सहित अन्य स्टॉफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

**बाजार में चहल-पहल** | कपड़े, फुटवियर, इत्र व सेवइयों की दुकानों पर ज्यादा भीड़

# ईद के लिए तैयारी तेज, खरीदारी से बाजारों में बढ़ी रौनक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईद-उल-फितर को लेकर महानगर के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। टाउनहॉल, चौमुखापुल, बुधबाजार, मंडीचौक और हरथला में लोग परिवार के साथ त्योहार की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। कपड़ों, फुटवियर, इत्र और घरेलू सामान की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही तेज हो गई है। टाउनहॉल और मंडीचौक क्षेत्र में रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर युवाओं और बच्चों के लिए कुर्ता-पायजामा, पठानी सूट और नए डिजाइन के परिधानों की मांग है। महिलाओं में डिजाइनर सूट, अबाया और हिजाब की खरीदारी भी बढ़ी है। वहीं चौमुखापुल और बुधबाजार में जूते-चप्पल और कॉस्मेटिक की दुकानों पर भी अच्छी भीड़ दिखाई दे रही है। किराना बाजारों में भी खरीदारी में तेजी आई है। अमरोहा गेट, कटरा और हरथला में सेवइयां, खजूर और सूखे मेवों की बिक्री बढ़ गई है।

रमजान के कारण शाम को इफ्तार के बाद बाजारों में खरीदारों की संख्या अधिक हो जाती है। बाजारों में देर रात तक दुकानें खुली रह रही हैं और लोग परिवार के साथ खरीदारी कर रहे हैं। ईद के मौके पर सेवइयां, खजूर और सूखे मेवे की खरीदारी भी शुरू हो गई है।



ईद को लेकर बाजार में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### खाद्य सामग्री :

सेवइयां : 80 से 220 रुपये किलो
खजूर : 180 से 1500 रुपये किलो
काजू : 800 से 1100 रुपये किलो
बादाम : 700 से 1000 रुपये किलो

### कीमतों पर एक नजर

परिधान : कुर्ता-पायजामा : 500 से 2000 रु
पठानी सूट : 800 से 3000 रु
बच्चों के कपड़े : 300 से 2000 रु
महिलाओं के सूट-अबाया : 800 से 3500 रु

**पुलिस की निगरानी:** त्योहार को देखते हुए प्रमुख बाजारों में पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि भीड़ के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। इसके बाद भी चौमुखापुल, अमरोहा गेट, टाउन हॉल में दोपहर से देर शाम तक जाम की स्थिति बनी हुई है।

बाजार में हर वैरायटी का खजूर उपलब्ध है। गुणवत्ता के आधार पर हर किस्म के खजूर की कीमत अलग-अलग हैं।
**– मोहम्मद अदनान,** व्यापारी

ईद से पहले बाजार में ग्राहकों की संख्या बढ़ जाती है और नए डिजाइन के कपड़ों की मांग रहती है।
**– नसीम अहमद,** कपड़ा व्यापारी

ईद पर बच्चों के लिए नए कपड़े लेना जरूरी होता है, इसलिए परिवार के साथ बाजार आए हैं।
**– असलम,** खरीदार

इस बार बाजार में नए डिजाइन के कपड़े आए हैं, इसलिए खरीदारी करने में अच्छा लग रहा है।
**– शबाना,** खरीदार

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# मंडल स्तरीय हॉकी ट्रायल में 16 का चयन

## 13 से 18 मार्च तक लखनऊ में होने वाली राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक प्रतियोगिता में खेलेंगे खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में ट्रायल देते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तरीय ट्रायल का आयोजन हुआ। ट्रायल में मंडल के विभिन्न जिलों से 28 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

● **सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ ट्रायल**

कोच नेहा ने बताया कि ट्रायल के आधार पर 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। बिजनौर से सात खिलाड़ियों में हर्ष सैनी, देव सैनी, दिव्यांशु सैनी, प्रिंस कुमार, दीपांशु, रौनक और राज को टीम में जगह मिली है। मुरादाबाद से भी सात खिलाड़ियों वंश यादव, शिवा, मिर्जा अदनान बेग, अरकान, हर्ष, आदित्य और हर्ष कुमार का चयन हुआ है। इसके अलावा रामपुर से दो खिलाड़ी आदित्य सिंह और हमदान उल्लाह खान का चयन किया गया है। बताया कि चयनित खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता में मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 13 से 18 मार्च तक लखनऊ में आयोजित की जाएगी।

### खेल कौशल और परखा गया मैदान पर प्रदर्शन

ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर, खेल कौशल और मैदान पर प्रदर्शन को परखा गया। साथ ही ड्रिब्लिंग, पासिंग, स्पीड और टीमवर्क को प्रमुख आधार बनाया। इन्हीं मानकों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है।

### जूनियर बालक-बालिका वर्ग की जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार से जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। गुरुवार को कुश्ती (बालक वर्ग), वॉलीबॉल (बालक वर्ग), टेबल टेनिस (बालक वर्ग) और मार्शल आर्ट (बालक वर्ग) की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 13 मार्च को कुश्ती, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और मार्शल आर्ट की बालिका वर्ग प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अलावा 14 मार्च को हॉकी (बालिका वर्ग), 16 मार्च को हैंडबॉल (बालिका वर्ग) व बास्केटबॉल (बालक वर्ग) और 17 मार्च को बास्केटबॉल (बालिका वर्ग) की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सभी प्रतियोगिताएं सुबह 11 बजे से शुरू होंगी। बताया कि सभी विद्यालयों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए भेजें। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं रखा गया है। विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों एवं टीम मैनेजरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

● **कुश्ती, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, मार्शल आर्ट, हॉकी, हैंडबॉल और बास्केटबॉल की होगी प्रतियोगिता**

# रसूलपुर से मथाना को जोड़ने वाले करुला पुल का निर्माण शुरू



निर्माण कार्य करते मजदूर। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गुर्जर और मथाना को जोड़ने वाले करूला नदी के पुराने पुल का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है, जिसके कारण क्षेत्र के कई लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होने की उम्मीद जताई जा रही है।

रसूलपुर गुर्जर से लेकर मथाना ग्राम के बीच सिरसा और गोविंदपुर ग्राम स्थित हैं। अनेक जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार इस पुल का निर्माण कार्य कराया गया लेकिन गन्ने के ओवरलोड वाहनों और अन्य वाहनों के कारण इस पुल पर अत्यधिक दबाव पड़ने की वजह से इसकी स्थिति जर्जर हो गई थी। अब कई वर्षों के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पुल पर लोहे की सरियों का जाल बिछाकर उसे मजबूत बनाया जा रहा है। मथाना गांव के प्रधान पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, चमन चौहान, नरेश चौहान आदि का कहना है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण आगे चलकर स्थिति खतरनाक हो सकती है। वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग का कहना है कि पुल निर्माण कार्य के पूरा होने के बाद आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा।

● **ग्रामीणों ने लगाया घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप**

## न्यूज ब्रीफ

### महिला का पर्स छीनकर शातिर फरार पुलिस कर रही इंकार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उधम सिंह नगर के जसपुर के मोहल्ला चौहानान निवासी आदेशा देवी पत्नी बृजपाल सिंह मंगलवार को ठाकुरद्वारा के गांव रामूवाला गनेश में एक मैरिज हॉल में गोद भराई की रस्म में शामिल होने आई थीं। बताया जाता है कि वह कमालपुरी चौराहे पर रिश्तेदार का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात युवक उनके पास आया और किसी का पता पूछने लगा। महिला का आरोप है कि बातचीत के दौरान युवक ने डर का माहौल बनाकर उनसे जेवर उतारकर पर्स में रखने को कहा। महिला के अनुसार कुछ ही देर बाद बदमाश ने उनके हाथ से पर्स झपट फरार हो गया। महिला का कहना है कि पर्स में करीब 3800 रुपये नकद, जेवर और एटीएम था। देर रात कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। हालांकि, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार का कहना है कि महिला के साथ पर्स लूट की घटना नहीं हुई है, बल्कि महिला ने खुद ही आरोपी के झांसे में आकर जेवर उतारकर दे दिए थे। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खेत पर मारपीट में आठ पर केस दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** डांडादम्मू नगला गांव निवासी शेर सिंह पुत्र खेतल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई ओमप्रकाश शाम 7 बजे खेत पर आलू खुदे होने के कारण गया था। तभी उनके गांव के अशोक, बॉबी, बेलेश, राजवीर, रामवीर, सुभाष आ गए। उन्होंने धारदार हथियारों से मारा-पीटा और जान से मारने की कोशिश की। उत्सव और भुवनेश के हाथ में तमंचा था। यह मारपीट करके वापस जा रहे थे। जब वह पहुंचे तो उन्होंने सभी को भागते हुए देखा। इस मामले में तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# जल संरक्षण के प्रति एनएसएस स्वयंसेवकों ने जगाई अलख

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के रतूपुरा स्थित सुखदेई स्मारक महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के पंचम दिवस को जल संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने जल बचाने का संकल्प लेते हुए ग्रामीणों को भी इसके प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस के प्रेरणादायक गीत हम होंगे कामयाब, हम होंगे कामयाब एक दिन के साथ किया गया। संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजपाल सिंह ने स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में दुनिया गंभीर जल संकट की ओर बढ़ रही है। भारत के कई राज्यों में भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है, जो चिंता का विषय है।

विश्व के कई हिस्सों में चल रहे संघर्षों के बीच भी पेयजल संकट की खबरें आ रही हैं। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेन्द्र गौड़ ने कहा कि पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए गांवों में तालाबों की खुदाई और पुराने जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा।



लोगों को जागरूक करतीं छात्राएं।

● **रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक**

डॉ. रघुनाथ सिंह ने घर-घर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्षा जल का संचयन कर भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकता है। सरकड़ा परमंपुर माफी और नाहर वाला गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

# साठा धान की जगह वैकल्पिक फसलें अपनाने की सलाह

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** जिले में भूगर्भ जल के लगातार गिरते स्तर और पर्यावरणीय समस्याओं को देखते हुए प्रशासन ने साठा धान की खेती पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

डीएम की ओर से जारी आदेश में कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को किसानों को साठा धान की रोपाई न करने के लिए जागरूक करने को कहा गया है। बताया गया कि साठा को तैयार करने के लिए हर चार से पांच दिन में सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भूगर्भ जल का अत्यधिक दोहन होता है। इससे एक ओर जहां जल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है, वहीं दूसरी ओर डीजल चालित पंपसेट के अधिक उपयोग से वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। इसी कारण प्रदेश के कई जनपदों में इसे प्रतिबंधित किया जा चुका है।

डीएम ने किसानों को कम पानी में तैयार होने वाली फसलें तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, मक्का सहित दलहनी फसलें जैसे उड़द और मूंग की खेती करने की सलाह दी है।

# आंखों में आंसू लिए अजादारों ने की सीनाजनी व नोहाख्वानी

संवाददाता, अगवानपुर



ताबूत बरामद करने के दौरान अजादार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शिया समुदाय के पहले इमाम हज़रत अली की शहादत पर मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस के बाद इमाम अली का शबीहे ताबूत बरामद किया गया। आंखों में आंसू लिए अजादारों ने सीनाजनी व नोहाख्वानी की।

नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख स्थित शिया सादात मस्जिद में नमाजे फज्र के बाद मजलिस का आयोजन हुआ जिसमें मौलाना मो.अब्बास ने इमाम अली की शहादत बयान की। कहा कि इमाम अली मस्जिद कुफ़ा में फज्र की नमाज़ अदा कर रहे थे। इस दौरान इब्ने मुलजिम नामी जालिम ने ज़हर से बुझी तलवार मौला अली के सर पर मार दी जिससे मौला अली शदीद जख्मी हो गए। तीन दिन बाद उनकी शहादत हो गई। तारीख बताती है कि मौला अली की शहादत से कुफ़े के ग़रीब लोगों का बुरा हाल था मौला अली रात के समय अपनी पीठ पर अनाज लाद कर गरीबों की मदद किया करते थे। मौला अली के मसायब सुन कर अज़ादार फूट फूट कर रोने लगे। मजलिस के बाद मौला अली का शबीहे ताबूत बरामद किया। आदिल नक़वी ने नोहाख्वानी की। शिया सादात मस्जिद से जुलूस बरामद होकर इमामबाड़ा पंजेतनी से इमामबाड़ा सफदर हुसैन पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान नैय्यर अब्बास नक़वी, दानिश नकवी, तसव्वुर हुसैन, नासिर हुसैन, शबी अब्बास, इमरान हैदर, तस्वीर हैदर, कैंसर अब्बास, यासीन नक़वी, नायब अली, नवाब हसन आदि लोग मौजूद रहे।

● **हजरत अली की शहादत पर मजलिस का आयोजन, ताबूत बरामद**

# भाईचारे से मनाएं पर्व, अफवाहों पर न दें ध्यान

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** अलविदा जुमा, ईद और नवरात्रि को शांति से मनाने के लिए ब्लॉक कुंदरकी के थाना मैनाठेर में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें ग्राम प्रधान, प्रमुख नागरिक धार्मिक विद्वान पुलिस स्टाफ शामिल हुए।

बैठक में थाना प्रभारी किरन पाल सिंह ने कहा कि त्योहार भाईचारे से मनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। कोई शक की हरकत दिखे तो फौरन पुलिस को बताएं।सभी ग्राम प्रधानों और इलाके वालों ने शांति बनाए रखने का भरोसा दिया। पुलिस ने बताया कि संवेदन शील जगहों पर फोर्स बढ़ेगी। गश्त तेज रहेगी।बैठक अच्छे माहौल में चली। थाना प्रभारी ने सबको एकजुट रहने की सीख दी। त्योहारों पर कोई हादसा न हो, इसके लिए पुलिस अलर्ट मोड में है। इलाके वासी भी सहयोग करेंगे। सबका मकसद एक- खुशहाल पर्व। और एक दूसरे की धार्मिक आस्था और मान्यता का ख्याल रखें।



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व गणमान्य नागरिक। ● अमृत विचार

● **मैनाठेर थाने में अलविदा जुमा, ईद व नवरात्रि को लेकर शांति बैठक**

## न्यूज डायरी

### राज्य स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता में ठाकुरद्वारा का जलवा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अयोध्या के डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में नौ से 11 मार्च तक हुई राज्य स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के विकास खंड ठाकुरद्वारा के खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण, आठ रजत और दस कांस्य पदक सहित कुल 25 पदक जीतकर जिले और मंडल का नाम रोशन किया।सभी पदक ठाकुरद्वारा के कंपोजिट विद्यालय प्रतापपुर गड़ूवाला के बच्चों ने जीते। प्रतियोगिता में जनपद के अन्य ब्लॉकों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। भगतपुर टांडा के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते, जबकि बिलारी के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए। भगतपुर टांडा के सभी पदक उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसवां गौड़ के बच्चों ने जीते। ठाकुरद्वारा के खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने बच्चों के कोच अरविंद कुमार और प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार यादव को इस सफलता के लिए बधाई दी।

### परीक्षा में सफलता प्राप्त करने को कठिन परिश्रम जरूरी



**कांठ, अमृत विचार :** देहली चिल्ड्रन एकेडमी, कांठ में बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2025–26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों को अंकपत्र, मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या हिना अली ने कहा कि परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम और लगन बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। वार्षिक परीक्षा में अपनी–अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में नर्सरी में सुम्मेया, एलकेजी ए में लिजा, एलकेजी बी में अबान, यूकेजी ए में सलमान और अहमद, यूकेजी बी में यशिका और हिमांशी, कक्षा एक ए में साहबान, कक्षा एक बी में तोहिद, कक्षा दो में उजमा, कक्षा तीन में इनाया, कक्षा चार में आयात और आरीब, कक्षा पांच में हिफजा, कक्षा छह में बुशरा, कक्षा सात में रहमान तथा कक्षा आठ में रिहान शामिल रहे। चेयरमैन जितेंद्र बिश्नोई ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। और विद्यालय में पधारे अभिभावकों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### बाजार में ई-रिक्शा और बाइकों के चलते लग रहा जाम



**कांठ, अमृत विचार :** जुमा अलविदा की नमाज से पूर्व ही बाजार में दुकानें सज गई हैं। अधिकांश दुकानदार दुकान को आगे बढ़ाकर सामान की बिक्री कर रहे हैं। नगर में अतिक्रमण की समस्या पिछले कई दशकों से बनी हुई है। नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाएने की औपचारिकता ही पूर्ण की जा रही है। ईद उल फितर का पर्व करीब है। जिससे दुकानदार भी खुश हैं। अभी से बाजार में मुख्यत :मीना बाजार में सौंदर्य के सामान कपड़े, जूते, चप्पल, ज्वैलरी, किराना, आदि दुकानों पर जमकर खरीदारी हो रही है। महिलाएं पसंद की खरीदारी कर रही हैं। सायं 7 :00 बजे बाजार में बंद होने वाली दुकानें रात्रि को 10 :00 बजे तक खुली रही हैं। बाजार में बढ़ रही भीड़ के कारण धक्का मुक्की का माहौल है। ई–रिक्शा और अत्यधिक बाइकों के चलते दिन जाम की स्थिति बनी हुई है। नागरिकों ने ईद उल फितर के मद्देनजर बाजार के आवागमन के मुख्य मार्गों पर पुलिस से वेरिकेडिंग लगाने की मांग की है ताकि ई रिक्शा और बाइक के साथ लोग बाजार में प्रवेश न कर सके और धक्का मुक्की के माहौल से बचा जा सके। बाज़ार में दूध, दही, मावा, फल आदि की मांग भी बढ़ गई है। अधिक बिक्री होने के कारण कुछ दुकानदारों द्वारा फल महंगे मूल्य पर बिक्री किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें मंडी से महंगे फल प्राप्त हो रहे हैं।

# योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा

संवाददाता, कांठ




ब्लॉक में आयोजित एसएमसी संगोष्ठी में मौजूद शिक्षक व अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधानों, स्थानीय प्राधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की एक दिवसीय एसएमसी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके सफल संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई।

संगोष्ठी का आयोजन एक शादी हॉल में खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी कांठ संतदास पंवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी में शैक्षिक सत्र 2025–26 के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। इसमें डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के अभिभावकों के बैंक खातों में यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, स्वेटर, जूते-मोजे और स्टेशनरी खरीदने के लिए धनराशि भेजने की व्यवस्था, निपुण भारत मिशन, विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, स्कूल से बाहर बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा ऑपरेशन कायाकल्प जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। संचालन आशुतोष कुमार शुक्ला ने किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने सभी से सहयोग की अपील की। इस दौरान ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष ऋषि पाल सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के अध्यक्ष कपिल सिरोही, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट के अध्यक्ष गौरव यादव, उत्तर प्रदेशीय उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आदर्श त्यागी, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तथा महिला शिक्षक संघ छजलैट की ब्लॉक अध्यक्ष कुमकुम दीक्षित भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में समस्त एआरपी आशुतोष शुक्ला, सुनील कुमार, चन्द्रभानु बिश्नोई और वर्षा चौधरी सहित प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

● **ब्लॉक स्तरीय एसएमसी संगोष्ठी आयोजित**



| इफ्तार 12 मार्च | सहरी 13 मार्च |
|---|---|
| सुन्नी: 06.25 | सुन्नी: 04.56 |
| शिया: 06.33 | शिया: 04.56 |

## न्यूज ब्रीफ

### आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**मासवासी, अमृत विचार :** मिलकखानम थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की फोटो एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 9 मार्च को फेसबुक पर प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की तस्वीरों को एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट डाले जाने की सूचना एक्स के माध्यम से प्राप्त हुई थी। पुलिस ने आकानगर गांव निवासी सिमरोज को गिरफ्तार कर लिया।

### कोटपा अधिनियम में आठ पर कार्रवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना एएचटीयू पुलिस व जिला चिकित्सालय की संयुक्त टीम द्वारा थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में तम्बाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट बेचने वालो के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थान पर अभियान चलाया गया। कोटपा अधिनियम के तहत 8 दुकानदारों के चालान कर 3200 रुपये जुर्माना लगाया गया।

### विधायक ने दस सड़कों का प्रस्ताव भेजा

**स्वार, अमृत विचार :** स्वार-टांडा विधानसभा क्षेत्र में सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए शफीक अहमद अंसारी ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 10 सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा है। स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने पत्र में कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में आवागमन को सुगम बनाने तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण मार्गों का निर्माण आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विभिन्न गांवों और कस्बों में सड़क निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर भेजे गए हैं।

# कबाड़ सरकारी वाहनों से रेहड़ी पटरी वालों को मिलीं 8 वैनशॉप

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत फोटो चुंगी के पास विकसित हुआ वेंडिंग जोन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर में अतिक्रमण और जाम का सबब बनने वाले रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को अब एक स्थायी और सम्मानजनक ठिकाना मिल गया है। नगर पालिका परिषद रामपुर ने एक अनूठी पहल करते हुए कबाड़ सरकारी वाहनों को मॉडिफाई कर शानदार वैनशॉप में तब्दील कर दिया है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत फोटो चुंगी के समीप विकसित किए गए इस नए वेंडिंग जोन में 8 वैनशॉप का जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बुधवार को फीता काटकर उद्घाटन किया।

अक्सर सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से ठेले लगाने के कारण शहर में जाम की स्थिति पैदा हो जाती थी। इसके चलते नगर पालिका द्वारा चलाए जाने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियानों में इन रेहड़ी-पटरी वालों को हटा दिया जाता था, जिससे उनके सामने हमेशा अपनी रोजी-रोटी छिनने का डर बना रहता था। इस बड़ी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों को मोबाइल शॉप (वैनशॉप) में बदल दिया और रेहड़ी-पटरी संचालकों को चिन्हित कर उन्हें एक स्थायी वेंडिंग जोन में स्थापित कर दिया। इस नए वेंडिंग जोन में ग्राहकों के लिए कई सुविधाएं एक ही स्थान पर मौजूद हैं। इन 8 मोबाइल वैनशॉप्स पर कपड़े, खाने-पीने की स्वादिष्ट वस्तुएं, फास्ट फूड और बच्चों के खेलने के सामान (खिलौने) सहित कई अन्य वस्तुएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी ने खुद प्रत्येक वैनशॉप का निरीक्षण के बारे में दुकानदारों से विस्तार से जानकारी ली। स्थायी रोजगार मिलने से उत्साहित दुकानदारों ने इस शानदार पहल के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इससे लोगों को लाभ होगा।



फीता काटकर वेंडिंग जोन का उद्घाटन करते डीएम। ● अमृत विचार

### शहर में विकसित होंगे और वेंडिंग जोन: डीएम

जिलाधिकारी ने कहा कि शहर को जाम से मुक्त रखने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भविष्य में ऐसे और भी वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। इससे रेहड़ी-पटरी संचालकों को दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा और उन्हें एक स्थायी स्थान मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों को लगातार सशक्त बनाते हुए उन्हें सम्मानजनक स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर दुर्गेश्वर त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# बिलासपुर में उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी पर किया हंगामा

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार:** रसोई गैस सिलेंडर की केवाईसी अपडेट करने के नाम पर उपभोक्ताओं ने अवैध वसूली करने का आरोप लगाया। बताया कि बंद एजेंसी के बाहर तैनात एक व्यक्ति उपभोक्ताओं से सौ-सौ रुपए वसूल रहा है, जबकि सरकारी नियमों के अनुसार ई-केवाईसी पूरी तरह निःशुल्क है।

बुधवार को जब उपभोक्ता अपना आधार प्रमाणीकरण और केवाईसी कराने इंडियन ऑयल की एक गैस एजेंसी पहुंचे, तो वहां खुद को एजेंसी का कर्मी बताने वाले एक व्यक्ति ने उनसे पैसे की मांग की। उपभोक्ताओं ने जब इस पर आपत्ति जताई, तो कर्मचारी ने काम रोकने की धमकी दी। इससे नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी के सामने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान लोगों ने कहा कि केंद्र सरकार और तेल कंपनियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सब्सिडी जारी रखने के लिए जरूरी बायोमेट्रिक केवाईसी के लिए उपभोक्ताओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। लेकिन, नगर में मौजूद गैस एजेंसियों पर केवाईसी के नाम पर सौ-सौ रुपए वसूले जा रहे हैं, जोकि पूरी तरह अवैध हैं। वहीं, एजेंसी संचालकों ने इस आरोप को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि उपभोक्ता स्वयं भी इंडियन आयल वन, एचपी या हैलो बीपीसीएल जैसे मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे मुफ्त में केवाईसी कर सकते हैं। तहसीलदार शिव कुमार शर्मा का कहना है कि ऐसा कोई भी मामले मेरे संज्ञान में नहीं आया है। यदि किसी एजेंसी द्वारा केवाईसी के लिए पैसे मांगे जाते हैं, तो उपभोक्ता इसकी शिकायत टोल-फ्री नंबर पर या विभाग के कार्यालय में कर सकते हैं। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।



बिलासपुर में गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं की लगी लंबी लाइन। ● अमृत विचार

- केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली का लगाया आरोप

# बरेली में 30 मार्च को होगी किसानों की महापंचायत



मोहम्मद हनीफ वारसी का फूलमालाओं से स्वागत करते किसान। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** भाकियू अंबावता से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बुधवार को ग्राम संकरा पहुंचे। जहां संगठन द्वारा मोहम्मद हनीफ वारसी को प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर फूलमालाओं पहनाकर स्वागत किया।

मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि भानु गुट में दोबारा जाना एक और बड़ी गलती थी। चौधरी रिशिपाल अंबावता के एक अच्छे किसान नेता है। जिन्होंने 1996 में अपना संगठन बनाया था। उससे पहले उन्होंने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के साथ काम किया। 30 मार्च को बरेली कमिश्नरी में बड़ा आंदोलन होगा। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिले के पदाधिकारी पहुंचेंगे। अमेरिका से समझौते के मामले में किसान खिलाफ इस मौके पर मुराद खान, वाहिद खान, मोहम्मद अहमद, मखदूम अहमद, फरीद खान, रेखा रानी, उषा देवी, श्याम मोहन पांडे, मक्खन सिंह चौहान, सतनाम सिंह, उर्मिला देवी, पार्वती, सरोजनी देवी, सीता देवी, गीता देवी, आशा देवी, इकराम, मोहम्मद अहमद प्रधान आदि किसान मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं समस्याएं

**रामपुर, अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में बुधवार को महिला जनसुनवाई में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने महिलाओं से संबंधित शिकायतों को सुना। जनसुनवाई में कुल 5 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें घरेलू विवाद, पारिवारिक उत्पीड़न तथा अन्य महिला संबंधित समस्याओं से जुड़े प्रकरण शामिल रहे।

राज्य महिला आयोग की सदस्या ने अधिकारियों को महिलाओं की शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तत्परता बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अलविदा जुमा व ईद को लेकर अधिकारी सतर्क

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की लगाई ड्यूटी
- नमाज के दौरान यातायात व सुरक्षा को लेकर अधिकारी तैनात

**अमृत विचार:** जिला रामपुर में 13 मार्च अलविदा जुमा और चांद के हिसाब से ईद-उल-फितर का त्यौहार 21 मार्च को मनाया जाना प्रस्तावित है। नमाज के दौरान यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की तैनात कर दी गई है।

मुस्लिम उलमाओं द्वारा परंपरागत रूप से ईद-उल-फितर पर प्रमुख मस्जिदों एवं मुख्य रूप से ईदगाह जामा मस्जिद एवं नगर क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों आदि में नमाज अदा की जाती है। ईदगाह में जनपद की तहसीलों व ग्रामों से भारी संख्या में नमाजी अपने-अपने वाहनों से सम्मिलित होने के लिए आते है तथा नमाज अदा करते हैं। अलविदा जुमा व व ईद-उल-फितर पर कानून एवं शांति व्यवस्था सामान्य रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि ईदगाह चौराहा पर चकबंदी अधिकारी आदित्य कुमार, जामा मस्जिद पर नायब तहसीलदार सदर मानवेन्द्र सिंह, थाना कोतवाली पर नायब तहसीलदार सदर देवेश पांडेय, थाना गंज पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, थाना सिविल लाइन पर जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, थाना टांडा पर तहसीलदार टांडा निश्चय कुमार, थाना स्वार में तहसीलदार स्वार आकाश संत, थाना अजीमनगर में खंड विकास अधिकारी सैदनगर प्रदीप चौधरी, थाना मिलकखानम में खंड विकास अधिकारी स्वार ऋषिपाल सिंह, थाना बिलासपुर में तहसीलदार बिलासपुर शिव कुमार शर्मा, थाना खजुरिया में खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर पीयूष वर्मा, थाना केमरी में नायब तहसीलदार बिलासपुर अंकुर अंतल, थाना भोट में खण्ड विकास अधिकारी चमरौआ प्रमोद सिंह, थाना मिलक में नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, थाना शहजादनगर में खण्ड विकास अधिकारी मिलक राजेश कुमार, थाना सैफनी में खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद धीरेंद्र पाल सिंह, थाना शाहबाद में तहसीलदार शाहबाद अमित कुमार सिंह, थाना पटवाई में नायब तहसीलदार शाहबाद राजेश कुमार एवं महिला थाना में जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी की ड्यूटी लगाई गई है।

### सिटी मजिस्ट्रेट करेंगे दौरा

नगर मजिस्ट्रेट एवं समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट तथा ड्यूटी पर लगाए गए समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क एवं भ्रमणशील रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखेगें। यदि किसी क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसका तत्काल स्थल पर ही दृढ़तापूर्वक समाधान करते हुए उसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देगें। सभी अधिकारी अपना मोबाइल नम्बर 24-घंटे चालू रखेगें और कोई भी अधिकारी अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। इस त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरती जाना सुनिश्चित की जाए। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम रहेगा। जिसका दूरभाष नम्बर 9068309528, 0595-2350404 एवं व्हाट्सएप नम्बर-9045299525 है। कंट्रोल रूम में अवर अभियंता, सिंचाई धर्मेंद्र कुमार की ड्यूटी 13 मार्च एवं 21 मार्च को कन्ट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों का निस्तारण कराए जाने के लिए लगायी गई है।

# राजस्व में छठे और विकास कार्यों में 11वें पायदान पर पहुंचा रामपुर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 71 योजनाओं में मिला ए ग्रेड, डीएम ने टीम वर्क को दिया श्रेय

**अमृत विचार:** सीएम डैशबोर्ड की ताजा रैंकिंग में जिले ने विकास के पैमाने पर लंबी छलांग लगाई है। विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निरंतर मॉनिटरिंग के दम पर रामपुर जिले ने राजस्व कार्यों में प्रदेश में 6वां और विकास कार्यों में 11वां स्थान हासिल किया है।

जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं को धरातल पर उतारने में भी बेहतरीन प्रगति दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के तहत कुल 71 योजनाओं में जिले को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ए ग्रेड मिला है। इनमें मुख्य रूप से ये विभाग और योजनाएं ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, कृषि एवं ग्राम विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज और नमामि गंगे, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी), समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, दुग्ध विकास, पशुधन और मत्स्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा सहकारिता विभाग शामिल हैं। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को इसका श्रेय दिया है। फरवरी माह में आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर को पहला स्थान मिला है, जिसमें 140 में से 140 अंक हासिल किए हैं।

# प्रशिक्षण में एसएमसी अध्यक्षों का किया सम्मानित

**स्वार, अमृत विचार:** नगर के बिलासपुर मार्ग स्थित शहनाई मंडप में बुधवार को विद्यालय प्रबंध समितियों एसएमसी के अध्यक्षों एवं सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी ने अध्यक्षों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के दौरान शक्ति सिंह ने बाल शिक्षा और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। अनुज सिंह ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं हेमराज सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन तहसीन आलम खां ने किया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश सिंह, हिमदीप सिंह, राजकुमारी विश्नोई आदि रहे।

# 51 वेदीय दीप महायज्ञ में दिखा श्रद्धा और भक्ति का संगम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अखंड दीप एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अखिल गायत्री परिवार रामपुर द्वारा ज्योति कलश यात्रा के नगर आगमन पर एक भव्य गोष्ठी एवं 51 वेदीय दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास दिखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद 51 वेदीय दीप महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर राष्ट्र की सुख-समृद्धि, समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना तथा विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। गोष्ठी में वक्ताओं ने वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के तप, त्याग, सेवा और संस्कारों से परिपूर्ण जीवन का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वक्ताओं ने कहा कि माता भगवती देवी शर्मा का संपूर्ण जीवन नारी जागरण, संस्कार निर्माण और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा, जो आज भी प्रत्येक व्यक्ति को समाज सेवा और नैतिक जीवन के लिए प्रेरित करता है। विशिष्ट अतिथि आरके अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल, पवन जैन, सुमित अग्रवाल एवं प्रियंका शुक्ला उपस्थित रहे। अतिथि अशोक सिंह जोन संयोजक, मुरादाबाद, उप जोन संयोजक नजीबाबाद तथा मीना शर्मा जोन संयोजक की उपस्थित रही। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में गायत्री परिवार द्वारा समाज में सांस्कृतिक जागरण, नैतिक मूल्यों की स्थापना और सेवा कार्यों के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा ज्योति कलश यात्रा को समाज में सकारात्मक चेतना जगाने वाला अभियान बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सदस्य डॉ. प्रमोद कुमार वैष्णव, डॉ. अजय अग्रवाल, महेश शुक्ला, प्रदीप सक्सेना, वीरेंद्र गर्ग एवं विकास पांडेय का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम संचालन शालिनी चावला पांडेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में ज्योति कलश यात्रा के जिला रामपुर कोऑर्डिनेटर देवेंद्र कुमार मिश्रा ने सभी विशिष्ट अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हरिद्वार से आई टोली ने संगीतमय वातावरण में कार्यक्रम को और विशिष्ट बनाया। टोली नायक संतोष देवांगन, सुषेण भारद्वाज, माया चंद्र भारद्वाज, यशवंत उइके, घनश्याम आचार्य आदि मौजूद रहे।



वेदीय दीप महायज्ञ में मौजूद अखिल गायत्री परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार



वेदीय दीप महायज्ञ में मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

- उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

**मौसम** हेड लाइट जलाकर चले वाहन चालक, दमा और सांस के रोगियों के लिए नुकसानदायक

# बुधवार की सुबह सड़क पर धुंध से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार सुबह सड़कों पर धुंध की मोटी परत छाई हुई है। जिसके कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। इसके अलावा धुंध होने के कारण दृष्टतया काफी कम हो गई। वाहन चालकों को हेड लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़े। सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक 315 तक पहुंच गया जोकि, शाम को 176 पर आ गया और लोगों को सांस लेने में कुछ राहत मिली।

मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि वायु गुणवत्ता सूचकांक 50 तक अच्छा और 100 तक मध्यम रहता है इसके बाद खराब स्थिति है। सुबह के समय शहर की हवा इतनी प्रदूषित हो चुकी है कि सांस लेना मुश्किल हो गया है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक बुधवार की सुबह रामपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 315 दर्ज किया गया है। जोकि सीवियर श्रेणी में आता है। धुंध रहने से फेफड़ों को नुकसान पहुंचता है। हृदय रोग और ब्रेन स्ट्रोक के मामलों में भी तेजी से इजाफा हो जाता है। बुधवार की सुबह शहर पर धुंध का काला परदा तन गया था, जिससे विजिबिलिटी काफी घट गई थी। जिला अस्पताल के फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके वर्मा बताते हैं कि धुंध दमा के रोगियों के लिए खतरनाक होती है और धूल फेफड़ों के लिए बहुत नुकसानदायक है। इससे सांस फूलने लगती है और जिन लोगों को धूल से एलर्जी होती है उन्हें जुकाम हो जाता है। उन्होंने कहा कि दिल और फेफड़ों के मरीज मुंह पर मास्क लगाकर रहें। क्योंकि, धुंध से फेफड़ों में परेशानी हो सकती है। बीमार लोगों की हालत और भी ज्यादा खराब हो जाती है।



धुंध के बीच जाते लोग। ● अमृत विचार



लाइज जलाकर चल रहे वाहन।

### वायु गुणवत्ता सूचकांक एक नजर में

| | |
|---|---|
| अच्छा | 50 |
| मध्यम | 100 |
| खराब | 150 |
| अस्वस्थ्य | 200 |
| गंभीर | 300 |
| खतरनाक | 300 के पार |

# बिना अनुमति पेड़ काटने का प्रयास



जांच करते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

**मसवासी, अमृत विचार:** गांव बिजारखाता में बिना अनुमति जामुन का पेड़ काटने की शिकायत पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिसे देखते ही पेड़ काट रहे लोग आधा कटा पेड़ छोड़कर फरार हो गए। मंगलवार सुबह गांव बिजारखाता में कुछ लोग बिना अनुमति जामुन के पेड़ को काट रहे थे। गांव के ही किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम को आता देख पेड़ काट रहे लोग मौके से भाग गए। वन दरोगा कुलवीर सिंह ने बताया कि पेड़ को पूरी तरह नहीं काटा जा सका है। मामले में आरोपी राजकुमार का नाम सामने आया है, जिसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

# श्रीमद्भागवत कथा से पापों का नाश होता है

**रामपुर, अमृत विचार :** हरे राम हरे कृष्ण निष्काम अखंड संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में बुधवार को अमृत विहार स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर, कूचा देवी दास में श्रीमद् भगवद् कथा के प्रथम दिवस का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के मुख्य वक्ता, नैमिषारण्य तीर्थ से पधारे आचार्य परम पूज्य श्री गोविंदाचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भगवद् एक दिव्य ग्रंथ है, जिसके श्रवण मात्र से जीव के समस्त पापों का शमन हो जाता है। कथा में कहा कि जो पुण्य तीर्थाटन से प्राप्त होता है, वही फल इस कथा को सुनने से सुलभ हो जाता है। कथा से पूर्व दत्ताराम मंदिर राजद्वारा से 51 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जगह-जगह कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस यात्रा के मुख्य यजमान श्याम अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी शकुंतला अग्रवाल तथा राकेश रस्तोगी एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम रस्तोगी रहे। इस अवसर पर राकेश रस्तोगी, प्रेम कुमार, अमन, अनुराग, दिनेश सक्सेना, सौरव, दिनेश अग्रवाल, ऋषभ, दीपाली, प्रतीक, स्वाति, रियांश, माधव, अंकित अग्रवाल, सीताराम शर्मा, अतुल, नरेश शर्मा, राधेश्याम यादव आदि मौजूद रहे।


**NOTICE**

**[RADICO KHAITAN LIMITED]**

**Registered Office:** [Bareilly Road, Rampur , Uttar Pradesh, 244901]

NOTICE is hereby given that the certificate(s) for the undermentioned securities of RADICO KHAITAN LIMITED has/have been lost/misplaced and the holder(s) of the said securities / applicant(s) has/have applied to the Company to issue duplicate certificate(s).

| Name(s) of holder(s) [and Jt. holder(s), if any] | Kind of Securities | Folio No. | No. of Securities | Certificate No | Distinctive number(s) |
|---|---|---|---|---|---|
| Arun Kumar Chakraborty & Basanti Chakraborty | Equity shares | 0015053 | 1860 shares and Face value of Rs. 2 | 55571 | 2148236 – 2150095 |

Any person who has a claim in respect of the said securities should lodge such claim with the Company at its Registered Office within 15 days from this date, else the RADICO KHAITAN LIMITED will proceed to issue duplicate certificate(s) without further intimation.

Place: Uttar Pradesh
Date: 12/03/2026.

**Name Of The Shareholder(s)/claimants:**
**ARUP CHAKRABORTY**

न्यूज ब्रीफ

### मस्जिद चाह खजान खां में कुरान मुकम्मल का हुआ आयोजन

**रामपुर, अमृत विचार :** मस्जिद चाह खज़ान खा में रमजानुल मुबारक महीने के 20वें रोजे को कुरान पाक मुकम्मल हुआ। जिसमें कुरान सुनाने वाले इसी मस्जिद के इमाम मौलाना एजाज ने कुरान सुनाया और इल्या ने कुरान सुना। उनके साथ मोहल्ले वासियों ने और दूर दराज के लोगों ने भी लगन से सुना और देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की। इस मौके पर बाबर खां, समीर खां, भोले खां, शाहजेब खां, शाहनवाज खां, नब्बू खां, दानिश खां, मो. मोरोज, रफ़ी खां, मो. इरशाद, शहाब खां, तालिब खां, काशिफ खां, शाहीन खां, आमिर खां समेत बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे।

### जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**अमृत विचार, रामपुर :** राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ किसान नेताओं के कब्जे में सरकारी भूमि है इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। इसके अलावा कहा गया है कि ग्राम तालाबपुर नदी क्षेत्र किसान यूनियन का प्रभाव दिखाकर अवैध खनन कराया जा रहा है। लोगों ने बताया कि इस तरह से कब्जा करना जनहित में नहीं है। उन्होंने मांग की है कि खनन के धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन पर इदरीस अंसारी, महबूब अली पाशा, मुनाजिर हुसैन, महफूज खां समेत कई लोगों के शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर हैं।

### खेल के दौरान दो पक्षों में मारपीट

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला चाऊपुरा निवासी रवि के बच्चे बुआ वीरवती निवासी शोकानगला थाना बाजपुर के बच्चों के साथ खेल रहे थे खेल के दौरान बच्चों में आपस में विवाद हो गया जिससे दोनों पक्षों में माहौल तनावपूर्ण हो गया सूचना पाकर चौकी पर तैनात उप निरीक्षक अंकित कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शांति व्यवस्था भंग होने के अंदेशे में युवक को अपनी हिरासत में ले लिया और उसका बुधवार की दोपहर शांति भंग के आशंका में एसडीएम न्यायालय में चालान कर दिया देर शाम उसकी जमानत और मुचलके पर छोड़ दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को हिदायत दी है।

# हजरत अली की यौमे शहादत पर निकाला शबीहे ताबूत

## फज्र की नमाज के बाद मस्जिद मकबरा जनाबे आलिया से हुआ बरामद, अजादारों ने किया मातम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मकबरा जनाबे आलिया में बुधवार की तड़के निकले ताबूत में मातम करते अजादार।

**अमृत विचार:** 21 रमजान की तड़के फज्र की नमाज के बाद हजरत अली की यौमे शहादत पर मस्जिद से शबीहे ताबूत बरामद हुआ और सोगवारों ने मातम किया। इससे पहले मस्जिद में हुई मजलिस को मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने खिताब किया। कहा कि हजरत अली को नमाज पढ़ने के दौरान इब्ने मुल्जिम ने सिर में जहर से बुझी तलवार मारकर शहीद कर दिया। यह जहर बहुत खतरनाक था तबीब ने कहा कि इन्हें दूध पिलाइए। कूफा के बच्चे अपने हिस्से का दूध लेकर अली के घर पहुंच गए।

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया स्थित मस्जिद से मौला-ए-कायनात अमीरुल मोमेनीन हजरत अली की शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद हुआ इससे पहले मस्जिद में मजलिस हुई। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा 19 रमजान की सुबह इब्ने मुल्जिम ने मस्जिद में नमाज की हालत में आप पर जहर में बुझी तलवार से हमला कर दिया था और तीन दिन बाद 21 रमजान को आपकी शहादत हो गई थी। कहा कि तबीब ने कहा कि मौला अली के सिर पर जिस तलवार का वार किया गया वह जहर में बुझी हुई थी। मौला को मौत का पसीना आया और वसीयत करना शुरू की। सब बच्चों को इमाम हसन के हवाले किया वहीं पर उम्मूलबनीन खड़ी थीं। कहा कि मेरे वालियो वारिस आपने सब बच्चों को हसन के हवाले कर दिया लेकिन, मेरे अब्बास को नहीं दिया यह सुनने के बाद आवाज दी हुसैन और इसके बाद अब्बास को बुलाया और अब्बास का हाथ हुसैन के हाथ में दिया। कहा कि मेरे जनाजे में तीन लोग शामिल हों। हसनैन से कहा कि आगे से मेरा जनाजा खुद बुलंद हो जाएगा पीछे से उठा लेना। जनाजा जहां रुके वहां नीचे रख देना और दफ्न कर देना। वसीयतों के बाद अली की रूह परवाज कर गई। इसके बाद हसन और हुसैन पीछे से जनाजा उठाया और आगे जनाजा खुद उठ गया।

वसीयत के मुताबिक जहा जनाजा ठहर गया वहां मौला अली को दफ्न कर दिया। इसके बाद हसीन मियां ने यह नोहा पढ़ा- कहते थे सिब्ते मुस्तफा हम तो यतीम हो गए, साया पदर का उठ गया हम तो यतीम हो गए। हसन मेहंदी ने यह नोहा पढ़ा - रो-रो के अली यूं लेते हैं जैनब का नाम मुसल्ले पर...। इस मौके पर मुज्तबा अली बेग, कमल रिजवी, सैयद मोहम्मद अली जैदी, इरफान जैदी, जौहर सैफी, हैदर, असलम महमूद, मून, जहीर अब्बास रब्बू, अब्बास, राशिद ऐजाज, आरिफ हुसैन, वसीम हैदर जैदी, मिर्जा तकी बेग समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

### सड़कों पर नहीं होगी अलविदा जुमे की नमाज

शहर जामा मस्जिद के नायब इमाम मौलवी फैजान खां ने कहा कि 13 मार्च को अलविदा का जुमा है। अलविदा के जुमे की नमाज सड़कों पर नहीं पढ़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा शहर और ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में ही नमाज पढ़ी जाए। नमाजी सड़कों पर नमाज अदा नहीं करें।

### मौला मुश्किल कुशा के ईसाले सवाब की हुई महफिल

रामपुर, अमृत विचार : मौला मुश्किल कुशा हजरत अली की शहादत पर बजरिया खानसामा स्थित मस्जिद अल्हाज मुंशी अब्दुल मजीद कुरैशी में ईसाले सवाब की महफिल हुई। बुधवार को अस्र की नाज के बाद तिलावते कुरआन मजीद और नातख्वानी हुई। इसके बाद मदरसा गुलशने बगदाद के मौलाना मुश्ताक अहमद ने तकरीर में कहा कि मौला ए कायनात ने बोरिये पर बैठकर हुकूमत की। इस्लाम के लिए उन्होंने अजीमुश्शान खिदमात हैं। मस्जिद में हुई तकरीर में मौलाना ने कहा कि मौला अली ने अपनी जिंदगी एक-एक लम्हे को अल्लाह और रसूल की रजा और खिदमत के लिए वक्फ कर दिया था। 21 रमजान को कूफे की मस्जिद में शहादत पाई। आपका दौरे खिलाफत इस्लामी हुकूमत को शानदार बाब रहा है। जिससे दुनिया कयामत तक रोशनी हासिल करती रहेगी। इस मौके पर अल्हाज मुस्लिम मुईन कुरैशी, असलम मुईन कुरैशी, शाकिर मुईन कुरैशी, आकिल मोईन कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# सीसीटीवी इंस्टॉलेशन एंड सर्विसिंग प्रशिक्षण संपन्न



प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षणार्थी ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी रामपुर में आयोजित 13 दिवसीय सीसीटीवी इंस्टॉलेशन एंड सर्विसिंग प्रशिक्षण बुधवार को सम्पन्न हो गया। आरसेटी निदेशक देशराज मीणा ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का सदुपयोग करते हुए प्रशिक्षणार्थी शीघ्र ही अपना स्वयं का कार्य या दुकान प्रारंभ करें, आजीविका अर्जित करें तथा समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आत्मनिर्भर बनते हुए दूसरों के लिए रोल मॉडल बनने का आह्वान किया। सरफराज हुसैन ने बताया कि 13 दिवसीय प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना, समय प्रबंधन, मार्केट प्रबंधन तथा उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्रदान की गईं, जिससे वे अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने में सक्षम बन सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# जनता के बीच करें पार्टी की नीतियों का प्रचार

**बिलासपुर, अमृत विचार:** कस्बा के मोहल्ला भट्टी टोला स्थित कैम्प कार्यालय पर सपा की बैठक बुधवार को हुई। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष व सपा नेता मोहम्मद अनस खां ने कहा कि सपा गरीब, मजदूर और शोषित वर्ग की आवाज रही है। प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट हो जाएं और पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लें। आगामी 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनाने में सहयोग करें। बैठक में आगामी चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय बनाने पर जोर दिया।इस मौके पर इनायत हुसैन उर्फ रूफ खां, मंसूर खां, रईस खां, फरीद खां, साहिब खां, राहत, आलम, सुशील सक्सेना, शुऐब सलमानी, आशु खां, अय्यूब, संजीव वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# तंबाकू सेवन न करने का दिलाया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- विश्व तंबाकू दिवस पर चलाया गया अभियान
- स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 22 दुकानों की जा

**अमृत विचार :** विश्व धूम्रपान निषेध दिवस अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनपद को तंबाकू मुक्त बनाने की मुहिम में शामिल होने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को अपने जीवन में कभी भी तंबाकू का सेवन न करने का संकल्प दिलाया।

अभियान के तहत कुल 22 तंबाकू विक्रेताओं की जांच की गई, जिनमें से उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। जिला अस्पताल में विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.सी. सक्सेना के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय में जुर्माना अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर में धूम्रपान करते पाए गए व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया तथा उन्हें तंबाकू सेवन से होने वाले रोगों के बारे में जागरूक किया गया।

जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा जिला चिकित्सालय के सभी वार्ड इंचार्ज को तंबाकू मुक्त रामपुर निर्देशिका भी प्रदान की गई, जिसमें राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है।

# कुरान सुनाना हाफिज की खुशनसीबी: कादरी



गुलपोशी के बाद मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शौकत अली रोड स्थित के मदरसा जामिया हमीदिया अजहर उल उलूम की मस्जिद गौसिया में नमाजे तरावीह के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज रियाज कादरी ने कुरान सुनाया और कारी मोहम्मद इदरीस आलम ने सामां के फराइज अदा किए।

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर कारी और सामां को लोगों ने फूल मालाएं पहनाईं। इस मौके पर हुई तकरीर में अजहर कादरी ने कहा कि तरावीह की नमाज में कुरान को सुनाना एक हाफिज के लिए बहुत खुशनसीबी की बात है। कारी मोहम्मद अब्बास, मौलाना इस्लाम और मुफ्ती अकरम कादरी ने देश में अमन व सुकून की दुआ की। इस मौके पर हाफिज महमूद हसन, सैयद सोहराब मियां, डॉ. सुल्तान सैफी, हाजी आफताब उल हसन, अली यूसुफ अली, सरताज अहमद, शाहिद चिश्ती, शाहिद कुरैशी, मोहम्मद मियां कादरी, नजाकत, मोहम्मद फैजान कादरी आदि मौजूद रहे।

### रमजान में गुनाहों के लिए दिल की बेजारी से करें तौबा



इमाम मौलाना अली मोहम्मद नकवी।

**रामपुर, अमृत विचार :** नबी-ए-करीम मोहम्मद मुस्तफा स. का फरमान है कि माहे रमजान में जन्नत के दरवाज़े खोल दिये जाते हैं और आखिरी रात तक बंद नहीं होते। जो कोई बन्दा इस माहे मुबारक की किसी भी रत में नमाज पढ़ता है तो अल्लाह उस के हर सजदे के एवज नेकियां लिखता है और उसके लिये जन्नत में सुर्ख याकूत का घर बनाता है। हर चौखट के दरवाजे सोने के बने होंगे जिनमें याकूते सुर्ख जड़े होंगे। शिया जामा मस्जिद के इमाम सैयद अली नकवी बताते हैं कि जो कोई माहे रमजान का पहला रोजा रखता है तो अल्लाह महीने के आखिरी दिन तक के गुनाह माफ फरमा देता है। रात और दिन में जब भी वो सजदा करता है उस के हर सजदे के एवज में जन्नत में एक एक दरख्त अता किया जाता है। यह महीना सब्र का है और सब्र का सवाब जन्नत है।

### खानकाहे साबरी में कुरान हुआ मुकम्मल

**अमृत विचार, रामपुर :** डूंगरपुर स्थित खानकाहे साबरी में तरावीह के नमाज में कुरान मजीद मुकम्मल हो गया। तरावीह की नमाज में हाफिज मोहम्मद सालिक ने सवा पारा रोजाना सुनाया जबकि, सामां के फराइज अब्दुर्रहीम ने अदा किए। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद सालिक ने कहा कि माहे रमजान में कुरान मजीद नाजिल हुआ। इस महीने में कुरान मजीद की तिलावत करने पर अल्लाह 70 गुना सवाब देता है। कहा कि माहे रमजान में कुरान मजीद की ज्यादा से ज्यादा तिलावत करना चाहिए। रोजा रखकर चुगली नहीं करना चाहिए, झूठ नहीं बोलना चाहिए।

# रिया व गुल्फिजा को किया सम्मानित



रिया जैन को सम्मानित करते डीएम। ● अमृत विचार



गुल्फिजा। ● अमृत विचार

- यूपीएससी क्रैक करने पर डीएम ने दोनों को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार:** यूपीएससी परीक्षा में सफलता पाकर रामपुर का नाम रोशन करने वाली जिले की रिया जैन और गुल्फिजा को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सम्मानित किया।

तहसील शाहबाद निवासी गुल्फिजा और तहसील बिलासपुर निवासी रिया जैन को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय में आमंत्रित किया था। बुधवार को दोनों छात्राओं को जिलाधिकारी ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं की उपलब्धि जनपद के लिए गर्व का विषय है और उनकी सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

# पूर्व सांसद से कांग्रेसियों ने की मुलाकात

**रामपुर, अमृत विचार:** पूर्व विधायक संजय कपूर ने कांग्रेस नेताओं के संग पूर्व मंत्री आजम खां के घर पहुंचकर उनकी पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन फातिमा से मुलाकात की। इससे पहले पूर्व सांसद को पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। मुलाकात के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने आजम खान के परिवार को भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक पर्व ईद उल फितर की शुभकामनाएं दी। रामपुर की सियासत में प्रभाव रखने वाले मोहम्मद आजम खान के परिवार से मुलाकात को कई लोग राजनीतिक गतिविधियों से भी जोड़कर देख रहे हैं। मुलाकात के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने भी सामाजिक सौहार्द के लिए मिले थे।

# सिखों ने जताया मुख्यमंत्री का अभार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिलते सिख प्रतिनिधिमंडल सदस्य। ● अमृत विचार

- सिख प्रतिनिधि मंडल लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिला

**अमृत विचार:** कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख के नेतृत्व में बुधवार को एक सिख प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट द्वारा आनंद विवाह रजिस्ट्रेशन नियमावली 2026 (आनंद कारज) को स्वीकृति देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के सिख समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है, जिससे सिक्ख परंपरा के अनुसार संपन्न होने वाले आनंद कारज विवाहों के पंजीकरण में सुविधा प्राप्त होगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री से सकारात्मक चर्चा की। भेंट के दौरान दिलप्रीत सिंह डीपी, लखविंदरपाल सिंह, रणवीर सिंह कलसी, सुरिंदरपाल सिंह बख्शी, गुरबाज सिंह, परविंदर सिंह, निर्मल सिंह, हरविंदर सिंह लार्ड, हरपाल सिंह तथा गुरविंदर सिंह छाबड़ा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी सिक्ख समुदाय को बधाई देते हुए उन्हें संगठित रहकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का संदेश दिया।

# वीडियो वायरल की धमकी का आरोपी गिरफ्तार

**टांडा, अमृत विचार:** पुलिस ने दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को को सीकमपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक निवासी पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ग्राम धनुपुरा निवासी आरोपी जावेद ने युवती के साथ छेड़छाड़ की थी। पीड़िता ने जब इसकी शिकायत युवक के परिजनों से की, तो जावेद के परिजनों पीड़िता के साथ मारपीट की। 9 जनवरी को आरोपी जावेद ने घर में घुसकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और उसकी वीडियो बना ली। इसके बाद 19 जनवरी को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दोबारा दुष्कर्म किया। पुलिस ने जावेद के साले और दो अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# दौड़ में गुलाब जहां और रोहित को मिला प्रथम स्थान



वार्षिक क्रीड़ा समारोह में पहले दिन मार्च पास्ट करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आरएस गिरि ने फीता काटकर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

छात्र वर्ग की लंबी कूद में मोहम्मद इस्लाम प्रथम, विशाल कुमार द्वितीय तथा मोहम्मद फरमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पहले दिन हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्रा वर्ग की भाला फेंक प्रतियोगिता में गुलाब जहां प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं छात्र वर्ग में रोहित को प्रथम स्थान मिला। छात्रा वर्ग की 200 मीटर दौड़ में शिवानी प्रथम और छात्र वर्ग में रोहित कुमार प्रथम स्थान पर रहे। छात्र वर्ग की 400 मीटर दौड़ में रोहित ने पहला स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों में प्रो. कैलाश चंद्र, डॉ. जोगेंद्र कुमार, डॉ. अनुपम मित्र, डॉ. पवन कुमार, डॉ. बालमुकुंद वर्मा, डॉ. मनीषा रानी शामिल रहे। इस मौके पर डॉ. मुजाहिद अली, डॉ. वीके राय, शीतल सिंह, राहत अली, संजय आदि उपस्थित रहे। संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. कपिल देव ने किया।

# रजा लाइब्रेरी से रूबरू हुए प्रयागराज के युवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



प्रयागराज से आए युवाओं को रजा लाइब्रेरी जानकारी देते निदेशक डॉ.पुष्कर मिश्र।

- माई भारत के तहत इंटर डिस्ट्रिक्ट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आए हैं युवा

**अमृत विचार:** माई भारत के तहत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आयोजित इंटर-डिस्ट्रिक्ट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत प्रयागराज से आए युवाओं के प्रतिनिधिमंडल ने रजा लाइब्रेरी का शैक्षिक भ्रमण किया। लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कार मिश्र ने कहा कि नवाब फैजुल्लाह खान ने लाइब्रेरी की स्थापना 7 अक्टूबर 1774 को कराई थी।

उसके बाद पीढ़ी दर पीढ़ी आगे के नवाबों ने इस संग्रह को समृद्ध किया। लाइब्रेरी के संग्रह में बहुत सी अमूल्य पांडुलिपियां हैं। प्रयागराज से आए युवाओं ने रजा लाइब्रेरी के समृद्ध इतिहास, दुर्लभ पांडुलिपियों, बहुभाषिक संग्रह तथा सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी हासिल की। इस मौके पर लाइब्रेरी के निदेशक ने कहा कि रजा लाइब्रेरी की स्थापना को 251 वर्ष हो चुके हैं। इसमें 21 से अधिक भाषाओं में पांडुलिपियां और मुद्रित पुस्तकें उपलब्ध हैं। लाइब्रेरी की तीन पांडुलिपियों को भारत सरकार के राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन द्वारा भारत की धरोहर घोषित किया गया है। पहली पांडुलिपि 7वीं शताब्दी ईस्वी की अल-कुरआन है, जिसे हजरत इमाम अली ने कूफी लिपि में पार्चमेंट पर लिखा था। दूसरी अद्वितीय चित्रित पांडुलिपि वाल्मीकि रामायण है, जिसका फारसी अनुवाद सुमेर चंद ने किया और 1715-16 ईस्वी में इसका चित्रांकन हुआ। इस पांडुलिपि में 258 लघुचित्र हैं, जो उस समय की कला, वास्तुकला, वस्त्र एवं आभूषणों से रूबरू कराते हैं। तीसरी पांडुलिपि कलीला व दिमना है, यह प्रसिद्ध भारतीय नीति कथाओं पंचतंत्र पर आधारित है, और इसके लघुचित्र प्राकृतिक दृश्य, वनस्पति एवं जीव-जंतुओं को विशिष्ट रंगों में दर्शाते हैं। रजा लाइब्रेरी का भवन 1905 में बनकर तैयार हुआ था। इसकी आठ मीनारों में पहला भाग मस्जिद का, दूसरा भाग गिरिजाघर का, तीसरा गुरुद्वारे का और चौथा मंदिर का प्रतीक है। 1905 में आठ मीनारों के साथ बना यह भवन इसे एक बहुसांस्कृतिक संस्थान के रूप में भी स्थापित करता है। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने पुस्तकालय के विभिन्न अनुभागों, दुर्लभ संग्रह तथा संग्रहालय का अवलोकन किया और पुस्तकालय के बौद्धिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# पुलिस पर चालक ने डंपर चढ़ाने का किया प्रयास

संवाददाता, सैदनगर

- पुलिस लगा रही डंपर चालक का पता
- चालक ने बैरियर तोड़ा, बाल बाल बचे पुलिस कर्मी

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में डंपर जमकर खनन किया जा रहा है। मंगलवार सुबह को मिट्टी से भरे कई डंपर स्वार से रामपुर की ओर जा रहे थे। पुलिस ने बैरियर लगाकर डंपरों को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान एक चालक ने डंपर से बैरियर तोड़ दिया और डंपर को पास खड़े पुलिस कर्मियों पर चढ़ाने का प्रयास किया। जिसमें पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के स्वार इलाके में खनन हो रहा है। मंगलवार सुबह को दर्जनों डंपर खनन करके मिट्टी ले जा रहे थे। इसी बीच पुलिस ने डंपरों का रोकने का प्रयास किया। लेकिन चालक ने डंपर नहीं रोके। पुलिस कर्मी ने खोद चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों को डंपरों को रोकने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस कर्मियों ने बैरियर लगाकर डंपरों को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान आगे चल रहे चालक ने डंपर को तेज गति से ले जाकर बैरियर तोड़ दिया। पुलिस कर्मियों ने डंपर रोकने का प्रयास किया तो चालक ने पुलिस कर्मियों पर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस कर्मी सड़क से नीचे की ओर भाग गए, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस कर्मियों ने बताया कि इसके बाद चालक जौहर बाईपास से होकर रामपुर की ओर भागने लगे। थाना पुलिस जब तक पहुंचती तब आरोपी डंपर लेकर भाग गए।

## न्यूज ब्रीफ

### झांसे में ले कुंडल मोबाइल व रुपए ठगे

**नूरपुर, अमृत विचार :** गांव राहुनंगली निवासी मधुबाला पत्नी सरदार सेवा सिंह मंगलवार को दोपहर करीब डेढ बजे कस्बे में एक ज्वैलर्स की दुकान पर रखी गिरवी छुडाने आई थी। ज्वैलर्स की दुकान से चंद कदम पहले ही दो युवक उसे झांसा देकर सौ कदम आगे एक स्कूल के सामने ले गए। वहां जबरन उसके कानों के सोने के कुंडल, चेन उतरवा लिए। दस हजार रुपये व छोटा मोबाइल भी ले लिया। इसी दौरान उसे चक्कर आने लगा। शायद उसे कोई नशीला पदार्थ सुंघाया था। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

### बाइकों की भिड़ंत में एक किशोर की मौत

**हल्दौर, अमृत विचार :** थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी बंटी सैनी का 15 वर्षीय पुत्र सूरज बाइक से हल्दौर की ओर जा रहा था वहीं गांव पैजनियां निवासी विशाल त्यागी बाइक पर सवार होकर बिजनौर की ओर से अपने घर जा रहा था। छजुपुरा सादात के निकट एक रेस्टोरेंट के सामने दोनों बाइकों की देर शाम भीषण भिड़ंत हो गई और दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं विशाल भर्ती है।

### हादसे में युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** बक्शीवाला गांव निवासी वीनू ( पुत्र कुंवर सिंह किसी काम से पैदल जा रहे थे। घर से करीब 100 मीटर दूर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। वीनू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नगर विकास समिति की बैठक का आयोजन

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत सैद नगली कार्यालय मे नगर विकास समिति की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे नगर के लोगो मे विकास सम्बंधित सुझाव दिए व पी.एम सोलर योजना के बारे मे सकारात्मक चर्चा की। जल संचय योजना के तहत वाटर हार्वेस्टिंग की योजना भी लागू करने का प्रस्ताव पारित किया गया। व्यापारियों ने अतिक्रमण हटवाने और शनिवार के दिन बाजार बंद रखने का प्रस्ताव भी रखा। अधिशासी अधिकारी सलील भारद्वाज, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, प्रदीप गुप्ता, नवनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# दरोगा भर्ती परीक्षा की तैयारियों में जुटा प्रशासन

## परीक्षा केंद्रों में नहीं ले जा सकेंगे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, प्रवेश पत्र और आईडी कार्ड से मिलेगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- 14 व 15 मार्च को 10 केंद्रों पर 18240 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**अमृत विचार :** पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन ने बैठक की। डीएम ने कहा कि परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी स्तर पर पारदर्शिता और शुचिता से समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई परीक्षा की पारदर्शिता भंग करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में में 14 और 15 मार्च को 10 केंद्रों पर कुल 18240 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पुरुष और महिला अभ्यर्थियों की जांच के लिए अलग-अलग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए। केंद्रों पर तैनात सभी कार्मिकों को अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और केंद्र पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि वे पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कहा कि परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी स्तर पर पारदर्शिता और शुचिता से समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई परीक्षा की शुचिता भंग करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रेलवे, रोडवेज और परिवहन विभाग को निर्देश दिए गए कि परीक्षार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने बताया


अधिकारियों को बैठक में निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

कि परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण परीक्षा है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं और किसी भी भ्रामक सूचना से बचें। उन्होंने कहा कि परीक्षा से संबंधित निर्देश पुस्तिका को भलीभांति पढ़कर ही ड्यूटी का निर्वहन किया जाए। बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और यातायात प्रबंधन की भी समुचित व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाबी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थ बैंड समेत सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। अभ्यर्थियों को केवल पेन, प्रवेश पत्र और आईडी कार्ड के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। बैठक में एडीएम गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### शहर में ये बनाए गए परीक्षा केंद्र

ए.के.के. इंटर कॉलेज, भगवत सरन इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू महाविद्यालय ब्लॉक-ए, जेएस हिंदू महाविद्यालय ब्लॉक-बी, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज और सिख इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** लग्न समारोह में से लौट रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया।


मृतक टीटू।

आदमपुर के गांव सब्दलपुर की मंढैया बीच वाली निवासी टीटू पुत्र बृजपाल एवं सनी पुत्र केहर सिंह मंगलवार की देर रात पड़ोसी गांव में मंढे की दावत खाकर बाइक से अपने घर को लौट रहे थे। जैसे ही वह गाव भीमा सुल्तानपुर ढवारसी मार्ग के निकट दोनों की बाइक पहुंची तो पीछे से किसी अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि टीटू की मौके पर मौत हो गई और सनी गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से मृतक एवं घायल को सीएचसी पर भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल सनी का उपचार कर घर भेज दिया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# दरोगा पर जूस विक्रेता से मारपीट कर नारियल ले जाने का आरोप

संवाददाता, हसनपुर

- व्यापारियों में गुस्सा, अधिकारियों से की शिकायत
- दरोगा ने कहा आरोप झूठे अतिक्रमण हटा रहा था

**अमृत विचार :** नगर के अमरोहा अड्डे पर एक दरोगा ने जूस कार्नर के संचालक के नारियल अपनी कार में भर लिए। दुकानदार ने विरोध किया तो उसकी पिटाई भी कर दी गई। व्यापारियों ने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला खैवान निवासी सागर ठेला पर जूस बेचता है। बुधवार की दोपहर नगर के अमरोहा अड्डे पर कोतवाली में तैनात एक दरोगा कुछ सिपाहियों के साथ पहुंचा। अतिक्रमण को लेकर सागर को डांटना शुरू कर दिया। इसी दौरान सागर की दरोगा में कहासुनी हो गई। गुस्साए दारोगा ने अमरोहा अड्डे पर तैनात दो होमगार्ड से सागर के ठेले पर रखे नारियलों को उठवाकर अपनी कार में भरवा लिया। विरोध किया


थाने में जानकारी देते व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता। ● अमृत विचार

तो सागर की पिटाई कर कोतवाली तक ले आया। लगभग आधे घंटे बाद दारोगा ने युवक को छोड़ दिया। व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि कोतवाली में तैनात दरोगा का व्यवहार बहुत ही निंदनीय है। दरोगा पर कार्रवाई की। वहीं दरागो ने बताया कि उस पर लगाए गए आरोप निराधारहैं। चौराहे पर जाम लगने के कारण अतिक्रमण हो रहा था जिससे ठेला हटवाया गया था।

## मौला अली की यौमे शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद

**सैदनगली, अमृत विचार :** आख़री रसूल के दामाद जानशीन वसी कायनात के मौला पहले इमाम हज़रत अली की यौमे शहादत पर मुहल्ला सादात की मस्जिद से शबीहे ताबूत बरामद हुआ जो इमामबारगाह दादे वाले पुहंचकर खत्म हुआ।

इमामबारगाह दादे हिमायत अली मे मजलिस हुई जिसमे मर्सियाखुवानी डॉ लईक हैदर और हमनवा ने की। मजलिस को दिल्ली से तशरीफ़ लाए डॉ गुलाम असगर रिज़वी ने खिताब करते हुए कहा कि मौला अली की शहादत 21 रमज़ान को हुई थी। शहादत का ज़िक्र सुनकर अजादार खूब रोये और मातम किया। नोहे रियाजुल हसन, मिसाल अब्बास, हैदर अब्बास ने पढ़े। इसके अलावा मुहल्ला दख्खिन की मस्जिद से भी मौला अली का शबीहे ताबूत बरामद हुआ। जो इमामबारगाह फ़ातेमा मे जाकर समाप्त हुआ। इससे पहले इमामबाड़ा फ़ातेमा दख्खिन मे मजलिस हुई।

# डंपर, टेंपो और कार की टक्कर में टेंपो चालक समेत नौ लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नौगावां-अमरोहा रोड पर बुधवार को डंपर, टेंपो और कार की भिड़ंत में टेंपो चालक समेत नौ लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत फरार हो गया।

यह हादसा थाना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव मखदूमपुर के पास हुआ। बुधवार को नौगावां की ओर से टेंपो आ रहा था और उसके आगे एक डंपर था। टेंपो चालक डंपर को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही कार से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। डंपर भी अनियंत्रित होकर दोनों वाहनों में जा घुसा। टक्कर के बाद घटनास्थल पर


क्षतिग्रस्त कार।


क्षतिग्रस्त टेंपो।

- जिला अस्पताल में हो रहा घायलों का इलाज

अफरा-तफरी मच गई और भीड़ जमा हो गई। डंपर चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन समेत फरार हो गया। डायल 112 पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे में सोमपाल और उनके चाचा पीतांबर निवासी आबे हफीजपुर, हरपाल सिंह निवासी बागड़पुर इम्मा, नौगावां सादात, नईमा खातून निवासी बिलनी, नौगावां सादात तथा रजिया बेगम निवासी मोहल्ला बड़ी सराय, अमरोहा सहित कुल नौ लोग घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया हादसे के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ लोगों की हालत गंभीर है। हादसे के बाद फरार डंपर चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# गैस की कमी नहीं, अफवाहों से बचें उपभोक्ता: डीएम

कार्यकाल संवाददाता अमरोहा

- अफवाहों को लेकर जिला प्रशासन ने जारी किया स्पष्टीकरण
- कालाबाजारी और जमाखोरी पर की जाएगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों पर जिला प्रशासन ने स्पष्टीकरण जारी किया है। डीएम निधि गुप्ता का कहना है कि अमरोहा में गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है और सभी उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जनपद की सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि गैस कनेक्शनधारकों को घरेलू एलपीजी गैस (14.2 किलोग्राम) की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार वर्तमान में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए गैस सिलेंडर की डिलीवरी बुकिंग के 25 दिन बाद शत-प्रतिशत ओटीपी प्रणाली के माध्यम से की जा रही है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि भ्रामक खबरों और अफवाहों पर विश्वास न करें तथा गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ और लंबी कतारें न लगाएं। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सभी एलपीजी विक्रय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जनपद में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी किसी भी स्थिति में न होने पाए। यदि इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गैस संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जिला पूर्ति कार्यालय में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। इसके लिए दूरभाष नंबर 05922-297122 जारी किया गया है।

## अलीपुर कलां में फिर दिखा तेंदुआ

**अमरोहा, अमृत विचार:** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर कलां में मंगलवार देर रात फिर तेंदुआ देखे जाने से दहशत फैल गई। गांव के एक युवक ने नहर पुल के पास बैठे तेंदुए की मोबाइल से तस्वीर भी लीं।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव अलीपुर कलां निवासी बबलू ने बताया कि वह मंगलवार देर रात धनोरा से लौट रहा था। रामगंगा पोषक नहर के पुल के पास तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। उसने मोबाइल फोन से उसकी तस्वीर भी ले ली। बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से एक तेंदुआ इसी क्षेत्र में सक्रिय है। रामगंगा पोषक नहर के किनारे घनी झाड़ियां और सुनसान रास्ते होने के कारण तेंदुआ अक्सर इन्हीं जगहों पर छिपा रहता है। तेंदुए के बार-बार दिखाई देने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने और आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। वन विभाग के दरोगा केपी सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# सीईओ बोले, यूपी में 99 फीसद एसआईआर पूरी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बिजनौर में की पत्रकार वार्ता

**अमृत विचार :** प्रदेश में एसआईआर के दौरान 3 करोड़ 26 लाख को नोटिस जारी किए गए थे जिसमें दो करोड़ 22 लाख नोटिस दिए गए उसमें से 80 लाख का कोई रिकॉर्ड नहीं मिल पाया। उक्त जानकारी जनपद बिजनौर में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने कलेक्ट्रेट स्थित विदुर सभागार में एक प्रेस वार्ता में दी।

कहा कि उत्तर प्रदेश में 18 करोड़ 44 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत थे। एसआईआर में 2 करोड़ 88 लाख कम हुए थे जिसमें एक करोड़ मतदाता स्थानांतरित पाए गए 80 लाख का कोई पता नहीं चला। उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश में 99% एसआईआर पूरी हो चुकी है जिसमें से बिजनौर जिले में 93% हुई है। हमने यहां जिलाधिकारी को 21 मार्च तक सुनवाई पूरी होने के लिए निर्देश दिए हैं क्योंकि 10 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रकाशन होना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया जो व्यक्ति 7 - 8 और 9 अप्रैल को अपना मतदाता वोट बनवाने के लिए फॉर्म-6 भरेगा उसका वोट तो बनेगा पर प्रकाशित नई सूची में उसका नाम नहीं शामिल होगा।

उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश की आबादी लगभग 25 करोड़ है जिसमें से लगभग 16 करोड़ मतदाता होंगे। इस बार पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं के कम आवेदन हुए हैं। इस बार विशेष ध्यान रखा गया है कि एक परिवार की अलग-अलग बूथों पर वोट न होकर एक स्थान पर ही तथा कम दूरी पर हो। जिलाधिकारी जसजीत कौर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह एसडीएम सदर रितु रानी सूचना अधिकारी बिजनौर हर्ष चावला मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### सेल्समैन को पीट कर किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** देसी शराब की दुकान के सेल्समैन को घर आते समय अज्ञात व्यक्तियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। एसपी ने रात में ही मौका मुआयना किया। गांव करनखाल में सरकारी देसी शराब की दुकान पर नगर निवासी भारत सिंह सेल्समेन है। वह मंगलवार की देर रात दुकान बंद कर बाइक से घर आ रहा था। लिंक मार्ग पर स्थित पुलिया के निकट अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोककर मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस एवं दुकान स्वामी मौके पर पहुंचे। घायल सेल्समैन को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेरठ रेफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, पुलिस क्षेत्र अधिकारी अभिषेक यादव, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने मौका मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि शराब की दुकान के सेल्समैन के साथ कुछ अज्ञात लोगों ने मारपीट की है। जिससे वह घायल हो गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



### श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया गोवर्धन लीला का प्रसंग

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में श्री मद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक मोहित भारद्वाज ने भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन पर्वत लीला का प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का अंत कर ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया प्रसंग में बताया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। घमंड दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू कर दी थी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। वर्षा से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। 7 दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। ननहुआ सिंह, जगदीश ठेकेदार, ओमपाल सिंह, मास्टर पूरन सिंह ,प्रशांत, डोरी, दयाराम, शेर सिंह, पूरन सिंह, राजू ,बदलू आदि मौजूद रहे।

### अमरोहा अड्डे पर जाम हो गया आम, लोग परेशान

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर लगा जाम एक आम बात हो गई है। बुधवार की दोपहर अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर जाम लग गया जिसके कारण वाहनों के पहिए थम गए। वाहनों के पहिए थम जाने के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। जाम लगने के कारण उसमें एंबुलेंस भी फस गई। दो पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस को निकलवाया। अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर प्रतिदिन जाम लगता है। लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। जाम की समस्या धीरे-धीरे नगर के अंदर एवं बाईपास मार्ग पर भ्ज्ञी विकराल रूप धारण कर चुकी है। व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल द्वारा बताया गया कि व्यापारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठकों में कई बार जाम का मुद्दा उठाया गया है। लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इस समस्या को लेकर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### अपराधियों, माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करें:एसपी

**अमरोहा, अमृत विचार :** एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन सभागार में सभी थाना सीओ व सभी थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने टॉप-10 अपराधियों और चिन्हित माफियाओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए उनके खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, जिला बदर की कार्रवाई करने तथा गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया। बैठक में अनावरण हेतु लंबित अभियोगों, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पीजीआरयू, जनशिकायत और आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की थानावार समीक्षा की गई। एसपी ने अधिकारियों को इन मामलों में निष्पक्ष और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने डकैती, लूट, नकबजनी, चोरी और गोवध से जुड़े अपराधियों का सत्यापन कराने तथा उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा।

### 17 मार्च को कारीगरों को बांटी जाएंगी टूल किट

**अमरोहा, अमृत विचार :** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं उप्र माटीकला बोर्ड की ओर से माटीकला कार्य से जुड़े कुम्हारों, परंपरागत कारीगरों, उद्यमियों और शिल्पियों के समन्वित विकास के उद्देश्य से 17 मार्च को सुबह 11 बजे से विकास भवन परिसर में माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि इसमें माटीकला से जुड़े कारीगरों को जागरूक करने के साथ ही टूल-किट्स का वितरण भी किया जाएगा। बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनमानस में माटीकला उत्पादों के उपयोग के प्रति आकर्षण बढ़ाना और कारीगरों को अपने उत्पादों के विपणन के लिए प्रेरित करना है। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, गतिविधियों और कार्यरत उद्यमियों को उत्पाद विकास, गुणवत्ता सुधार तथा आधुनिक तकनीक की जानकारी भी दी जाएगी।

## बच्ची से दुराचार का आरोपी पड़ोसी गिरफ्तार, जेल भेजा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** पुलिस ने चार वर्षीय बच्ची से दरिंदगी के आरोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मंगलवार को एक मोहल्ले में रहने वाली चार वर्षीय बच्ची के साथ उसके पड़ोसी युवक ने दुराचार किया। मां द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे बच्ची लहूलुहान हालत में रोती हुई घर पहुँची। बच्ची ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया। क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया और प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। बुधवार को पुलिस ने शेरपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# चामुंडा मंदिर में दानपात्र काटकर चोरी

संवाददाता आदमपुर

**अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र में चामुंडा मंदिर में चोरों ने देर रात दानपात्र तोड़कर नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

थाना आदमपुर क्षेत्र के ग्राम गारवपुर उर्फ रुस्तमपुर में प्राचीन चामुंडा मंदिर में 10 मार्च की रात चोरों ने लोहे के दानपात्र को तोड़ दिया और उसमें रखी नकदी ले गए। बताया जा रहा है कि दानपात्र में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया गया लगभग डेढ़ लाख रुपये से अधिक का चढ़ावा रखा हुआ था। सुबह जब ग्रामीण मंदिर में पूजा करने पहुंचे तो दानपात्र टूटा हुआ देख हैरान रह गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर थाना आदमपुर पुलिस ने निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की और


चोरी की जानकारी देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव के धर्मपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध लोगों की तलाश की जा रही है।


मंदिर में तोड़ा गया दानपात्र।

## बाइक टच होने पर युवक को पीटकर किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव डगरौली निवासी प्रदीप पुत्र प्रवीण मंगलवार की देर रात गांव हथियाखेड़ा से अपने घर को लौट रहा था। कुछ दूरी पर ही उसकी बाइक से एक अन्य बाइक टकरा गई। जिससे नाराज होकर दबंगों द्वारा प्रदीप के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान प्रदीप को घायल कर दबंग मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही घायल प्रदीप के परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को लेकर कोतवाली आए और आरोपी दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल प्रदीप को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने घायल का उपचार किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया की मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है,घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार को बैठक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को चन्दौसी स्थित विश्राम कक्ष में प्रभारी सचिव दीपक कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिला सूचना अधिकारी ब्रजेश कुमार तथा पत्रकार मौजूद रहे। प्रभारी सचिव ने पत्रकारों से अपील की कि लोक अदालत से जुड़ी सूचनाओं और बैठकों की खबरें समय-समय पर प्रकाशित की जाएं, ताकि अधिक से अधिक वादकारी इसका लाभ उठा सकें।

### भानु प्रकाश वार्ष्णेय को दी गई श्रद्धांजलि

**बबराला, अमृत विचार :** प्रतिष्ठित व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता भानु प्रकाश वार्ष्णेय की स्मृति में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनका निधन 23 फरवरी को देहरादून में हुआ था। भजनोपदेशक हरिओम शास्त्री और उनकी टीम ने भजन व प्रार्थना प्रस्तुत कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, तिलक सिंह आर्य, धर्मपाल गुप्ता, उमेश दिवाकर, संजीव सोनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# कूलर लूटकांड में शामिल चार बदमाश गिरफ्तार

## कूलर और मिनी ट्रक बरामद, अमरोहा के बदमाशों ने की थी लूट, पुलिस टीम को 10 हजार रुपये इनाम दिया

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में कूलरों से लदी मिनी ट्रक लूटने की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटे गए सभी 20 कूलर और मिनी ट्रक बरामद कर लिया है। वह सेंट्रो कार भी बरामद कर ली गई है जिसका घटना के समय बदमाशों से इस्तेमाल किया था। पुलिस अधीक्षक ने वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को दस हजार रुपये इनाम दिया है।

चालक शाहिद हुसैन अमरोहा में आनंद पिक्चर हॉल के पास रहने वाले मोहम्मद शाकिर के यहां से अशोक लीलैंड मिनी ट्रक नंबर यूवी 23 टी 5155 में 20 कूलर लादकर संभल जिले के बहजोई ले जा रहा था। रविवार तड़के संभल-जोया मार्ग पर स्थित मीत ब्रिक वर्क ईंट भट्ठे के पास पीछे से आ रही कार में सवार बदमाशों ने आवाज लगाई कि उसकी गाड़ी से कूलर



पुलिस गिरफ्त में बदमाश व जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई। ● अमृत विचार

- लूट के दौरान इस्तेमाल की गई सेंट्रो कार भी पुलिस ने की बरामद
- पुलिस ने 24 घंटे में 70 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली

गिर रहा है। शाहिद हुसैन ने गाड़ी रोक कर कूलरों की रस्सी कसना शुरू किया तभी बदमाश मिनी ट्रक को मनोटा की ओर लेकर फरार हो गये थे। चालक कुछ दूर तक शोर मचाते हुए गाड़ी के पीछे दौड़ा।

इस वारदात को चुनौती मानकर पुलिस बदमाशों की धरपकड़ के प्रयास में जुटी थी। कामयाबी मिली तो बुधवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने मामले का खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक और असमोली क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस की तीन टीमों ने 24 घंटे के भीतर लगभग 70 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान यह भी पता चला कि बदमाश गाड़ी को लेकर कई रास्तों और गलियों से होते हुए अमरोहा जनपद में पहुंचे, जहां उन्होंने कूलरों को एक स्थान पर उतार दिया था। पुलिस की छानबीन में पता चला कि इस घटना को अंजाम देने वाले बदमाश अमरोहा जनपद के ही रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान शमीम , समीर , कासिम और आफताब के रूप में हुई। शमीम अमरोहा के मोहल्ला मोती शाह तकिया, समीर मोहल्ला कोट लाल मस्जिद, कासिम मोहल्ला नल जबकि आफताब मोहल्ला दरबारे कला का रहने वाला है।

पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई अशोक लीलैंड गाड़ी और सभी 20 कूलर भी बरामद कर लिए। बदमाशों ने वारदात को इस्तेमाल करते समय जिस सेंट्रो कार का इस्तेमाल किया गया था वह भी पुलिस ने बरामद कर ली है। एसपी ने बताया कि बदमाश सेंट्रो कार में सवार होकर अमरोहा से ही गाड़ी का पीछा कर रहे थे और सुनसान स्थान पर चालक को झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया था। एसपी ने बताया कि घटना के सफल अनावरण में अहम भूमिका निभाने वाली टीम को पुरस्कृत किया गया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी संजीव गिरी, एसएसआई नवीन कुमार शर्मा, दरोगा संदीप कुमार शर्मा सहित 11 पुलिस कर्मियों की टीम को 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया है।

### सीसीटीवी से बदमाशों तक पहुंची पुलिस

**संभल।** असमोली थाना क्षेत्र में कूलर लदे मिनी ट्रक को लूटकर ले जाने की घटना के बाद पुलिस ने बदमाशों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी कैमरों को खंगालने का काम शुरु किया। घटनास्थल से मनोटा पुलिस तक बदमाशों की सेंट्रो व लूटी गई गाड़ी दिखाई दे गई तो फिर पुलिस ने दूसरे रास्तों के सीसीटीवी की फुटेज देखनी शुरु की। इसके बाद ही बदमाशों व लूटी गई गाड़ी के सैदनगली तक पहुंचने की तस्वीरें सीसीटीवी में नजर आईं। पुलिस ने आगे भी सीसीटीवी खंगाले तो उसे बदमाशों तक पहुंचने का रास्ता मिल गया। सीओ असमोली कुलदीप कुमार ने बताया कि वारदात के खुलासे में पुलिस को सीसीटीवी से बड़ी मदद मिली।

# औद्योगिक गलियारे में पांच गांवों की जमीन चिन्हित

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारे का दायरा बढ़ा

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित किए जा रहे औद्योगिक गलियारे का दायरा बढ़ा दिया गया है। शासन के निर्देश पर दूसरे चरण में भी बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत जिले के पांच गांवों की करीब 303.598 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है।

प्रदेश सरकार गंगा एक्सप्रेसवे के आसपास बड़े औद्योगिक नेटवर्क के विकास की योजना पर काम कर रही है। औद्योगिक गलियारे के विस्तार से जिले में औद्योगिक विकास की संभावनाएं और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासन की ओर से जारी विवरण के अनुसार दूसरे चरण में अमावती कुतुबपुर, सारंगपुर, भमौरी पट्टी, खरसपा और सौंधन मोहम्मदपुर गांवों की भूमि को परियोजना में शामिल किया गया है। इन गांवों की कुल 303.598 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है, जिसमें 287.765 हेक्टेयर निजी भूमि और 15.833 हेक्टेयर ग्राम समाज की भूमि शामिल है। ग्रामवार आंकड़ों के अनुसार अमावती कुतुबपुर से 53.109 हेक्टेयर, सारंगपुर से 82.825 हेक्टेयर, भमौरी पट्टी से 32.034 हेक्टेयर, खरसपा से 63.369 हेक्टेयर और सौंधन मोहम्मदपुर से 56.428 हेक्टेयर निजी भूमि औद्योगिक गलियारे के लिए प्रस्तावित की गई है। प्रशासनिक स्तर पर इन क्षेत्रों का सर्वे कर भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है। पहले चरण में भी कई गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है और उससे संबंधित कार्य अब अंतिम चरण में है। दूसरे चरण में दायरा बढ़ने के बाद प्रशासन ने प्रस्तावित क्षेत्रों का नक्शा भी जारी कर दिया है। जल्द ही भूमि अधिग्रहण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना से आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

# बीएसएफ सूबेदार ओमप्रकाश का सम्मानपूर्वक किया अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता , संभल

**अमृत विचार :** बीएसएफ के सूबेदार ओमप्रकाश गोस्वामी जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में ड्यूटी के दौरान हुए हादसे में शहीद हो गए। बुधवार शाम उनका गमगीन माहौल में सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया।



सूबेदार ओमप्रकाश।

सूबेदार ओमप्रकाश (58 वर्ष) गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव पुसावली के निवासी थे। उनकी पत्नी सुदेश देवी का कोरोना काल में कोविड संक्रमण से निधन हो गया था। परिवार में उनकी वृद्ध मां चंद्रावती, बेटा ऋतिक और बेटी जिया हैं। ओमप्रकाश बीएसएफ में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में सूबेदार थे। पेट्रोलिंग के दौरान उनका वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया, जिसमें उनकी मृत्यु हो गई थी। बुधवार देर शाम बीएसएफ के जवान पूरे सम्मान के साथ उनका पार्थिव शरीर बहजोई स्थित उनके आवास पर लाए। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर घर पहुंचा, परिजन बिलख पड़े और वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी। बीएसएफ के जवानों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शहीद सूबेदार का अंतिम संस्कार सम्मान के साथ किया गया।



अंतिम विदाई देते बीएसएफ के जवान। ● अमृत विचार

- कुपवाड़ा में वाहन गहरी खाई में गिरने से उनकी मृत्यु हो गई

# जलभराव में ई-रिक्शा पलटने से दबकर बुजुर्ग की मौत

- व्यापारियों ने नगर पालिका पर लगाया लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** चंदौसी में सड़क पर लंबे समय से जलभराव के कारण बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। पानी से भरी सड़क पर अनियंत्रित होकर पलटी ई-रिक्शा के नीचे दबने से 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। व्यापारियों ने घटना के लिए नगर पालिका को जिम्मेदार बताते हुए आक्रोश जताया।

बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव दासपुर निवासी शेर सिंह (60) पिछले काफी समय से चंदौसी में रहकर डेकोरेशन का काम करते थे। बुधवार को वह ई-रिक्शा में सवार होकर कस्बे की गणेश कॉलोनी की ओर जा रहे थे। मोहल्ला सीकरी गेट स्थित सलीम की पुलिया के पास ई-रिक्शा का एक पहिया जलभराव के बीच गहरे गड्ढे में चला गया, जिससे वाहन अचानक असंतुलित हो गया और पलट गया। ई-रिक्शा में डेकोरेशन का भारी सामान रखा हुआ था, जिससे उसका वजन ज्यादा था। शेर सिंह उसके नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने काफी प्रयास के बाद ई-रिक्शा को सीधाकर शेर सिंह को बाहर निकाला। उन्हें गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदौसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अनुज तोमर ने बताया कि ई-रिक्शा के नीचे दबने से बदायूं निवासी एक बुजुर्ग की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



इसी जलभराव में ई-रिक्शा पलटने से वृद्ध की हुई मौत। ● अमृत विचार

### भड़के व्यापारी, ठेकेदार के खिलाफ दी शिकायत

**संभल।** घटना के बाद व्यापारियों ने गुस्से का इजहार किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता अन्य व्यापारियों ने चंदौसी कोतवाली में नगर पालिका के ठेकेदार के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि सीकरी गेट और आसपास के इलाके में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। कई बार नगर पालिका को शिकायत देने और धरना-प्रदर्शन करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। आश्वासन दिया गया था कि होली से पहले सड़क और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता ने प्रशासन से मामले की जांच कर जिम्मेदार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा क्षेत्र में जलनिकासी की व्यवस्था जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है।



पालिका ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# दुष्कर्म मामले में दो दोषियों को 20-20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** आठ साल पहले किशोरी से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) / अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

बुधवार को संभल की विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अदालत में थाना असमोली क्षेत्र के एक गांव से जुड़े आठ वर्ष पुराने मामले में फैसला सुनाया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने अमित और टीकाराम को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी, जबकि शेष राशि राज्य सरकार के खाते में जमा की जाएगी। साथ ही दोनों अभियुक्तों द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मामले के अनुसार पीड़िता के भाई ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि दोनों आरोपी उसकी बहन को गन्ने के खेत में खींच ले गए थे। वहां तमंचे से डराकर उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद किशोरी फटे कपड़ों में घर पहुंची थी, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# अवैध संबंध में की थी युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, संभल

- युवती के दो चाचा समेत तीन गिरफ्तार, दो फरार
- ईंट भट्ठा मजदूर की कुल्हाड़ी से की गई थी हत्या

**अमृत विचार:** भट्ठा मजदूर की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। अवैध संबंध के शक में युवती के पिता व परिजनों ने युवक की जान ली थी। पुलिस ने युवती के दो चाचा समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पिता सहित दो आरोपी फरार हैं।



मृतक बॉबी।

थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बलकरनपुर निवासी राय सिंह का 20 वर्षीय बेटा बॉबी ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। 6 मार्च की रात बॉबी को गांव का जसराज उर्फ तुल्लन बुलाकर ले गया। परिजन उसकी तलाश करते हुए जसराज के घर पहुंचे तो बॉबी लहूलुहान हालत में मृत मिला। उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे और गर्दन कुल्हाड़ी से काटी गई थी। बॉबी के भाई बलबीर ने जसराज, नेपाल, हरपाल , नत्थू और तेजपाल के खिलाफ बॉबी की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि बॉबी के प्रेम संबंध नेपाल की बेटी से थे। लड़की के परिजन बॉबी नाराज थे। बॉबी नहीं माना तो उसे रास्ते से हटाने की साजिश रची । आरोपियों ने उसे बहाने से घर से बुलाया, फिर उसके हाथ-पैर बांधकर कुल्हाड़ी से गर्दन काट दी। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में नामजद पांच आरोपियों में से जसराज उर्फ तुल्लन, हरपाल और नत्थू लाल को गिरफ्तार कर लिया है। नेपाल और तेजपाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुन्नौर के बॉबी ने जीता गोल्ड

**बबराला, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में गुन्नौर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कैल के कक्षा आठ के छात्र बॉबी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लंबी कूद और ऊंची कूद में गोल्ड मेडल जीता। प्रधानाध्यापिका आरती वार्ष्णेय ने बताया कि 9 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय कैल के छात्र बॉबी और उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरौरा काजी की छात्रा नीतू का चयन हुआ था। नीतू प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकीं, जबकि बॉबी ने लंबी कूद और ऊंची कूद दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्टाफ ने छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।





### शिविर में छात्राओं को दी प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी

**चंदौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज चंदौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का आरंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल, डॉ. प्रियंका तथा मुख्य अतिथि डॉ. सतीश शर्मा ने किया। डॉ. सतीश शर्मा ने छात्राओं को पंचकर्म, नेचुरोपैथी और आयुर्वेद से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। शिविर के दूसरे सत्र में हिमांशी शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के शिविरों और उनकी गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शीतल ने किया, जबकि डॉ. प्रियंका ने आभार व्यक्त किया। शिविर के आयोजन में सीता और मुकेश का विशेष सहयोग रहा।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत, चाचा गंभीर

**संभल,** गुन्नौर में बदायूं-बबराला हाईवे पर नेहरू चौक के पास मंगलवार देर रात बाइक डिवाइडर से टकराने से युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव बिचपुरी सैलाब, थाना गुन्नौर निवासी जुगेश यादव (40) पुत्र रनवीर सिंह रिश्ते के भतीजे सत्येंद्र यादव (25) पुत्र ऋषिपाल सिंह के साथ बाइक से नूरपुर गांव में अपनी बहन के घर से जा रहे थे। बदायूं-बबराला हाईवे पर नेहरू चौक के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। निस्वार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष केबी यादव ने साथियों की मदद से ई-रिक्शा से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया। वहां डॉ. अजहर अली ने जांच के बाद सत्येंद्र यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि जुगेश की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। गुन्नौर कोतवाली प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्राम प्रधान रजनीश यादव ने बताया कि मृतक सत्येंद्र चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था।



मृतक सत्येंद्र यादव।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए वाहन रवाना

**चन्दौसी, अमृत विचार :** 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह ने सुबह 10 बजे जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन शहर और आसपास के क्षेत्रों में घूमकर लोगों को लोक अदालत के बारे में जानकारी देगा, ताकि अधिक से अधिक वादकारी इसका लाभ उठा सकें। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट रागिनी, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव दीपक कुमार जायसवाल सहित कई न्यायिक अधिकारी और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# सड़कों पर नमाज पढ़ने की नहीं होगी अनुमति

- सीओ बोले, नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** ईद और जुमा अलविदा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से संभल कोतवाली में शांति समिति की बैठक में नगर मजिस्ट्रेट और पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मुस्लिम समुदाय के संभ्रांत लोगों, धर्मगुरुओं और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ त्योहार की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की।

पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्थिति में सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नमाज केवल निर्धारित धार्मिक स्थलों और मस्जिदों के अंदर ही अदा की जाएगी। कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर मनमानी करने का प्रयास करता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि पूरे शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। कहा कि कुछ देशों के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। ऐसे में यहां किसी भी देश के समर्थन या विरोध में नारेबाजी, प्रदर्शन या किसी प्रकार की गतिविधि न की जाए। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने भी लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में मौजूद समाज के लोगों और धर्मगुरुओं ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएंगे तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करेंगे।



शांति समिति की बैठक में बोलते सीओ कुलदीप कुमार। ● अमृत विचार

# उपनिरीक्षक भर्ती में रहेंगे पुख्ता इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, संभल

- तैयारियों को लेकर एसपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में उप निरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर बैठक की गई।

पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधाओं, यातायात प्रबंधन तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। कहा कि भर्ती परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और शांति के साथ संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें। एसपी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा के दिन यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करे। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, क्षेत्राधिकारी चंदौसी दीपक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाज कल्याण विभाग में 'घोटाला सिंडिकेट' से लड़ना आसान नहीं

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- वर्षों पुराने फर्जीवाड़े पर कार्रवाई में हुई देर, नेता-लिपिक और दलालों का भंडाफोड़ मुश्किल
- पांच महीने में छह समाज कल्याण अधिकारी हुए बर्खास्त, अभी कार्रवाई की जद में दर्जनों

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सालों पुराने समाज कल्याण विभाग के 'घोटाला सिंडिकेट' कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ रही है। पांच माह में छह समाज कल्याण अधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद अभी दर्जनों कतार में हैं। हालांकि तत्कालीन मंत्री-शासन-प्रशासन से लेकर रातोंरात करोड़पति बनने वाले लिपिकों और दलालों को अंजाम तक पहुंचाना सपने जैसा है।

समाज कल्याण विभाग की कई योजनाओं में लंबे समय से फर्जीवाड़े के आरोप सामने आते रहे हैं। जांच में छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति, वृद्धावस्था पेंशन और आर्थिक सहायता योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। कई मामलों में करोड़ों रुपये की वसूली और सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में कटौती तक के आदेश दिए गए हैं। ताजा कार्रवाई में अमेठी के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला और हरदोई के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार को सेवा से बर्खास्त किया गया है। अमेठी में विभाग के ही प्रधान लिपिक गोकुल प्रसाद जायसवाल ने आरोप लगाया कि अधिकारी ने उन्हें चैंबर में बुलाकर धमकाया और मोबाइल छीनकर फोन-पे के जरिए उनकी पत्नी के खाते में 40 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। विभागीय जांच में आरोप सही पाए गए। हरदोई में तत्कालीन अधिकारी हर्ष मवार पर भुगतान और खरीद में टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार कर वित्तीय नियमों के विपरीत काम कराने के आरोप सिद्ध हुए। जांच में पाया गया कि कोटेशन के आधार पर भुगतान कर सरकारी धन के उपयोग में गंभीर अनियमितताएं की गईं।

### जिम्मेदारों तक कार्रवाई पहुंचेगी : असीम अरुण

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण का कहना है कि कई ऐसे मामले सामने आए हैं जो वर्षों से दबे पड़े थे। अब सभी मामलों में जांच कर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### ऐसे चलता था घोटाले का खेल

- योजनाओं में फर्जी लाभार्थी जोड़कर भुगतान
- छात्रवृत्ति के नाम पर मान्यता विहीन संस्थानों को धनराशि
- रिकॉर्ड में हेरफेर कर खातों में बदलाव
- टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार कर भुगतान
- कर्मचारियों पर दबाव और वसूली के आरोप

### अब तक की बड़ी कार्रवाई

- पांच माह में 6 जिला समाज कल्याण अधिकारी बर्खास्त
- कई मामलों में करोड़ों रुपये की वसूली के आदेश
- 3 सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में स्थायी कटौती
- कई अन्य अधिकारी-कर्मचारी अभी जांच के दायरे में

इससे पहले श्रावस्ती की तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव को भी सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। उन पर मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभार्थियों के खातों में हेरफेर कर सरकारी धन का गबन कराने के आरोप सिद्ध हुए। मथुरा के तत्कालीन अधिकारी करुणेश त्रिपाठी के मामले में जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। 11 मान्यता विहीन संस्थानों को 2.53 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति जारी कर दी गई और फर्जी छात्रों के नाम पर भुगतान हुआ। यहां तक कि 2 साल से 51 साल तक की उम्र के लोगों को आईटीआई छात्र दिखाया गया। हापुड़ के संजय कुमार ब्यास और शाहजहांपुर के राजेश कुमार के खिलाफ भी करोड़ों रुपये की अनियमितताओं के बाद बर्खास्तगी और वसूली की कार्रवाई हो चुकी है। वहीं औरैया के श्रीभगवान, मथुरा के विनोद शंकर तिवारी और उमा शंकर शर्मा जैसे सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में स्थायी कटौती के आदेश दिए गए हैं।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, विभाग में घोटालों का नेटवर्क सिर्फ जिलों तक सीमित नहीं था। योजनाओं के नाम पर फर्जी लाभार्थी जोड़ना, रिकॉर्ड में हेरफेर और मान्यता विहीन संस्थानों को भुगतान कर करोड़ों रुपये का खेल चलता रहा। अब जांच की आंच कई अन्य अधिकारियों, लिपिकों और कथित दलालों तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

# कृषि क्षेत्र के लिए 31.43 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 31.43 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की हैं। यह धनराशि बीज स्वावलंबन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना और कृषि विश्वविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण पर खर्च की जाएगी।

सरकारी जानकारी के अनुसार बीज स्वावलंबन नीति के तहत खाद्यान्न, दलहन और तिलहन के बीज उत्पादन के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड कार्यक्रम के लिए 12.26 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अलावा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन और एरियर के भुगतान के लिए 8.79 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत इटावा स्थित कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के कार्मिकों के वेतन-भत्तों के लिए 3.47 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि इन योजनाओं से कृषि अनुसंधान, बीज उत्पादन और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज में दो मंदिरों के विकास पर खर्च होंगे 3.46 करोड़ रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ/प्रयागराज:** संगम नगरी प्रयागराज में पर्यटन विभाग करछना स्थित फलाहिरी बाबा मंदिर और सोरांव तहसील के दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के विकास पर कुल 3 .46 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि फलाहिरी बाबा मंदिर के विकास के लिए 1.64 करोड़ रुपये और दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के सौंदर्यीकरण व पर्यटन सुविधाओं के लिए लगभग 1.82 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। परियोजना के तहत फलाहिरी बाबा मंदिर के लिए 40 लाख रुपये और दुर्गा मंदिर के लिए 45 लाख रुपये की पहली किस्त भी जारी कर दी गई है।

### अभ्यर्थियों को नहीं मिलेगी नि:शुल्क बस यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिए 14 व 15 मार्च 2026 को प्रस्तावित लिखित परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को परिवहन बस की निशुल्क यात्रा की सुविधा नहीं मिलेगी। विभागीय अधिकारी ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त सूचना को भ्रामक बताया है, जिसमें बताया गया है कि परिवहन निगम की बसों में एडमिट कार्ड दिखाकर नि :शुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। परिवहन निगम में प्रधान प्रबंधक (संचालन) अनिल कुमार ने बुधवार को समस्त क्षेत्रीय-सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त भ्रामक सूचना के खंडन के सम्बन्ध में बस अड्डों पर हेल्प डेस्क के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें।

### सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि 14 मार्च को प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए विभागवार नोडल अधिकारी नामित किए जाएं और अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन मामलों की पहचान कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव बुधवार को मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए और आमजन को इसके लाभों के बारे में जागरूक किया जाए। बैंक रिकवरी, बिजली कंपाउंडिंग, मोटर वाहन अधिनियम के लंबित चालान, राजस्व, नगर निगम कर, अतिक्रमण और अन्य विभागीय मामलों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।

# रेसिपी आधारित पुष्टाहार लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा यूपी

## अप्रैल से आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू होगी नई पौष्टिक भोजन व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुपोषण के खिलाफ प्रदेश सरकार के अभियान को मिलेगी मजबूती



**अमृत विचार:** प्रदेश में बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के बेहतर पोषण के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अप्रैल से प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार व्यवस्था लागू की जाएगी। भारत सरकार की गाइडलाइन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत लागू होने वाली इस व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत लाभार्थियों को तय पोषण मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के माध्यम से रेसिपी आधारित पुष्टाहार तैयार कर सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जिन जिलों या परियोजनाओं में इसकी व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी, वहां नैफेड के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने चेहरा पहचान प्रणाली (फेस रिकग्निशन सिस्टम) लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अनुपूरक पुष्टाहार का ऑफलाइन वितरण अमान्य होगा और केवल एफआरएस प्रणाली के माध्यम से ही वितरण मान्य माना जाएगा। इससे लाभार्थियों तक सही तरीके से पोषण सामग्री पहुंचाने और धांधली पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

### किसे क्या मिलेगा

- 6 माह–1 वर्ष : आटा–बेसन हलवा
- 1–3 वर्ष : आटा–बेसन हलवा
- 3–6 वर्ष : आटा–बेसन बर्फी व दलिया–मूंग–सोया खिचड़ी
- गर्भवती व धात्री महिलाएं : आटा–बेसन–सोया बर्फी व दलिया–मूंग–दाल खिचड़ी

### अतिकुपोषित बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था

- 6 माह–1 वर्ष : पौष्टिक हलवा
- 1–3 वर्ष : 'बाल संजीवनी' पौष्टिक हलवा
- 3–6 वर्ष : पौष्टिक हलवा और पौष्टिक दलिया

### व्यवस्था की खास बातें

- आंगनबाड़ी केंद्रों में रेसिपी आधारित पुष्टाहार
- फेस रिकग्निशन सिस्टम से वितरण
- 301.19 करोड़ रुपये का फंड मंजूर
- पोषण मानकों में 11 माइक्रोन्यूट्रिएंट शामिल

सरकार का मानना है कि रेसिपी आधारित पुष्टाहार व्यवस्था लागू होने से प्रदेश में कुपोषण के खिलाफ चल रही लड़ाई को नई ताकत मिलेगी और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों तथा महिलाओं को बेहतर पोषण उपलब्ध कराया जा सकेगा।



मुख्यमंत्री योगी की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर मौलाना सलीम का पुतला जलाते लोग।

## भाजपा के 'अच्छे दिनों' का सिलेंडर अब खाली हो चुका है : अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रसोई गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के "अच्छे दिनों" का सिलेंडर अब खाली हो चुका है और आम जनता गैस सिलेंडर के लिए परेशान हो रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि कई जगह उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगने के बाद बताया जा रहा है कि बिना डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) के सिलेंडर नहीं मिलेगा। ऐसे में अगर गैस कंपनियों का सर्वर डाउन है तो इसके लिए जनता जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्वर चलाना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन उसकी खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भोजन बनाने के संकट से जूझ रहे परिवारों की मजबूरी का फायदा उठाकर ब्लैक मार्केट में सिलेंडर कई गुना अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कोरोना काल में लोग ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए भटकते रहे और अब रसोई गैस के सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं।

## प्रधानमंत्री 14 को जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 मार्च को असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर को पूरे देश में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यूपी सरकार ने इस संबंध में सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शासनादेश के अनुसार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in पर होगा। प्रदेश के सभी जिलों, विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में किसानों को इस कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जोड़ने के लिए आयोजन किए जाएंगे।

# जिलों में बनेंगे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि जारी की गई

**अमृत विचार :** प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए योगी सरकार विभिन्न जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने जा रही है। इन विद्यालयों में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को एक ही परिसर में आधुनिक सुविधाओं के साथ शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

यह जानकारी बुधवार को बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ के मलिहाबाद सहित बहराइच, चंदौली, मिर्जापुर, लखीमपुर खीरी, फतेहपुर, गाजियाबाद, कानपुर देहात, वाराणसी, कौशांबी, फर्रुखाबाद, अमेठी और उन्नाव समेत कई जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण के लिए शासनादेश जारी कर दिए गए हैं। प्रत्येक परियोजना के लिए लगभग 23 से 28 करोड़ रुपये तक की लागत स्वीकृत की गई है तथा प्रथम किश्त के रूप में संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि भी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में आधुनिक कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल मैदान, पुस्तकालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# नगर निकायों को 1350 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुति के तहत मार्च माह के लिए स्वीकृति

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 के लिए नगरीय निकायों को 1350 करोड़ रुपये की सामान्य समनुदेशन राशि जारी करने की स्वीकृति दे दी है। यह धनराशि नगर निगम, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों को निर्धारित नियमों के तहत उपलब्ध कराई जाएगी।

वित्त विभाग के आय-व्ययक अनुभाग-2 की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार यह राशि लेखा शीर्ष 3604 (स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन) के अंतर्गत जारी की जाएगी। कुल स्वीकृत धनराशि निदेशक, स्थानीय निकाय के निवर्तन पर रखी जाएगी और वहीं से विभिन्न नगरीय निकायों में आवंटित की जाएगी। शासनादेश में कहा गया है कि धनराशि का आवंटन पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार किया जाएगा। संबंधित निकायों को कोषागार के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। यदि किसी निकाय पर पहले से कोई समायोजन या कटौती लंबित है तो पहले उसका समायोजन किया जाएगा, उसके बाद ही शेष राशि जारी की जाएगी। इसके साथ ही निदेशक, स्थानीय निकाय को निर्देश दिया गया है कि निकायों द्वारा धनराशि के आहरण की सूचना वाउचर संख्या और तिथि सहित प्राप्त कर वित्त विभाग और नगर विकास विभाग को उपलब्ध कराएं। शासन स्तर पर धनराशि के उपयोग की समीक्षा भी की जाएगी।

### स्वीकृत राशि

- कुल स्वीकृति : 1350 करोड़ रुपये
- नगर निगम : 607 .50 करोड़ रुपये
- नगर पालिका/नगर पालिका परिषद : 472 .50 करोड़ रुपये
- नगर पंचायत : 270 .00 करोड़ रुपये

# एक रनवे के साथ शुरू होगा नोएडा एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण का 95 प्रतिशत निर्माण पूरा, प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानों का अनुमान



**अमृत विचार:** गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तेजी से संचालन की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण का करीब 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य 10 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले चरण में एयरपोर्ट एक रनवे के साथ संचालित होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता करीब 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी।

अधिकारियों के अनुसार, एयरपोर्ट से प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानों के संचालन का अनुमान है। जैसे ही यात्रियों की संख्या एक करोड़ के पार पहुंचेगी, एयरपोर्ट पर दूसरे रनवे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो रनवे के साथ यह एयरपोर्ट लगभग 7 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। एयरपोर्ट के पहले चरण में करीब 3,300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6,700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है, जबकि अतिरिक्त 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन महीनों में अधिग्रहित करने की योजना है। एयरपोर्ट के लिए भूमि खरीद पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि निर्माण कार्य पर करीब 7,000 करोड़ रुपये की लागत आ रही है।

जेवर एयरपोर्ट को देश के सबसे बड़े और आधुनिक हवाई अड्डों में विकसित करने की योजना है। परियोजना के पूर्ण होने पर यहां कुल पांच रनवे होंगे और एयरपोर्ट का क्षेत्रफल लगभग 11,750 एकड़ तक पहुंच जाएगा। अंतिम रूप से तैयार होने के बाद इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 30 करोड़ यात्रियों तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में शामिल हो सकता है।

### पहले चरण के मुख्य बिंदु

- एक रनवे के साथ होगा संचालन
- सालाना 1.20 करोड़ यात्रियों की क्षमता
- प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानें
- 95% निर्माण कार्य पूरा

### पूरी परियोजना की रूपरेखा

- कुल क्षेत्रफल 11,750 एकड़
- पांच रनवे विकसित किए जाएंगे
- 30 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष
- लॉजिस्टिक्स, उद्योग और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

## बढ़ते कदम

### यूपी में 20 हजार से अधिक स्टार्टअप इंडिया मान्यता प्राप्त इकाइयां सक्रिय

# स्टार्टअप इंडिया से युवाओं की उद्यमिता को नई रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टार्टअप हब बन रहा यूपी, नवाचार को मिल रहा संस्थागत समर्थन



**अमृत विचार:** प्रदेश तेजी से देश के उभरते हुए स्टार्टअप हब के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। प्रदेश सरकार की नीतियों, संस्थागत ढांचे और वित्तीय प्रोत्साहन के चलते नवाचार और उद्यमिता को नई गति मिली है। प्रदेश में अब 20 हजार से अधिक स्टार्टअप "स्टार्टअप इंडिया" के तहत मान्यता प्राप्त कर चुके हैं, जो तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम का संकेत है।

योगी सरकार की स्टार्टअप नीति और प्रोत्साहन योजनाओं के चलते युवाओं को अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने का अवसर मिल रहा है। इससे न केवल नवाचार को बढ़ावा मिला है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। प्रदेश में स्टार्ट इन यूपी पहल के अंतर्गत भी उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके तहत अब तक तीन हजार से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता मिल चुकी है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देना और युवाओं को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है।

स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने में इन्क्यूबेशन नेटवर्क की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में वर्तमान में 76 मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेटर कार्यरत हैं, जो नए उद्यमियों को तकनीकी सहयोग, मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। ये इन्क्यूबेटर विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और निजी संगठनों के साथ मिलकर स्टार्टअप्स को शुरुआती चरण से ही सही दिशा देने का काम कर रहे हैं।

### स्टार्टअप इकोसिस्टम की तस्वीर

- 20 हजार से अधिक स्टार्टअप इंडिया मान्यता प्राप्त स्टार्टअप
- 3 हजार से अधिक स्टार्ट इन यूपी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप
- 76 मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेटर सक्रिय
- 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को मंजूरी

### वित्तीय प्रोत्साहन

- 146 करोड़ रुपये के इंसेंटिव स्वीकृत
- 58 करोड़ रुपये की राशि स्टार्टअप्स को वितरित
- उत्पाद विकास, तकनीकी उन्नयन और बाजार विस्तार में मदद

### इन क्षेत्रों में बढ़ रहा नवाचार

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
- डेटा एनालिटिक्स
- एग्रीटेक
- टेक्नोलॉजी आधारित सेवाएं
- डिजिटल और इनोवेशन आधारित समाधान

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं वंदना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### सीएम युवा योजना से ऑयल मिल शुरू कर बनीं आत्मनिर्भर



**अमृत विचार:** प्रदेश में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इस योजना का लाभ उठाकर राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज की वंदना यादव ने ऑयल मिल स्थापित कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है।

वंदना यादव ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत बैंक ऑफ इंडिया से ऋण प्राप्त हुआ, जिसके बाद उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर गांव मजरा खुजेहटा में सरसों तेल की ऑयल मिल शुरू की। इस इकाई में शुद्ध सरसों के तेल का उत्पादन किया जा रहा है और उन्होंने अपने उत्पाद का एक स्थानीय ब्रांड भी शुरू किया है।

आज उनकी मिल से तैयार तेल आसपास के कई गांवों में आपूर्ति किया जा रहा है। इस उद्यम से न केवल वंदना आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। उनके प्रयास से क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरणा मिल रही है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए पहले चरण में 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण दिया जाता है। समय पर भुगतान करने पर दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है। सरकार का लक्ष्य हर वर्ष एक लाख नए उद्यमी तैयार करना है।

अमृत विचार
गुरुवार, 12 मार्च 2026



लोगों से मुलाकातें ही जीवन को जीने लायक बनाती हैं।
–गाइ दे मोपासां, फ्रेंच लेखक

# सामाजिक सहमति जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अब 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी वास्तव में अत्यधिक समीचीन है कि सभी धर्मों की महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए अब एक समान कानून की जरूरत विधायिका यानी सरकार को महसूस होनी ही चाहिए।

देश में विवाह, तलाक, गोद लेना, उत्तराधिकार और संपत्ति जैसे व्यक्तिगत मामलों में विभिन्न धार्मिक समुदायों के अलग-अलग व्यक्तिगत कानून लागू होते हैं। यही विविधता समय-समय पर न्यायिक और सामाजिक विवादों का कारण बनती रही है। साफ सी बात है कि पर्सनल लॉ में लैंगिक असमानता बनी रहती है, तो उसका स्थायी समाधान समान नागरिक संहिता ही हो सकती है। जब समान नागरिक संहिता का विचार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में निहित है और जो राज्य को यह प्रयास करने का निर्देश देता है कि पूरे देश में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून लागू हों, तब इसे बनाने और लागू करने में क्या हर्ज है, गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्यों में लागू हो चुके कानून को देशव्यापी बनाने में क्या कोई राजनीतिक रोड़ा है? यूसीसी से कानून के समक्ष समानता और लैंगिक न्याय को मजबूती मिलेगी। अलग-अलग धार्मिक कानूनों के कारण विवाह, तलाक और संपत्ति अधिकारों में महिलाओं के साथ असमान व्यवहार की शिकायतें दूर हो जाएंगी। एक समान नागरिक कानून विभिन्न धर्मों के बीच कई असमानताओं को समाप्त कर नागरिकता की समान अवधारणा को मजबूत कर सकता है। इसके अतिरिक्त इससे राष्ट्रीय एकता और धर्मनिरपेक्ष शासन व्यवस्था को भी बल मिलेगा, हालांकि इस कानून के निर्माण में इसका ध्यान रखना पड़ेगा कि देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता अत्यंत व्यापक है और अनेक समुदाय अपने व्यक्तिगत कानूनों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं। ऐसे में एक समान कानून लागू करने को कुछ लोग धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप के रूप में देख सकते हैं। यदि विधायिका ने इसे ध्यान में रखे बिना कानून बनाया और लागू करने की प्रक्रिया में सामाजिक संवाद और सहमति को शामिल नहीं किया तो इससे सामाजिक तनाव भी पैदा हो सकता है। आखिर संविधान निर्माताओं ने यूसीसी को मौलिक अधिकारों के बजाय नीति निर्देशक तत्वों में इसीलिए रखा था, ताकि इसे समय और सामाजिक परिपक्वता के अनुसार लागू किया जा सके। आजादी के बाद से इस विषय पर अनेक आयोग, बहसें और न्यायिक टिप्पणियां हुईं, किंतु अभी तक दो राज्यों के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर इसे लागू नहीं किया जा सका है। कई नजरिये से यह स्पष्ट है कि समान नागरिक संहिता केवल कानूनी सुधार का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सहमति का भी विषय है।

यदि इसका उद्देश्य वास्तव में लैंगिक न्याय, समानता और आधुनिक नागरिकता की भावना को मजबूत करना है, तो इसे जल्दबाजी के बजाय व्यापक संवाद, संवेदनशीलता और चरणबद्ध सुधारों के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# पीढ़ियों का स्वभाव संसाधन व संस्कृति

'बेबी बूमर्स', 'मिलेनियल्स', 'जेन ज़ी' और अब 'जेन अल्फा', मीडिया, विज्ञापन उद्योग, शोध संस्थानों और सोशल मीडिया की भाषा में ये शब्द अब आम हो चुके हैं। इनके आधार पर पूरी पीढ़ियों के स्वभाव, आदतों और मानसिकता का विश्लेषण किया जाता है, मानो किसी विशेष वर्ष के बाद जन्म लेने वाले लोग अचानक अलग किस्म की मानसिकता के इंसान बन जाते हों, लेकिन इस प्रवृत्ति को थोड़ा ठहरकर देखा जाए तो एक बुनियादी प्रश्न सामने आता है- क्या किसी पीढ़ी का स्वभाव उसके नाम से तय होता है, या उन परिस्थितियों से जिनमें वह पली-बढ़ी होती है?

असल में 'बेबी बूमर', 'मिलेनियल' या 'जेन ज़ी' जैसे नाम समाज शास्त्रीय वर्गीकरण भर हैं। ये अध्ययन को आसान बनाते हैं, पर जीवन और समाज की जटिलताओं को पूरी तरह नहीं पकड़ पाते। किसी भी पीढ़ी को समझने के लिए यह जानना अधिक महत्वपूर्ण है कि वह किन सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संदर्भों में बड़ी हुई, क्योंकि वही संदर्भ उसके मानस और व्यवहार का असली खाका तैयार करते हैं।



डॉ. शिवम् भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

मनुष्य का व्यक्तित्व कई तत्वों से निर्मित होता है। संसाधनों की उपलब्धता, परिवार की संरचना, शिक्षा का स्वरूप, सांस्कृतिक मूल्य और समय की तकनीकी परिस्थितियां। यही तत्व मिलकर तय करते हैं कि कोई पीढ़ी दुनिया को कैसे देखेगी और समाज के प्रति उसका व्यवहार कैसा होगा। यदि किसी समाज में संसाधन सीमित हों, तो वहां पली-बढ़ी पीढ़ी स्वाभाविक रूप से मितव्ययिता, धैर्य और प्रतीक्षा का अभ्यास सीखती है। इसके विपरीत, जहां अवसर और सुविधाएं अधिक हों, वहां की पीढ़ी अपेक्षाकृत अधिक आत्मविश्वासी और प्रयोगधर्मी होती है। यह अंतर पीढ़ी के नाम से नहीं, बल्कि उसके परिवेश से पैदा होता है।

परिवार की संरचना भी इस प्रक्रिया को गहराई से प्रभावित करती है। संयुक्त परिवारों में बच्चे विभिन्न आयु, अनुभव और स्वभाव वाले लोगों के बीच बड़े होते हैं, जहां संवाद, धैर्य, साझा जिम्मेदारी और सामूहिकता स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। छोटे या एकल परिवारों में बच्चों का अनुभव अपेक्षाकृत सीमित दायरे में आकार लेता है; यहां स्वतंत्र निर्णय क्षमता जल्दी विकसित होती है, लेकिन सामाजिक बातचीत का व्यावहारिक प्रशिक्षण उतना व्यापक नहीं हो पाता। दोनों स्थितियां अलग-अलग जीवन दृष्टि और सामाजिक व्यवहार को जन्म देती हैं।

तकनीक ने भी हर पीढ़ी के अनुभव को बदल दिया है। रेडियो के दौर में दुनिया की जानकारी सीमित माध्यमों से मिलती थी। टेलीविजन ने दुनिया को घर के भीतर ला दिया। इंटरनेट और स्मार्टफोन ने सूचना, संवाद और मनोरंजन की पूरी संरचना ही बदल दी, लेकिन तकनीक स्वयं किसी पीढ़ी का स्वभाव तय नहीं करती। वह केवल वातावरण बदलती है। उस वातावरण में व्यक्तित्व किस दिशा में विकसित होगा, यह परवरिश और सामाजिक मूल्यों पर निर्भर करता है।

इसी कारण एक ही नाम से पहचानी जाने वाली पीढ़ी अलग-अलग समाजों में बिल्कुल अलग स्वभाव की दिखाई देती है। किसी विकसित देश का युवा और किसी विकासशील देश का युवा एक ही वर्ष में जन्म ले सकते हैं, पर उनके जीवन अनुभव, सुरक्षा बोध, अवसरों की प्रकृति और चिंताएं एक-दूसरे से बहुत अलग होती हैं। इससे साफ़ है कि पीढ़ी का नाम नहीं, बल्कि उसका सामाजिक संदर्भ उसके व्यवहार को आकार देता है। समस्या तब शुरू होती है, जब इन नामों को अंतिम सच मान लिया जाता है। जब हम कहते हैं कि 'नई पीढ़ी ऐसी है' या 'पुरानी पीढ़ी वैसी थी', तो हम समाज की जटिल वास्तविकताओं को एक आसान लेबल में समेट देते हैं; इससे समझ कम और पूर्वाग्रह अधिक पैदा होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# हिमालयी बुरांश के अस्तित्व पर संकट के बादल





अमित शर्मा
हल्द्वानी

हिमालयी क्षेत्र का बुरांश जितना सुंदर है, उससे कहीं अधिक गुणकारी भी है। इसे राज्य पुष्प का दर्जा भी मिला हुआ है। आज इसके अस्तित्व पर संकट पैदा हो रहा है।

उत्तराखंड अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। इस हिमालयी राज्य में विविध प्रकार की अनुपम वनस्पतियां भी प्रचुरता में मिलती हैं, जो शायद ही इस धरती पर कहीं और मिलती होंगी। उत्तराखंड का राज्य वृक्ष बुरांश, देवदार और चीड़ के घने वृक्ष, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रमुख औषधीय पौधे केदारनाथ और दुर्लभ व सुंदर फूल ब्रह्म कमल या फिर विश्व धरोहर स्थल फूलों की घाटी के रंगीन फूल और प्रमुख झाड़ी रेडोडेंड्रॉन व जूनिपर, लेकिन चिंताजनक बात यह है कि जलवायु परिवर्तन का असर प्रकृति के इन अमूल्य उपहारों पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है।

हम बुरांश की बात करें, तो जहां इसकी सीरत के साथ बेपनाह खूबसूरती भी जुड़ी है, वहीं इसके अस्तित्व पर भी संकट पैदा हो रहा है। दरअसल, हिमालय जितना सुंदर है, उससे कहीं अधिक गुणकारी भी है। इसकी जमीन का हर फूल-पत्ता नैसर्गिक सुंदरता में चार चांद लगाता है, तो बेहतर स्वास्थ्य के कुदरती इलाज इसके भीतर छिपे हैं। इसकी सबसे बड़ी मिसाल बुरांश का पुष्प है। अनेक गुणों से सम्पन्न इस फूल को यूं ही राज्य पुष्प का दर्जा नहीं मिला है।

बुरांश के लाल फूल फरवरी मध्य और मार्च शुरू में खिलने शुरू होते हैं, जो अप्रैल माह तक अपने खिले हुए लाल रंगों से पहाड़ों की शोभा बढ़ाते हैं। लाल, गुलाबी, काला और सफेद रंग में रंगा यह पुष्प पर्वतों की ऊंचाई के साथ अपना रंग भी बदल लेता है। उत्तराखंड, हिमाचल और पड़ोसी राज्य नेपाल की वादियों में बहुतायत से खिलता है। स्वाद में कुछ खट्टा तो इसकी पंखुड़ी में समाया रस उतना ही मीठा होता है, जिसने भी इसका स्वाद चखा हो, वह इसके स्वाद को कभी भूल नहीं सकता। यह कहा जाए कि सेहत निखारने में इसका कोई सानी नहीं, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। यही वजह है कि जूस, शरबत, जैम, जैली और चटनी के रूप में इसे लोग खूब पसंद करते हैं।

यह फूल न केवल सौंदर्य का सरताज है, बल्कि पोषण और औषधीय गुणों से भरपूर है। बुरांश की देश भर में करीब 80 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें से रोडोडेंड्रान आरबोरियम प्रजाति का फूल सबसे अधिक खूबसूरत होता है। विशेषज्ञ भी बताते हैं कि औषधियुक्त पुष्प बुरांश का कोई सानी नहीं है। इम्यूनिटी बढ़ाने में यह असीम ताकतवर है। हार्ट अटैक, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल समेत कई रोगों की मारकशक्ति रखता है, जिसके चलते बुरांश उत्तराखंड राज्य में रोजगार का बड़ा जरिया भी बना है।

चिंताजनक पहलू यह है कि पर्यावरण में हो रहे बदलाव के कारण अब इस खूबसूरत फूल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार, राज्य में हर साल इसका उत्पादन 20 से 30 प्रतिशत कम हो रहा है। इसके खिलने के बाद यह 10-15 दिनों में सूख भी जा रहा है। इसका कारण जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, कम बर्फबारी और चीड़ के पेड़ों के बढ़ने से बुरांश की संख्या कम होना माना जा सकता है। जलवायु परिवर्तन का ही यह असर है कि अब बुरांश का समय से पहले खिलना भी बड़ी चिंता का विषय माना जा रहा है।


पहाड़ की ठंडी तासीर का फूल बुरांश जलवायु परिवर्तन और बढ़ते ताप की मार से पहले ही जूझ रहा है। वहीं, पहाड़ों में ठंडे क्षेत्रों के जंगलों में पैर पसारता चीड़ का कुनबा और कुरी झाड़ी का मकड़जाल दोनों ही बुरांश पर दोहरी मार कर रहे हैं। पहाड़ों में चीड़ का बढ़ता जंगल न केवल बुरांश व अन्य वनस्पतियों के लिए अभिशाप है, वहीं चीड़ की घनी पत्तियां जमीन में अन्य पेड़ों के बीजों को पनपने नहीं देती। वहीं, ग्रीष्म काल में जंगलों में लगने वाली आग में घी डालने का काम करती हैं।

चीड़ की ज्वलनशील लीसा पत्ती और इसके फल कई हफ़्तों तक जंगल में सुलगते रहते हैं, जिससे नए पौधे पनप नहीं पाते और पुनर्जनन प्रभावित होता है। पिछले कई वर्षों से उतराखंड के पहाड़ी राज्यों में बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं में बुरांश व अन्य वनस्पति को खासा नुकसान पहुंचा है। नए पौधे वनों की आग में मारे गए, जिससे बड़े वृक्षों को झुलसना पड़ा। चीड़ का कुनबा कम ताप वाले जंगलों में फैलने से रोका नहीं गया, तो बुरांश के अस्तित्व पर खतरा साल दर साल बढ़ता ही जाएगा।

कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर ललित तिवारी कहते हैं कि बुरांश का फूल समय से पहले खिलने के कारण इसका पुनर्जनन प्रभावित हो चला है। इसके असर से भविष्य में इसके अस्तित्व के खतरे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। मुख्यतः बुरांश का फूल खिलने का समय फरवरी व मार्च में होता है, लेकिन अब यह दिसंबर में खिलने लगा है। पिछले 15 वर्षों से इस फूल के खिलने के समय पर नजर रखी जा रही है। साल 2024 में यह 15 दिसंबर को खिल गया था, जबकि पिछले वर्ष यानी इस सीजन में 22 दिसंबर में ही खिल गया था। जलवायु परिवर्तन इसका मुख्य कारण है। तापमान में निरंतर वृद्धि से कुदरत के इस नायाब तोहफे के खिलने का समय बदल गया है। हालांकि हिमालय क्षेत्र की विभिन्न वनस्पतियों को जलवायु ने प्रभावित किया है। उनमें बुरांश भी सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस फूल के समय से पहले खिलने के कारण रीजनरेशन यानी पुनर्जनन प्रभावित हुआ है, जिस कारण पुनर्जनन की समस्या खड़ी हो गई है। इस पुष्प पर निरंतर अध्ययन जारी है।

प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार का भी कहना है कि वन विभाग भी बुरांश के पुष्प के उत्पादन पर नजर रखे हुए है। इस फूल का समय से पहले खिलना आम हो चला है, साथ ही इसके क्षेत्र में भी बदलाव आया है, हालांकि इस फूल के पूर्णतः खिलने में परिवर्तन नहीं आया है, लेकिन यह भी देखा गया है कि अब यह कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में होने लगा है। इस पुष्प के उत्पादन के लिए वन विभाग पौधरोपण करवा रहा है।

## आमने सामने



यह ट्रॉफी हर धर्म के 140 करोड़ भारतीयों की है। यह किसी एक धर्म की जीत का जश्न नहीं है। हमने 1983 में कपिल देव की कप्तानी में वर्ल्ड कप जीता था। हमारी टीम में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सिख थे। हम ट्रॉफी को अपनी मातृभूमि भारत लेकर आए थे।
–कीर्ति आजाद
पूर्व क्रिकेटर

इस तरह के बयान खिलाड़ियों की उपलब्धि को कम करते हैं। खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में काफी दबाव झेला है और ऐसे समय में इस तरह की टिप्पणी करना सही नहीं है। अगर आप ऐसे बयान देते हैं, तो आप अपने ही खिलाड़ियों और अपनी ही टीम को गिरा रहे हैं।
–गौतम गंभीर, मुख्य कोच
भारतीय क्रिकेट टीम



# खाड़ी देशों में 'पानी' पर हमले के निहितार्थ



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

युद्ध में पानी संयंत्रों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इन हमलों ने बता दिया है कि युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है।

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट क्रेश्म द्वीप स्थित खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल (डिसेलिनेशन प्लांट) संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों ने बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देशों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में जल संकट पैदा कर सकता है।

पूरे मध्य एशिया में युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि खाड़ी के देशों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दी हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है, तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए गए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए।

अमेरिका और इजरायल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेरहान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुंआ से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं, तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं।

दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते है। संयुक्त अरब आमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देशों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है, तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा, हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब आमीरात ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है।,इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है, किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम है, इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है।

ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं हैं। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम हैं, लेकिन कई साल से सूखा के चलते तेहरान के तलाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। अतएव ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि हालात नहीं सुधरे, तो तेहरान को खाली करना पड़ सकता है, लेकिन इतनी बड़ी आबादी को आखिर जल उपलब्ध होगा कहां से?

इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक, जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजरायल की राजधानी तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र 'गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट' कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें 'फ्यूचर जीप' कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाते हैं। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# यूपीएससी का हौवा

हमने यूपीएससी को हौसला नहीं, हौवा बना दिया है। कब हुआ यह? किसने तय किया, पता नहीं, लेकिन धीरे-धीरे हमारे घरों में, हमारे समाज में, हमारी कन्वर्सेशन में ये बात सेटल हो गई कि सफलता मतलब यूपीएससी। पढ़ाई मतलब यूपीएससी। ज़िंदगी का मतलब यूपीएससी। जिस घर में कोई आईएस या आईपीएस निकलता है, उस घर की इज़्ज़त पूरे मोहल्ले में बढ़ जाती है। ये गर्व स्वाभाविक है, लेकिन इसी के साथ एक और मैसेज जाता है कि जो नहीं निकला, वो कम है और यही वो मैसेज है, जो लाखों बच्चों को तोड़ रहा है।



ऋचा शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

आज एक 18-19 साल के बच्चे से पूछो, यूपीएससी क्यों करना है? बहुत कम जवाब होंगे जो गवर्नेंस, पॉलिसी या पब्लिक सर्विस से जुड़े होंगे। ज़्यादातर जवाब होंगे, वो यूनिफार्म देखी थी। वो सेस्पेक्ट देखी थी। एक वीडियो देखी थी, जिसमें आईपीएस ऑफिसर कितनी कॉन्फिडेंटली बोल रहे थे।

आईएस, आईपीएस बनने का सपना अब रील्स से आता है। एक वायरल वीडियो, एक शानदार यूनिफार्म, एक 'कलेक्टर साहब' वाला शॉट और एक 20 साल का बच्चा तय कर लेता है कि बस यही करना है। ये ड्रीम नहीं है, ये एस्थेटिक है। उस इमेज के पीछे की असली ज़िम्मेदारी रात दो बजे किसी फ्लड अफेक्टेड ज़िले में काम करना, सिस्टम की ब्यूरोक्रेसी से लड़ना, पॉलिटिकल प्रेशर झेलना वो रील्स में नहीं आती। यूपीएससी के रिजल्ट में हिंदी का रिप्रजेंटेशन हर साल गिरता जा रहा है। पर इस पर कोई बात नहीं करेगा।

वो बच्चे जो सबसे ज़्यादा मेहनत करते हैं, जिनके लिए इंगलिश पहली बाधा है, कॉन्टेंट दूसरी और कोचिंग फीस तीसरी। जो पटना, इलाहाबाद, रीवा के किसी कमरे में बैठकर दिन-रात पढ़ते हैं और आईरनी ये है कि आईएएस, आईपीएस का काम आम जनता से होता है। वो जनता जो हिंदी में सोचती है, भोजपुरी में बोलती है, मैथिली में रोती है। पब्लिक सर्वेंट की भाषा और पब्लिश की भाषा के बीच ये खाई सिस्टम की देन है, मेधा की नहीं। जिस अधिकारी को उनकी भाषा समझनी है, उनकी ज़िंदगी समझनी है, उसे चुनने के प्रॉसेस में उसी भाषा को कमज़ोर माना जा रहा है। शायद किसी ने नहीं, क्योंकि उसके पास वो यूनिफार्म नहीं है। वो 'साहब' नहीं कहलाता, लेकिन देश उससे भी चलता है। उससे भी बनता है और आने वाले वक्त में शायद उनसे ज्यादा बनेगा।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# आंकड़ों के पीछे छिपी त्रासदी और समाज की चुनौती

भारत में लापता बच्चों का मुद्दा लगातार गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। हाल ही में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'मिसिंग चिल्ड्रन' रिपोर्ट ने इस समस्या की भयावहता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार पहली जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच देश में कुल 33,577 बच्चे लापता हुए। इनमें से 25,800 बच्चों को खोज लिया गया, लेकिन 7,777 बच्चे अब भी लापता हैं। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की पीड़ा, असुरक्षा और इंतजार की कहानी है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में बच्चों की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। महानगरों और तेजी से विकसित हो रहे शहरी क्षेत्रों में बच्चों के लापता होने की घटनाएं अधिक सामने आती हैं। महानगरों की बात करें तो राजधानी दिल्ली में साल दर साल सबसे ज्यादा बच्चे लापता होने के मामले दर्ज हो रहे हैं। अकेले 2025 में ही राजधानी में लगभग 5717 नाबालिगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई। दिल्ली से सिर्फ 2026 के शुरुआती 27 दिनों में ही 137 बच्चे लापता हुए हैं, जिन्हें अभी तक ढूंढा नहीं जा सका है। साल दर साल बढ़ते ये आंकड़े यह संकेत देते हैं कि बाल सुरक्षा व्यवस्था में अभी भी कई कमियां मौजूद हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लापता बच्चों में लगभग 75 प्रतिशत लड़कियां होती हैं, जो इस समस्या को और गंभीर बना देता है।



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो पश्चिम बंगाल इस सूची में सबसे ऊपर है। यहां एक साल 19,145 बच्चे लापता हुए। इनमें से 15,465 बच्चों को ढूंढ़ लिया गया, लेकिन 3,680 बच्चे अब भी नहीं मिले। इसके बाद मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है, जहां 4,256 बच्चे लापता हुए और इनमें से 1,059 बच्चों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। तीसरे स्थान पर हरियाणा है, जहां जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच 2,209 बच्चे लापता हुए और 353 बच्चे अभी भी लापता हैं। हरियाणा में यह संख्या पड़ोसी राज्यों पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की तुलना में कई गुना अधिक है। हिमाचल प्रदेश का एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी है कि वहां लापता हुए आठ बच्चों में से एक भी अब तक नहीं मिला।

राजस्थान इस सूची में आठवें स्थान पर है। यहां पिछले एक वर्ष में 745 बच्चे लापता हुए, जिनमें से 499 बच्चों को उनके परिवारों तक पहुंचा दिया गया, जबकि 246 बच्चे अब भी लापता हैं। वहीं सकारात्मक पहलू यह भी है कि कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लापता बच्चों की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, गुजरात, लक्षद्वीप तथा दादरा और नगर हवेली में इस अवधि के दौरान बच्चों के लापता होने का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

पूरी दुनिया में हर वर्ष लगभग 80 लाख बच्चे लापता होने की रिपोर्ट दर्ज होती है। अमेरिका में करीब 4.6 लाख, ब्रिटेन में 1.12 लाख और जर्मनी में लगभग एक लाख बच्चों के हर साल गायब होने की रिपोर्ट दर्ज होती है। यूरोप में भी स्थिति चिंताजनक है। वर्ष 2021 से 2023 के बीच वहां 51,000 से अधिक नाबालिग बच्चे, जो बिना अभिभावकों के यात्रा कर रहे थे, लापता हो गए। आंकड़ों का गहन विश्लेषण यह भी बताता है कि लापता होने वाले बच्चों में 12 से 17 वर्ष की आयु के किशोर सबसे अधिक होते हैं। कई मामलों में लड़कियां नौकरी, शादी या बेहतर जीवन के झूठे झांसों में फंस जाती हैं और मानव तस्करी के नेटवर्क का शिकार बन जाती हैं।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

अमृत विचार
# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### कैसे बना रेडियो शब्द



रेडियो एक छोटा-सा शब्द है, पर अपने भीतर विज्ञान और संचार की लंबी यात्रा समेटे हुए। इस शब्द की जड़ें लैटिन भाषा के शब्द 'रेडियस' में मिलती हैं, जिसका अर्थ है किरण। 19 वीं सदी के उत्तरार्ध में जब वैज्ञानिक अदृश्य तरंगों की दुनिया को समझने की कोशिश कर रहे थे, तब इन तरंगों का व्यवहार प्रकाश की किरणों जैसा प्रतीत हुआ। यही कारण था कि इनके प्रसार को 'किरणों' की तरह समझा गया और धीरे-धीरे 'रेडियो' शब्द का प्रचलन शुरू हुआ।

1880 के दशक में जर्मन भौतिक विज्ञानी हेनरिक हट्‌र्ज़ ने यह सिद्ध कर दिया कि हवा में अदृश्य विद्युतचुंबकीय तरंगें फैल सकती हैं। इन्हीं तरंगों को आगे चलकर हट्‌र्ज़ियन तरंगें या रेडियो तरंगें कहा गया। उस समय इनका उपयोग तार के बिना संदेश भेजने के लिए होने लगा, इसलिए आरंभ में इसे 'वायरलेस' अर्थात तारहित संचार कहा जाता था। समय के साथ विज्ञान आगे बढ़ा और संचार की यह अदृश्य धारा दुनिया को जोड़ने लगी। 1906 में बर्लिन में आयोजित रेडियोटेलीग्राफिक सम्मेलन में 'रेडियो' शब्द को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली। फिर 1920 के दशक में जब आवाज और संगीत का प्रसारण शुरू हुआ, तब यह तकनीक केवल वैज्ञानिक प्रयोग नहीं रही, बल्कि जनजीवन का हिस्सा बन गई। धीरे-धीरे 'वायरलेस' शब्द पीछे छूट गया और 'रेडियो' लोगों की जुबान पर बस गया। एक ऐसी अदृश्य किरण, जो दूरियों को मिटाकर दुनिया को एक ही ध्वनि में जोड़ देती है।

## नोटिस बोर्ड

- जिला सेवायोजन कार्यालय, कासगंज में 12 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में 18 से 25 वर्ष की आयु के हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में साक्षात्कार के माध्यम से लगभग एक हजार रिक्त पद भरे जाएंगे। मेले में 40 कंपनियां अपनी कंपनी के लिए अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर अपना पंजीयन कराना होगा। अभ्यर्थी पोर्टल पर प्रदर्शित किसी भी कंपनी में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



- ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक व परास्नातक में प्रवेश हेतु 15 मार्च से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी आवेदन के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण करा सकेंगे। इस संबंध में कुलपति ने बताया कि एक सप्ताह पहले कोर्सवार सीटों की संख्या वेबसाइट पर अपलोड करवा दी गई थी। समर्थ पोर्टल 15 मार्च से खुल जाएगा। यह आवेदन प्रक्रिया 45 दिनों तक चलेगी। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://kmclu.ac.in पर समर्थ पोर्टल का लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।





# डिजिटल एजुकेशन के अगुआ देश लौट रहे किताबों की ओर

बीते डेढ़ दशक में स्कूलों और विश्वविद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम और ऑनलाइन कंटेंट को आधुनिक शिक्षा का पर्याय मान लिया गया। यह माना गया कि अगर बच्चों को बचपन से ही डिजिटल माध्यमों से पढ़ाया जाएगा, तो वे भविष्य की टेक्नोलॉजी आधारित दुनिया के लिए बेहतर तैयार होंगे। दुनिया जिस डिजिटल शिक्षा मॉडल को भविष्य मान रही थी, वही मॉडल अब पुनर्मूल्यांकन के दौर से गुजर रहा है। दुनिया की सबसे अधिक डिजिटल शिक्षा प्रणालियों में अग्रणी स्वीडन और फिनलैंड जैसे देश फिर से किताब, कागज और पेन की ओर लौट रहे हैं। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि पिछले कुछ वर्षों में सामने आए शोध और अनुभव, जिसने शिक्षा नीति-निर्माताओं को सोचने पर मजबूर किया है।



राजेश जैन
लेखक

### हाइब्रिड मॉडल: शिक्षा का नया रास्ता

आज कई विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि शिक्षा का भविष्य न तो पूरी तरह डिजिटल है और न ही पूरी तरह पारंपरिक। दोनों का संतुलित मिश्रण ही सबसे प्रभावी मॉडल हो सकता है। उदाहरण के लिए, जटिल वैज्ञानिक प्रयोगों, डेटा विश्लेषण और कोडिंग सीखने में डिजिटल उपकरण बेहद उपयोगी हैं। वहीं साहित्य, इतिहास या भाषा जैसे विषयों में किताबों के माध्यम से पढ़ना अधिक प्रभावी हो सकता है। इसलिए कई देश अब 'हाइब्रिड लर्निंग मॉडल' की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें किताब और तकनीक दोनों का संतुलित उपयोग हो।

### डिजिटल शिक्षा

करीब 15 साल पहले दुनिया के कई विकसित देशों ने शिक्षा के डिजिटल भविष्य की परिकल्पना की। इस सोच के पीछे कई तर्क थे। पहला, तकनीक से पढ़ाई को अधिक रोचक और इंटरैक्टिव बनाया जा सकता है। दूसरा, इंटरनेट के माध्यम से बच्चों को वैश्विक ज्ञान तक तुरंत पहुंच मिल सकती है। तीसरा, डिजिटल उपकरणों के जरिए शिक्षा को अधिक व्यक्तिगत यानी पर्सनलाइज लर्निंग बनाया जा सकता है। स्वीडन उन देशों में था, जिसने सबसे पहले स्कूलों में डिजिटल माध्यमों को बड़े पैमाने पर अपनाया। 2009 के आसपास वहां के स्कूलों में टैबलेट और कंप्यूटर को पाठ्यपुस्तकों का विकल्प बनाने की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे कई स्कूलों में किताबों की जगह डिजिटल उपकरणों ने ले ली। फिनलैंड, जो अपनी शिक्षा प्रणाली के लिए दुनिया में सबसे अधिक प्रशंसित देशों में से एक है, वहां भी स्कूलों में डिजिटल उपकरणों को बड़े उत्साह के साथ अपनाया गया। कई जगह छात्रों को मुफ्त लैपटॉप दिए गए और पढ़ाई का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित कर दिया गया। उस समय यह मॉडल इतना आकर्षक लगा कि दुनिया के कई देशों ने इसे अपनाने की कोशिश की। भारत में भी डिजिटल क्लासरूम और स्मार्ट एजुकेशन जैसे शब्द शिक्षा सुधार के प्रमुख नारे बन गए।



### स्वीडन की नीति में बड़ा बदलाव

स्वीडन ने अपनी शिक्षा नीति में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने स्कूलों में फिर से मुद्रित पाठ्यपुस्तकों को प्राथमिकता देते हुए करोड़ों यूरो का निवेश किया है ताकि हर छात्र तक किताबें पहुंचाई जा सकें। सरकार छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए डिजिटल टूल्स के उपयोग को समाप्त करने की योजना पर भी विचार कर रही है। वहां कई स्कूलों में फिर से शांत पठन समय, हस्तलेखन अभ्यास और पारंपरिक बोर्ड आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### तकनीक का विरोध नहीं, संतुलन की खोज

यह समझना जरूरी है कि यह बदलाव तकनीक के खिलाफ कोई आंदोलन नहीं है। अधिकांश शिक्षाविद् यह मानते हैं कि तकनीक शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। असल बहस तकनीक के उपयोग की सीमा और संतुलन को लेकर है। यूनेस्को की एक रिपोर्ट भी यही चेतावनी देती है कि शिक्षा में तकनीक का इस्तेमाल इस तरह होना चाहिए कि वह शिक्षक-केंद्रित शिक्षा का विकल्प न बन जाए। तकनीक एक साधन है, लक्ष्य नहीं।

### जब डिजिटल मॉडल पर उठने लगे सवाल

लगभग एक दशक तक डिजिटल शिक्षा के प्रयोग के बाद कुछ समस्याएं धीरे-धीरे सामने आने लगीं। शिक्षकों, अभिभावकों और शोधकर्ताओं ने पाया कि तकनीक ने पढ़ाई को आसान तो बनाया है, लेकिन कई बुनियादी कौशल कमजोर भी कर दिए हैं। स्वीडन में किए गए अध्ययनों में पाया गया कि स्क्रीन पर पढ़ने वाले छात्रों की एकाग्रता और गहराई से समझने की क्षमता कम हो रही है। चौथी कक्षा के छात्रों की पढ़ने की क्षमता का आकलन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन प्रोग्रेस इन इंटरनेशनल रीडिंग लिटरेसी स्टडी में 2016 और 2021 के बीच स्वीडन के बच्चों के पढ़ने के स्कोर में गिरावट दर्ज की गई। शिक्षाविदों ने देखा कि जब बच्चे टैबलेट या लैपटॉप पर पढ़ते हैं, तो उनका ध्यान जल्दी भटकता है। एक क्लिक में गेम, सोशल मीडिया या अन्य वेबसाइटों तक पहुंच उन्हें पढ़ाई से दूर कर देती है। डिजिटल उपकरण पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन का भी माध्यम हैं, इसलिए उनमें विचलन की संभावना अधिक होती है।

### स्क्रीन का मन और मस्तिष्क पर प्रभाव

नई डिजिटल शिक्षा पर सवाल उठने के पीछे सबसे बड़ा कारण बच्चों के मस्तिष्क और व्यवहार पर स्क्रीन के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंता है। नॉर्वे और अमेरिका के कई शोध बताते हैं कि जब बच्चे हाथ से लिखते हैं, तो उनके मस्तिष्क के कई हिस्से एक साथ सक्रिय होते हैं। अक्षर बनाने की प्रक्रिया, उंगलियों का दबाव और लिखावट की संरचना दिमाग में मजबूत स्मृति चिन्ह (मेमोरी ट्रेस) बनाते हैं। इसके विपरीत, कीबोर्ड पर टाइपिंग अपेक्षाकृत एक यांत्रिक प्रक्रिया है। इसमें मस्तिष्क जानकारी को उतनी गहराई से प्रोसेस नहीं करता। यही कारण है कि हाथ से नोट्स लिखने वाले छात्र विषयों को अधिक गहराई से समझते हैं। इसके अलावा लगातार स्क्रीन देखने से आंखों पर तनाव, नींद की समस्या और मानसिक बेचैनी भी बढ़ने की आशंका रहती है। फिनलैंड के कुछ अध्ययन बताते हैं कि किशोर औसतन प्रतिदिन लगभग छह घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों के लिए चिंताजनक है।

### भारत के लिए सबक


भारत में डिजिटल शिक्षा तेजी से विस्तार कर रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और स्मार्ट क्लासरूम शिक्षा के नए प्रतीक बन चुके हैं। अगर डिजिटल माध्यमों को बिना सोचे-समझे अपनाया गया, तो इसके दुष्परिणाम भी सामने आ सकते हैं। देश में जहां पहले से ही बच्चों का स्क्रीन टाइम तेजी से बढ़ रहा है, वहां स्कूलों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

### शिक्षा का मूल उद्देश्य

दरअसल, शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं है, बल्कि सोचने, समझने और विश्लेषण करने की क्षमता विकसित करना है। किताब पढ़ना इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें धीमी गति से सोचने व गहराई से समझने के लिए प्रेरित करता है। पिछले दशक में दुनिया ने शिक्षा में तकनीक का व्यापक प्रयोग किया और उससे जुड़े अनुभव भी प्राप्त किए। अब वही अनुभव नीति-निर्माताओं को संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भविष्य की कक्षा शायद ऐसी होगी, जहां स्मार्ट बोर्ड भी होगा और ब्लैकबोर्ड भी, टैबलेट भी होगा और किताब भी, एआई भी होगा और शिक्षक का मार्गदर्शन भी।

## कैंपस में पहला दिन – अभी भी याद है पहली बार मेस में खाना

नैनीताल की शांत वादियों में मेरा बचपन बीता। पहाड़ों की उस निश्चल दुनिया से निकलकर जब मैं सन् 1977 में लाला लाजपत राय स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय, मेरठ पहुंचा, तो मन में एक अजीब सी कशमकश और अनजाना भय था। उन दिनों मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग के किस्से आम थे, इसलिए सीनियरों के व्यवहार को लेकर मन में कई नकारात्मक भ्रम पाल रखे थे, लेकिन कॉलेज की देहरी पर कदम रखते ही पहले ही दिन वे सारे डर काफूर हो गए।



डॉ. अरुण जोशी
मेडिकल सुपरिंटेंडेंट
राजकीय अस्पताल, हल्द्वानी

कैंपस का वातावरण उम्मीद से बिल्कुल उलट था। मुझे आज भी अचंभित कर देता है कि उन सीनियरों ने, जिन्हें लेकर मैं डरा हुआ था, पहले ही दिन से न केवल मेरा, बल्कि सभी नए छात्रों का हाथ थाम लिया। वहां रैगिंग नहीं, बल्कि एक बड़े भाई जैसा अपनत्व और सहयोग था। जीवन का वह पहला अनुभव जब मैं घर की सुख-सुविधा छोड़कर मेस में खाना खाने पहुंचा, तो भावुक हो गया। मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि परिवार से दूर, बिल्कुल अजनबियों के साथ एक ही टेबल पर बैठकर भोजन करूंगा, लेकिन वह मेस की टेबल केवल खाना खाने की जगह नहीं थी, बल्कि रिश्तों की पाठशाला थी। हंसी-मजाक के उस दौर के बीच खाने का वह स्वाद आज भी मेरी जुबान पर ताजा है। वहीं से सहपाठियों के साथ परिचय का सिलसिला शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे अटूट दोस्ती में बदल गया। हॉस्टल की पहली रात और वॉर्डन द्वारा समझाए गए कड़े नियमों ने एहसास कराया कि अब आजाद पंछी को अनुशासन के पिंजरे में खुद को ढालना होगा। वह अनुशासन ही था, जिसने हमें सिखाया कि समय की कीमत क्या होती है और एक डॉक्टर के जीवन में नैतिकता का क्या महत्व है। पहाड़ की मासूमियत और मेरठ की इस अनुशासित मेधा ने मिलकर मेरे भीतर एक नए इंसान को जन्म दिया। वह सफेद कोट पहनना केवल एक करियर की शुरुआत नहीं थी, बल्कि सेवा और समर्पण के उस सफर का आगाज था, जिसकी नींव उसी साल मेरठ की मिट्टी में रखी गई थी। आज पीछे मुड़कर देखता हूं, तो वे यादें जीवन की सबसे अनमोल थाती लगती हैं।



## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में भारत की पहली रिंग मेट्रो का उद्‌घाटन किया। मजलिस पार्क-मौजपुर-बाबरपुर कॉरिडोर के शुरू होने से पिंक लाइन की सर्कुलर कनेक्टिविटी पूरी हो गई है, जिससे यह राष्ट्रीय राजधानी के चारों ओर पूरी तरह से संचालित रिंग रूट बन गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर (मैजेंटा लाइन विस्तार) का भी उद्‌घाटन किया। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो फेज-5 के तहत नए मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला रखी।
- हाल ही में आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2026 के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद में हरा दिया। इस जीत के साथ भारत तीन बार टी-20 विश्व कप जीतने वाला पहला देश बन गया। साथ ही खिताब को सफलतापूर्वक डिफेंड करने वाली पहली टीम भी बना।
- हाल ही में सबा शॉल को जम्मू-कश्मीर की उच्च सुरक्षा वाली सुधारात्मक संस्था सेंट्रल जेल श्रीनगर की पहली कश्मीरी महिला प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति गृह विभाग द्वारा जारी सरकारी आदेश के तहत की गई। इस निर्णय के साथ जम्मू-कश्मीर कारागार विभाग में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल लागू हुआ है।
- हाल ही में दीपक गुप्ता ने गेल (India) Limited के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार संभाला है। उन्होंने संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लिया, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए।
- हाल ही में ईरान ने मोजतबा खामेनेई को सुप्रीम लीडर चुना है। मोजतबा इजरायली हमले में मारे गए अपने पिता अली खामेनेई की जगह इस पद को संभालेंगे। यह फैसला 1989 के बाद इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक माना जा रहा है।
- हाल ही में मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता ज्वाला ने पांच शावकों को जन्म दिया। भारत अब चीता की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। इन शावकों के जन्म के बाद भारत में जन्मे चीता शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। यह घटना भारत में चीते का 10 वां सफल लिटर (जन्म समूह) भी दर्शाती है, जो यह संकेत देती है कि देश में चीता पुनर्स्थापन कार्यक्रम धीरे-धीरे सफल होता जा रहा है और भारत की वन्यजीव संरक्षण यात्रा को नई मजबूती मिल रही है।

## जॉब अलर्ट



### आईडीबीआई बैंक

- पद का नाम- सहायक प्रबंधक ग्रेड 'ए'
- पदों की संख्या- 200
- शैक्षणिक योग्यता- स्नातक और अमुभव
- आयु सीमा -21-30 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि- 19 मार्च 2026
- वेबसाइट- idbi.bank.in

### भारतीय नौसेना

- पद का नाम- अग्निवीर एसएसआर, एमआर और एसएसआर (मेडिकल)
- शैक्षणिक योग्यता- साइंस (पीसीबी) में 50% अंक
- वेतन- 14,600 रुपये ( प्रशिक्षण के दौरान वजीफा)
- आयु सीमा -उम्मीदवारों का जन्म 01 मई 2005 और 31 अक्टूबर 2009 के बीच होना चाहिए
- आवेदन की अंतिम तिथि- 6 अप्रैल 2026
- वेबसाइट- joinindiannavy.gov.in

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड


- पद का नाम- ट्रेड अप्रेंटिस, टेक्नीशियन अप्रेंटिस और ग्रेजुएट अप्रेंटिस
- पदों की संख्या- 405 (पश्चिमी क्षेत्र के सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में
- विज्ञापन नंबर - आईओसीएल/एमकेटीजी/डब्ल्यूआर/एपीपीआर/3/2025-26
- भत्ता- शिक्षुता अधिनियम, 1961/1973 और शिक्षुता नियम 1992/2019/2025 के अनुसार निर्धारित
- शैक्षणिक योग्यता - मैट्रिक + आईटीआई / कक्षा 12 वीं / इंजीनियरिंग में डिप्लोमा / कोई भी स्नातक डिग्री (विषय के अनुसार)
- आयु सीमा - 18 वर्ष से अधिकतम आयु 24 वर्ष (दिनांक 28.02.2026 तक)
- आवेदन की अंतिम तिथि- 26 मार्च 2026
- वेबसाइट- www.iocl.com

# इन विषयों पर मजबूत पकड़ से सरकारी नौकरी करें पक्की

सरकारी नौकरी आज भी देश के लाखों युवाओं का सपना है। हर साल बड़ी संख्या में अभ्यर्थी रेलवे, बैंकिंग, एसएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटते हैं, लेकिन अक्सर छात्रों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वे अपनी पढ़ाई का फोकस किन विषयों पर रखें? कई बार सीमित समय और विशाल सिलेबस के कारण तैयारी बिखर जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अभ्यर्थी कुछ प्रमुख विषयों पर मजबूत पकड़ बना लें, तो सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है, जो अधिकांश सरकारी परीक्षाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आइए आज आपको बताते हैं, कौन से हैं वे विषय, जिन पर नियमित अभ्यास और सही रणनीति के साथ तैयारी करने से प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है।



नवनीत तिवारी
करियर काउंसर




### रीजनिंग

रीजनिंग विषय अभ्यर्थियों की तार्किक सोच और विश्लेषण क्षमता को परखता है। इसमें पजल, सीरीज, कोडिंग-डिकोडिंग और एनॉलिटिकल प्रश्न पूछे जाते हैं। लगातार अभ्यास से रीजनिंग में गति और सटीकता दोनों बढ़ाई जा सकती है, जो परीक्षा हाई स्कोरिंग में मदद करेगी।

### गणित

गणित लगभग हर प्रतियोगी परीक्षा का अहम हिस्सा होता है। बेसिक मैथ्स के टॉपिक जैसे दशमलव, भिन्न, प्रतिशत, लाभ-हानि आदि पर अच्छी पकड़ होने से अभ्यर्थी आसानी से अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। नियमित अभ्यास से गणित में गति और सटीकता दोनों बढ़ती हैं।

### करेंट अफेयर्स

करेंट अफेयर भी प्रतियोगी परीक्षाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश-दुनिया की प्रमुख घटनाएं, सरकारी योजनाएं, खेल और पुरस्कार से जुड़े सवाल अक्सर पूछे जाते हैं। इसके लिए रोजाना अखबार पढ़ना और करेंट अफेयर के नियमित नोट्स बनाना काफी उपयोगी साबित होता है।

### एडवांस मैथ्स

कई प्रतियोगी परीक्षाओं में एडवांस मैथ्स से भी प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें एल्जेब्रा, त्रिकोणमिति और ज्यामिति जैसे टॉपिक शामिल होते हैं। इन विषयों की अच्छी समझ होने पर रेलवे, एसएससी और अन्य सरकारी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना आसान हो जाता है।

### जनरल स्टडी

किसी भी सरकारी परीक्षा में जनरल स्टडीज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र और विज्ञान जैसे विषय शामिल होते हैं। यदि छात्र रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़कर इन विषयों की बुनियादी समझ मजबूत करें, तो परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।



अमृत विचार

मुरादाबाद, गुरुवार, 12 मार्च 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### फोनपे का 'ऑन-द-गो' कार्ड लांच, इंटरनेट के बिना होगा भुगतान

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने 'फोनपे रूपे ऑन-द-गो कार्ड' पेश करने की घोषणा की है। यह एक राष्ट्रीय सार्वजनिक परिवहन कार्ड (एनसीएमसी) है। इससे मेट्रो, बस, ट्रेन, टोल और पार्किंग जैसी सभी एनसीएमसी-सक्षम सेवाओं पर त्वरित 'स्पर्श कर भुगतान' (टैप एंड पे) के माध्यम से लेन-देन किया जा सकेगा। इस कार्ड की शुरुआत फिलहाल हैदराबाद मेट्रो से की जा रही है। उपयोगकर्ता इस कार्ड में अधिकतम 2,000 रुपये तक की राशि जमा कर सकते हैं जबकि एक बार में बिना इंटरनेट के भुगतान की अधिकतम सीमा 500 रुपये है।

### ताकेशी हिरानो बने इसुजु मोटर्स इंडिया के डिप्टी एमडी

**नयी दिल्ली।** इसुजु मोटर्स इंडिया ने ताकेशी हिरानो को कंपनी का उप प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की। जापान की इसुजु मोटर्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी ने बताया कि हिरानो, तोरू किशिमोतो का स्थान लेंगे। किशिमोतो अब मूल कंपनी में नई जिम्मेदारी संभालेंगे। कंपनी के अनुसार हिरानो के पास वैश्विक बाजारों में वितरण एवं विपणन के क्षेत्र में दो दशक से अधिक का अनुभव है। उन्होंने इसुजु के लिए विभिन्न भूमिकाओं में काम करते हुए अलग-अलग बाजारों में संचालन का नेतृत्व किया है।

### अशोक लेलैंड बैटरी पैक विनिर्माण में करेगी 500 करोड़ का निवेश

**नयी दिल्ली।** हिंदुजा समूह की वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने बुधवार को चेन्नई के पास एक नयी बैटरी पैक विनिर्माण सुविधा में 500 करोड़ रुपये तक के निवेश की घोषणा की। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा कि कंपनी ने चेन्नई के पास पिल्लैपक्कम में नई बैटरी पैक विनिर्माण सुविधा के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित किया। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना पर 400-500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यह सितंबर, 2025 में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत हिंदुजा समूह के निवेश का हिस्सा है।

### सेल ने पहले 11 महीने की बिक्री का बनाया नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में बिक्री का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल-फरवरी के दौरान उसने 1.82 करोड़ टन इस्पात की बिक्री की जो किसी भी वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में सबसे अधिक है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 14 प्रतिशत ज्यादा है।

### मेटा प्लेटफॉर्म्स करेगी 'मोल्टबुक' का अधिग्रहण

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** मेटा प्लेटफॉर्म्स ने 'मोल्टबुक' का अधिग्रहण करने की योजना की जानकारी दी है। मोल्टबुक एक ऐसा सामाजिक नेटवर्क है जिसे विशेष रूप से कृत्रिम मेधा एजेंट के लिए बनाया गया है, जहां वे संदेश प्रकाशित कर सकते हैं और एक-दूसरे के साथ बातचीत कर सकते हैं।

# घरेलू प्राकृतिक संसाधनों के प्रोत्साहन की जरूरत: वेदांता

- प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है भारत की भूगर्भीय संरचना

नयी दिल्ली, एजेंसी

वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा है कि देश की ऊर्जा और खनिज सुरक्षा को मजबूत करने के लिए घरेलू प्राकृतिक संसाधनों की क्षमता का पूर्ण उपयोग करने की जरूरत है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होने और भारत के ऊर्जा आयात पर असर पड़ने के बीच उन्होंने यह बात कही। अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा है कि वैश्विक संघर्ष का सीधा असर उन देशों पर पड़ता है जो आयात पर निर्भर हैं। इसलिए भारत को विदेशी संसाधनों पर निर्भरता कम कर घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि भारत उस युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव झेल रहा है, जिससे उसका कोई संबंध नहीं है। अग्रवाल ने कहा कि भारत अपनी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। देश लगभग 90 प्रतिशत तेल, 95 प्रतिशत तांबा और 99.5 प्रतिशत सोना आयात करता है जबकि भारत की भूगर्भीय संरचना प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। खनिज, धातु एवं तेल उद्योग में चार दशकों से अधिक के अनुभव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यदि इन संसाधनों का कुशलता से विकास किया जाए तो आयात निर्भरता कम हो सकती है। साथ ही रोजगार, उद्योग एवं निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

# डिजिटल लुटेरा: यूपीआई सुरक्षा को चकमा दे रहे साइबर ठग

## साइबर खुफिया कंपनी क्लाउडसेक ने रिपोर्ट में किया दावा-टेलीग्राम पर सक्रिय हैं 20 ग्रुप

नयी दिल्ली, एजेंसी

ऑनलाइन ठग नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अनुप्रयोगों की सुरक्षा प्रणाली को चकमा देकर वित्तीय लेनदेन को अंजाम दे रहे हैं। साइबर खुफिया कंपनी क्लाउडसेक की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। कंपनी ने संदेश भेजने से जुड़े मंच टेलीग्राम पर कम से कम 20 सक्रिय समूहों की पहचान की है। प्रत्येक समूह में 100 से अधिक सदस्य हैं जहां 'डिजिटल लुटेरा' नामक टूलकिट पर चर्चा कर उसे शेयर और उसका उपयोग भी किया जा रहा है।

क्लाउडसेक के अनुसंधानकर्ता (खतरा) शोभित मिश्रा ने कहा कि यह केवल यूपीआई से जुड़ा एक और हानिकारक सॉफ्टवेयर नहीं है। डिजिटल लुटेरा उपकरण प्रणाली पर भरोसे की संरचना पर हमला करता है। जब संचालन तंत्र ही प्रभावित हो जाता है तो 'सिम-बाइंडिंग' और हस्ताक्षर जांच जैसी पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्थाएं भरोसेमंद नहीं रहतीं। यदि इसे नहीं रोका गया तो यह डिजिटल भुगतान प्रणाली में बड़े पैमाने पर खातों पर पकड़ बनाने की घटनाओं को बढ़ावा दे सकता है।

'सिम बाइंडिंग' एक ऐसी सुरक्षा प्रौद्योगिकी है जो व्हाट्सऐप, टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप को केवल उसी रजिस्टर्ड सिम कार्ड से चलाने की अनुमति देती है जो फोन में लगा हो। क्लाउडसेक ने बताया कि उसने ऐसे ही एक समूह के विश्लेषण में पाया कि केवल दो दिन में करीब 25 से 30 लाख रुपये के लेनदेन किए गए। इससे पता चलता है कि धोखाधड़ी



का यह तरीका कितनी तेजी से फैल रहा है और कितने लोगों को प्रभावित कर रहा है। इस संबंध में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है। 'सिम-बाइंडिंग' को इस बात का प्रमाण माना जाता रहा है कि कोई बैंक खाता किसी विशेष उपकरण से सुरक्षित रूप से जुड़ा हुआ है। यूपीआई अनुप्रयोग लेनदेन से पहले उस फोन नंबर के सिम का सत्यापन करते हैं जिसके साथ खाता मोबाइल फोन में पंजीकृत होता है। क्लाउडसेक ने बताया कि यह हमला आमतौर पर तब शुरू होता है जब उपयोगकर्ता अनजाने में एक हानिकारक एपीके फोन में डाल लेते हैं, जो किसी सामान्य सूचना (जैसे यातायात चालान या शादी के निमंत्रण) के रूप में दिखाई देती है।

एक बार इसके फोन में आ जाने पर यह हानिकारक सॉफ्टवेयर पीड़ित के फोन में संदेश पढ़ने की अनुमति प्राप्त कर लेता है। 'डिजिटल लुटेरा' टूलकिट स्थापित होने के बाद हमलावर अपने उपकरण पर एक विशेष एंड्रॉयड ढांचे के उपकरण का उपयोग कर प्रणाली स्तर की पहचान एवं संदेशों के हेरफेर करते हैं। इसके बाद बैंक के लिए भेजे जाने वाले पंजीकरण संदेशों को बीच में ही पकड़ लिया जाता है और 'वन टाइम पासवर्ड' चुपचाप हमलावरों द्वारा नियंत्रित टेलीग्राम ग्रुप पर भेज दिए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि फोन के संदेश अभिलेख में 'भेजा गया' जैसे नकली संदेश भी जोड़ दिए जाते हैं ताकि सब कुछ सामान्य दिखाई दे।

इसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित का यूपीआई खाता किसी दूसरे उपकरण पर पंजीकृत और नियंत्रित किया जा सकता है जबकि असली सिम कार्ड पीड़ित के फोन में ही रहता है। साइबर खुफिया कंपनी ने कहा कि एंड्रॉयड उपकरण में इस प्रकार की हेरफेर के बाद यूपीआई अनुप्रयोग को यह विश्वास हो जाता है कि सत्यापन के लिए भेजे गए संदेश वास्तव में उसी फोन से भेजे गए हैं।

# कच्चा तेल उछलने से फिसला बाजार, सेंसेक्स 1,342 अंक टूटा, 5.14 लाख करोड़ डूबे

## निफ्टी भी 24000 से नीचे आया, विदेशी निवेशकों की निकासी और बैंकों के शेयरों की बिकवाली से बना दबाव

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई। बीएसई सेंसेक्स ने 1,342 अंक का गोता लगाया और एनएसई निफ्टी फिसलकर 24,000 अंक के नीचे आ गया। यह गिरावट एक दिन की बढ़त के बाद आई है। इसके चलते निवेशकों की पूंजी में बुधवार को 5.14 लाख करोड़ रुपये की कमी आई





- बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक में रही गिरावट
- सेंसेक्स मंगलवार को 639.82 अंक चढ़कर 78,205.98 अंक पर बंद हुआ था और निफ्टी भी 233.55 अंक बढ़कर 24,261.60 अंक पर रहा था

कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी।

बीएसई में सूचीबद्ध 2,380 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,881 शेयर लाभ में रहे। वहीं 153 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है और उतार-चढ़ाव भी बढ़ा है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की आपूर्ति में प्रभावित होने की आशंका, बढ़ती मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएं निवेशकों को सतर्क बनाए हुए हैं। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली और रुपये में कमजोर रुख ने जोखिम लेने की प्रवृत्ति को और कम कर दिया है।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा 5.01 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ केवल दो शेयर सन फार्मा और एनटीपीसी लाभ में रहे।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा किपिछले सत्र में उछाल के बाद बाजार में फिर से गिरावट शुरू हो गई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और बैंक, वित्तीय सेवाओं और वाहन शेयरों में बिकवाली के चलते मानक सूचकांक पर दबाव रहा।

मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आने वाले समय में, बाजार में सतर्क रुख अपनाये जाने संभावना है।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.76 प्रतिशत बढ़कर 92.86 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,672.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,333.26 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट सकारात्मक दायरे में बंद हुए। जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिका बाजार मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए थे।

# सिंगापुर एयरलाइंस की सेल किराया 5,800 रुपये से शुरू

नयी दिल्ली, एजेंसी

सिंगापुर एयरलाइंस की सहायक कंपनी स्कूट ने ''मार्च थीमैटिक सेल'' की घोषणा की है जो 15 मार्च तक चलेगी। ऑफर के तहत भारत से सिंगापुर के लिए इकोनॉमी क्लास का एक तरफ का किराया मात्र 5,800 रुपये से शुरू होता है। सिंगापुर से आगे एशिया-पैसिफिक और अन्य लोकप्रिय शहरों के लिए भी कनेक्टिंग उड़ानें उपलब्ध हैं। ऑफर के तहत हर गंतव्य के लिए अलग-अलग अंतराल होंगे जो 01 अप्रैल से 16 दिसंबर के बीच हैं।

किफायती विमान सेवा कंपनी स्कूट एयर ने बताया कि चेन्नई से सिंगापुर का किराया 5,800 रुपये से शुरू हो रहा है।

तिरुचिरापल्ली से फुकेट का किराया 8,500 रुपये से, तिरुवनंतपुरम से सिडनी का 15,000 रुपये से और विशाखापत्तनम से बैंकॉक का 7,900 रुपये से शुरू होगा। अमृतसर से सेबू का टिकट 11,500 रुपये से और कोयंबटूर से ना त्रांग का 10,500 रुपये से मिलेगा।

अमृतसर और चेन्नई से यात्रा करने वाले यात्री अब स्कूट के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों में 'स्कूटप्लस' का बेहतर अनुभव भी ले सकते हैं। इसके लिए टिकट मात्र 12,900 से शुरू हो रहा है। 'स्कूटप्लस' के अंतर्गत यात्रियों को कई अतिरिक्त सुविधाएं मिलती हैं, जिनमें प्राथमिकता के आधार पर चेक-इन और बोर्डिंग, ज्यादा लेगरूम वाली आरामदायक सीटें, 15 किलोग्राम केबिन बैगेज और 30 किलोग्राम चेक-इन बैगेज की अनुमति शामिल है। अमृतसर से जाने वाले यात्रियों को ऑफर का लाभ 27 अप्रैल से 04 जून और बाद में 06 जुलाई से 24 अक्टूबर तक की यात्रा पर मिलेगा।

### मलेशिया एयरलाइंस की भारतीयों के लिए विशेष पेशकश

**नयी दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस ने भारत के यात्रियों के लिए विशेष किराये का घोषणा की है। एयरलाइंस की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि ऑफर के तहत 10 मार्च से 23 मार्च तक बुकिंग करायी जा सकती है। यह बुकिंग 18 दिसंबर 2026 तक की यात्रा के लिए होगी। ऑफर के तहत इकोनॉमी क्लास का रिटर्न किराया 20,599 रुपये से शुरू होगा। यात्री मलेशिया एयरलाइंस के नेटवर्क पर कुआलालंपुर, सिंगापुर, ऑकलैंड, सिडनी और अन्य गंतव्यों के लिए टिकट बुक करा सकेंगे।

# एआईएफ के लिए नियामक मंजूरी प्रक्रिया में तेजी लाने को रुपरेखा बना रहा सेबी: पांडेय

मुंबई, एजेंसी

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के लिए एक नए नियामकीय ढांचे पर विचार किया जा रहा है। इससे एआईएफ योजनाओं की पेशकश में तेजी आ सकती है। प्रस्तावित 'लॉज एंड लॉन्च' मॉडल के तहत कुछ एआईएफ योजनाओं को मर्चेंट बैंकर द्वारा जारी जांच-परख प्रमाणपत्रों के आधार पर पेश किया जा सकेगा, जिससे नियामक मंजूरी में लगने वाला समय कम होगा। पांडेय ने आईवीसीए कॉन्क्लेव-2026 में कहा कि इस ढांचे का उद्देश्य कारोबार को सुगम बनाना,



एआईएफ पेशकश में तेजी लाना और निजी पूंजी के तेजी से जुटाने में सहायता करना है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित प्रणाली के तहत, कुछ विशिष्ट एआईएफ योजनाएं जांच-परख प्रमाणन के लिए मर्चेंट बैंकर पर निर्भर हो सकती हैं, जबकि केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए योजनाओं को लाकर, एआईएफ प्रबंधक खुलासा संबंधी जांच-परख सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। नियामक ने कहा कि वह इस प्रस्ताव पर उद्योग जगत से परामर्श करेगा।

भारत में एआईएफ उद्योग का हाल के वर्षों में तेजी से विस्तार हुआ है। देश में अब 1,700 से अधिक पंजीकृत एआईएफ हैं, जिनकी कुल प्रतिबद्धताएं लगभग 15.74 लाख करोड़ रुपये और निवेश लगभग 6.45 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह दिसंबर, 2025 तक पिछले पांच वर्षों में लगभग 30 प्रतिशत की संचयी सालाना वृद्धि है। साथ ही, सेबी प्रमुख ने उद्योग के लिए प्रमुख चुनौतियों के रूप में 'गलत बिक्री' और 'उपयुक्त उत्पाद' का जिक्र किया।

# एफएसीटी को मिल जल्दी सकता है 'मिनी रत्न' का दर्जा

कोच्चि (केरल), एजेंसी। आजादी से पहले गठित देश की प्रमुख उर्वरक आपूर्तिकर्ता कंपनी, उर्वरक और रसायन त्रावणकोर (एफएसीटी) को जल्द 'मिनी रत्न' का दर्जा मिल सकता है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि 66 साल पहले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी (सीपीएसयू) बनी एफएसीटी को मिनी रत्न का दर्जा मिलने में सिर्फ 'प्रक्रियात्मक जरूरतें' बाकी रह गई हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी के वित्तीय पुनर्गठन (फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग) का काम भी प्रगति पर है, जिसके पूरा होते ही से उसे यह दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

# भर्ती के समय अंग्रेजी दक्षता के आकलन से बढ़ती है कार्यक्षमता: रिपोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत में 98 प्रतिशत मानव संसाधन (एचआर) प्रमुखों का मानना है कि यदि भर्ती के दौरान अंग्रेजी कौशल का बेहतर आकलन किया जाए, तो संगठन अधिक कुशल होंगे। एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विसेज (ईटीएस) की टीओईआईसी ग्लोबल इंग्लिश स्किल्स रिपोर्ट यह भी कहती है कि कृत्रिम मेधा (एआई) खराब अंग्रेजी दक्षता की भरपाई नहीं कर सकता। टोफेल और जीआरई जैसी परीक्षाएं आयोजित करने वाली प्रिंसटन स्थित संस्था ईटीएस ने यह रिपोर्ट भारत में 87 शीर्ष एचआर अधिकारियों के सर्वेक्षण के आधार





पर तैयार की है। यह शोध 17 देशों के 1,325 एचआर अधिकारियों पर किए गए व्यापक सर्वेक्षण का हिस्सा है, जिसमें ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, भारत, जापान, मेक्सिको, मोरोक्को, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, स्पेन, ताइवान, थाइलैंड, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात और वियतनाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ज्यादातर नियोक्ताओं का मानना है कि पांच साल पहले की तुलना में अब अंग्रेजी दक्षता अधिक महत्वपूर्ण हो गई है, हालांकि इसके मूल्यांकन की गुणवत्ता और लागत जैसी बाधाएं अब भी बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश एचआर प्रमुखों का मानना है कि एआई खराब अंग्रेजी दक्षता का विकल्प नहीं हो सकता, जिससे विश्वसनीय मूल्यांकन की जरूरत और बढ़ जाती है। भारत में 94 प्रतिशत एचआर प्रमुखों का कहना है कि बढ़ते वैश्विक सहयोग ने अंग्रेजी की आवश्यकता को बढ़ा दिया है, जबकि 84 प्रतिशत का मानना है कि अंग्रेजी की कमी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ने का कारण बनती है।

# युवा उद्यमी योजना : जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनने का मौका

युवा अब जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनकर देश के विकास में सक्रिय सहभागिता करना चाहता है। युवा अब उद्यमी बनना चाहता है। युवाओं की इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे युवाओं की मदद करना है जो पूंजी के अभाव में अपना व्यवसाय शुरू नहीं कर पा रहे हैं। यदि जानते हैं इस योजना से जुड़ी सभी जरूरी बातें-

**योजना की मुख्य विशेषताएं:** इसके तहत 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए बिना गारंटी और ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। अगले दस वर्षों में लगभग 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इसके तहत हर वर्ष करीब एक लाख युवाओं को इस योजना का लाभ देने की योजना बनाई गई है।

**दो चरणों में मिलेगी वित्तीय सहायता:** योजना को दो चरणों में लागू किया गया है। पहले चरण में अधिकतम 5 लाख रुपये की परियोजना के लिए करीब 4.5 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। खास बात यह है कि ऋण चुकाने की प्रक्रिया में शुरुआती छह महीने तक राहत दी जाती है।

यदि लाभार्थी पहले चरण का ऋण समय पर चुका देता है, तो दूसरे चरण में उसे 10 लाख रुपये तक का ऋण मिल सकता है। इस चरण में ब्याज पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी का प्रावधान भी है।

जानकारी



### किसे मिलेगा योजना का लाभ

1- आवेदक उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए।
2- उम्र 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3- कम से कम आठवीं कक्षा पास होना आवश्यक है।
4- कोई स्किल सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री होना चाहिए।

इसके अलावा योजना में लाभार्थी को अपनी श्रेणी के अनुसार कुछ अंशदान भी करना होता है। सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 12.5 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति-जनजाति और दिव्यांग वर्ग के लिए 10 प्रतिशत योगदान तय किया गया है।

### कैसे और कहां करें आवेदन

सीएम युवा उद्यमी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आधिकारिक पोर्टल msme.cmyuva.org.in पर किया जा सकता है।

**वेबसाइट पर जाएं:** उत्तर प्रदेश (CMYUVA) के आधिकारिक उद्यमी पोर्टल पर जाएं।

**पंजीकरण:** पंजीकरण/लॉग इन पर क्लिक करें और आधार नंबर दर्ज करके पासवर्ड बनाएं।

**फॉर्म भरें:** व्यक्तिगत, शैक्षणिक और व्यावसायिक जानकारी (जैसे परियोजना रिपोर्ट) सही-सही भरें।

**दस्तावेज़ अपलोड करें:** आधार, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), 8वीं पास मार्कशीट, पैन कार्ड, फोटो, और बैंक पासबुक की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करें।

**सबमिट और ट्रैकिंग:** फॉर्म को 'फाइनल सबमिट' करें और आवेदन संख्या यानी एप्लीकेशन नम्बर को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें।

**प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी देगी सरकार:** सरकार इस योजना के तहत केवल वित्तीय सहायता ही नहीं देती, बल्कि व्यवसाय शुरू करने और उसे सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की व्यवस्था भी करती है। अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के जिला उद्योग केंद्र से संपर्क करें।

# भारत में गूगल क्रोम में मिलेंगी अंतर्निहित एआई सुविधाएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए 'गूगल क्रोम' में अंतर्निहित कृत्रिम मेधा (एआई) सुविधाओं को जोड़ने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इससे इंटरनेट पर खोज का अनुभव उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सहज, सुरक्षित एवं उपयोगी बनेगा। ये 50 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध होंगी जिनमें हिंदी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तेलुगु और तमिल जैसी भारतीय भाषाएं भी शामिल हैं।गूगल आज क्रोम की कई नवीनतम कृत्रिम मेधा सुविधाओं (जिनमें क्रोम में जेमिनी भी शामिल है) को भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराने की घोषणा करता है। इसमें कहा गया कि ये सुविधाएं कंपनी के नवीनतम जेमिनी 3.1 मॉडल पर आधारित हैं।

# राजकोषीय घाटे के मानकों का पालन करें राज्य : नीति आयोग

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग ने बुधवार को राज्यों से राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम के तहत राजकोषीय घाटे से संबंधित मानकों का पालन करने का आग्रह किया। इसके लिए व्यय प्रबंधन में अनुशासन, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) आधार बढ़ाने और कर क्षमता बढ़ाने को कहा गया है। नीति आयोग की ''राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) 2026'' रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन राज्यों का राजस्व घाटा बढ़ रहा है उन्हें अपने राजस्व व्यय को टिकाऊ राजस्व वृद्धि के अनुरूप रखना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट के मुताबिक, राजकोषीय स्थिति के आधार पर शीर्ष 10 राज्यों में ओडिशा, गोवा, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और मध्य प्रदेश शामिल हैं।

वहीं बिहार, कर्नाटक एवं तेलंगाना ने मामूली सुधार दर्ज किया जबकि पंजाब, पश्चिम बंगाल एवं केरल इस सूचकांक में निचले स्थान पर रहे हैं। पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में अरुणाचल प्रदेश शीर्ष पर रहा। इसके बाद उत्तराखंड, त्रिपुरा, मेघालय, असम और मिजोरम का स्थान रहा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह के आर्थिक झटके आते हैं, इसलिए मजबूत राजकोषीय स्थिति बनाए रखना जरूरी है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### स्विट्जरलैंड : बस में लगाई आग, छह की मौत, तीन गंभीर

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न के पश्चिम में स्थित एक शहर में बस में आग लग जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फ्राइबर्ग क्षेत्र के पुलिस प्रवक्ता फ्रेडरिक पापो ने बताया कि बर्न से लगभग 25 किलोमीटर पश्चिम में स्थित केर्जर्स शहर में मंगलवार शाम हुई यह घटना जानबूझकर किया गया कृत्य हो सकती है। यह क्षेत्रीय परिवहन बस पोस्टबस द्वारा संचालित की जाती है जो राष्ट्रीय डाक सेवा से संबद्ध है। मीडिया में प्रसारित घटनास्थल की तस्वीरों में बस आग की लपटों से घिरी नजर आ रही है। क्षेत्रीय सरकार ने कहा, मौके पर पहुंचे बचाव दलों ने पाया कि वाहन आग की लपटों में घिरा हुआ था। हेलीकॉप्टर दलों ने तीन गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### अमेरिका : पत्नी के हत्यारोपी भारतीय पर 10 लाख डॉलर इनाम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने पत्नी की हत्या के आरोपी भारतीय नागरिक के बारे में सूचना देने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। उस पर पहले 2.5 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम घोषित था। भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल (35) पर आरोप है कि उसने 12 अप्रैल 2015 को मैरीलैंड के हैनोवर में चाकू से कई बार वार कर अपनी पत्नी पलक पटेल (21) की हत्या कर दी। यह वारदात उस दुकान में हुई जहां दोनों काम करते थे। जांचकर्ताओं का मानना है कि पटेल ने देर रात दुकान के पिछले कमरे में अपनी पत्नी पर कई बार चाकू से वार किया और फिर पीछे के दरवाजे से भाग गया। भद्रेश एफबीआई की 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल है।

### सूडान : स्कूल पर ड्रोन हमले में 17 की मौत अधिकतर छात्राएं

**काहिरा।** दक्षिणी सूडान के एक माध्यमिक विद्यालय और एक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को एक विस्फोटक से भरे ड्रोन हमले में 17 से ज्यादा लोग मारे गए। मरने वालों में अधिकतर स्कूली छात्राएं थीं। अस्पताल के एक अधिकारी और एक चिकित्सा समूह ने यह जानकारी दी। गांव के सबसे नजदीक स्थित प्रमुख चिकित्सा सुविधा केंद्र दुइम अस्पताल के निदेशक डॉ. मूसा अल-मजेरी के अनुसार, हमले में 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराकर चिकित्सीय सुविधा दी जा रही है। अभी यह साफ नहीं किया गया है कि हमला किसने किया। अधिकारियों के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# नेपाल: आरएसपी को पीआर श्रेणी में भी सर्वाधिक वोट

- एक करोड़ से ज्यादा वोटों में से पार्टी को मिले 50% से ज्यादा

**काठमांडू।** नेपाल में आनुपातिक प्रतिनिधित्व श्रेणी (पीआर) के तहत मतों की गिनती बुधवार को समाप्त हो गई, जिसमें राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) को सबसे अधिक मत मिले। निर्वाचन आयोग की बुधवार को इस संबंध में आंकड़े साझा किए गए।

नेपाल की प्रतिनिधि सभा में 275 सीट हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली और 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से चुने जाते हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा, मतगणना पूरी हो चुकी है। हालांकि, अंतिम परिणाम अभी प्रकाशित नहीं किए गए हैं क्योंकि आंकड़े दर्ज किए जाने का काम अभी जारी है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुल 1,07,85,876 मतों की गिनती हुई। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 51,57,130 वोट मिले, जबकि नेपाली कांग्रेस को 17,55,872 मत प्राप्त हुए। सीपीएन (यूएमएल) को 14,52,758 मत जबकि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 8,09,577 मत मिले। श्रम संस्कृति पार्टी को 3,85,741 मत और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,30,268 मत मिले। नेपाल में पांच मार्च को हुए प्रत्यक्ष मतदान में आरएसपी ने 165 में से 125 सीट जीतकर इतिहास रच दिया। नेपाली कांग्रेस ने 18, सीपीएन (यूएमएल) ने नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी ने सात, श्रम संस्कृति पार्टी ने तीन, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने एक और निर्दलीय ने एक सीट जीती।

# युद्धों में बढ़ती क्रूरता

## सफेद फॉस्फोरस का युद्ध में प्रयोग

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध के बीच इजराइल की ओर से लेबनान में सफेद फॉस्फोरस के इस्तेमाल दुनिया भर में युद्धों में बढ़ती क्रूरता को लेकर फिर नई चिंता पैदा की है। अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी कर युद्धों में क्रूरता दिखाने के मामले नए नहीं हैं। इसी युद्ध में ईरान के मिनाब शहर में बच्चियों के एक स्कूल पर मिसाइल हमला भी ऐसी ही क्रूरता का एक उदाहरण है, जिसमें पांच से 12 साल की 165 बच्चियों की मौत हो गई थी। अतीत में भी सैन्य संघर्षों के दौरान कई बार क्रूरता की हदें पार करके मानवता को शर्मसार किया गया है। विडंबना यह है कि क्रूरता को रोकने और इसके लिए जिम्मेदार देशों की जवाबदेही तय करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं का प्रभाव भी हाल के वर्षों में काफी कम हुआ है। इन परिस्थितियों ने दुनिया के सामने एक नए तरह का खतरा पैदा किया है।



### सफेद फॉस्फोरस का प्रयोग

- सफेद फॉस्फोरस का प्रयोग नागरिक आबादी वाले क्षेत्रों में 'कन्वेंशन ऑन सर्टेन कन्वेंशनल वेपन्स' के प्रोटोकॉल के तहत कड़ाई से नियंत्रित है।
- इसका प्रयोग पहले भी कई और सैन्य संघर्षों में हुआ है और दुनिया के मानवाधिकार संगठनों ने समय-समय पर इस पर गंभीर चिंता जताई है।
- सफेद फॉस्फोरस रासायनिक पदार्थ है जो ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर स्वत: जल उठता है और बहुत उच्च तापमान पैदा करता है।
- इसके संपर्क में आने पर गहरे घाव हो सकते हैं, आंतरिक अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसका धुआं फेफड़ों-आंखों के लिए खतरनाक।

### क्रूरता के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय ढांचा

- जिनेवा कन्वेंशन युद्ध के दौरान घायलों, बीमारों, युद्धबंदियों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए बुनियादी नियम निर्धारित करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही तय करता है।
- रासायनिक हथियार कन्वेंशन युद्ध में उन हथियारों के उपयोग को प्रतिबंधित करते हैं जो अनावश्यक पीड़ा का कारण बनते हैं।
- रोम स्टैच्यूट संधि युद्ध अपराधों को परिभाषित करती है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न्याय सुनिश्चित करने का आधार प्रदान करती है।
- संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय जैसी संस्थाएं काम करती हैं, दोषियों पर युद्ध अपराध का मुकदमा चलाती हैं।

### अमानवीय

महिलाओं-बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा को युद्ध की रणनीति के रूप में इस्तेमाल करना। सार्वजनिक रूप से हत्या करना और प्राचीन स्मारकों, पुस्तकालयों, धार्मिक स्थलों को नष्ट करना।

### युद्ध में नए प्रयोग

- सीरिया, यूक्रेन, गाजा में अस्पतालों स्कूलों पर हवाई हमले जो नागरिकों के लिए अंतिम शरणस्थली थे।
- सीरिया में सरीन गैस का इस्तेमाल या घनी आबादी वाले क्षेत्रों में क्लस्टर बम, सफेद फॉस्फोरस का प्रयोग।
- भोजन, पानी, दवाइयों की आपूर्ति काट देना ताकि भुखमरी को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

### दुनिया में ऐतिहासिक नरसंहार

- द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी ने लाखों यहूदियों और अल्पसंख्यकों का कत्लेआम किया, जो क्रूरता का सबसे वीभत्स उदाहरण माना जाता है।
- जापान की सेना ने 1937 में चीनी नागरिकों के साथ अत्यधिक बर्बरता के साथ सामूहिक हत्याएं की थीं जो नानजिंग के नरसंहार के नाम से मशहूर है।
- वर्ष 1994 में हुआ रवांडा नरसंहार जिसमें मात्र 100 दिनों के भीतर 8 लाख लोगों की नृशंस हत्या की गई, पड़ोसियों ने ही एक-दूसरे पर हमला किया।

# एलपीजी : कमी न होने के दावों के बीच देश भर में हाहाकार

## सिलेंडर के लिए कहीं लंबी कतारें तो कहीं ब्लैक के आरोप, विपक्ष ने लगाए सरकार पर गुमराह करने के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार की ओर से घरेलू गैस (एलपीजी) और पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी न होने के लगातार दावों के बीच देश भर में हाहाकार मचा हुआ है। एलपीजी संकट के कारण एक तरफ होटल और रेस्टोरेंट उद्योग ठप होने के कगार पर पहुंच गया है तो दूसरी तरफ घरेलू सिलेंडरों के लिए गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लग रही हैं। लोग घरेलू गैस की ब्लैक के भी आरोप लगा रहे हैं।

भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां एसोसिएशन ने कहा है कि दिल्ली में नियमित एलपीजी आपूर्ति न होने से कुछ रेस्टोरेंट पाइप से होने वाली रसोई गैस आपूर्ति और इंडक्शन कुकिंग जैसे विकल्प अपना रहे हैं। कई रेस्तरां ऐसे व्यंजन को बढ़ावा दे रहे हैं जिनमें कम गैस खपत होती है। कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कई शहरों में बुधवार को रसोई गैस एजेंसियों के कार्यालयों और ऑटो के लिए एलपीजी गैस भरवाने वाले केंद्रों पर लंबी कतारें नजर आईं। रांची समेत झारखंड के भी कई जिलों में यही हाल है। गैस एजेंसियों के ऑफिस में सिलेंडर की बुकिंग के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। यहां सुबह से ही लंबी कतारें लग गई थीं। गैस सिलेंडर को लेकर एजेंसी और उपभोक्ताओं के बीच नोकझोंक भी हो रही है।

केरल में कई शहरों में होटलों को बंद कर दिया गया है। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को एलपीजी वितरकों और डीलरों को कालाबाजारी या उपभोक्ताओं को 'ब्लैकमेल' करने के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी। दरअसल, सरकार को शिकायतें मिली हैं कि कुछ एलपीजी डीलर डिलीवरी में देरी करके हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दिए कि राज्य में एलपीजी संकट न होने दिया जाए।



प्रयागराज में एक गैस एजेंसी के बाहर बुधवार को सिलेंडर रिफिल कराने वालों की कतार।

### देश में एकाएक कई गुना बढ़ी बिजली के चूल्हों और केतलियों की बिक्री

**नई दिल्ली।** रसोई गैस के संकट के बीच देश में बिजली के चूल्हों (इंडक्शन) और इलेक्ट्रिक केतली की बिक्री में भारी उछाल आया है। टाटा समूह की कंपनी क्रोमा ने पिछले कुछ दिनों में चूल्हों की मांग में तीन गुना वृद्धि दर्ज की है, जबकि 'पिजन' ब्रांड बनाने वाली कंपनी स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड की औसत साप्ताहिक ऑनलाइन बिक्री चार गुना बढ़ गई है। इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड (क्रोमा) के सीईओ और एमडी शिबाशीष रॉय ने कहा, पिछले कुछ दिन में बिजली के चूल्हों की मांग में अचानक तेजी आई है जो लगभग तीन गुना बढ़ गई है।ग्राहक एक बार में कई चूल्हे खरीद रहे हैं। इलेक्ट्रिक केतली की मांग भी लगभग दोगुनी हो गई है। अमेजन इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दो दिन में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री 30 गुना बढ़ गई है, जबकि चावल पकाने वाला कुकर और इलेक्ट्रिक प्रेशर कुकर की बिक्री में चार गुना उछाल आया है। एयर फ्रायर और इलेक्ट्रिक केतली की बिक्री भी दोगुनी हो गई है।



रांची में बच्चे के साथ सिलेंडर लेने आई महिला।

### चेन्नई में होटलों-रेस्तरां ने छुट्टी घोषित की

**चेन्नई।** चेन्नई और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में संचालित होटलों और रेस्तरां के एक वर्ग ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति न होने के कारण बुधवार को छुट्टी घोषित कर दी। सुबह-सुबह चाय-कॉफी के लिए पहुंचे ग्राहक होटलों के बंद होने पर निराश हो गए। शहर के एक लोकप्रिय होटल में बुधवार को लगे नोटिस में लिखा था, एलपीजी आपूर्ति न होने के कारण 11 मार्च 2026 को छुट्टी घोषित की गई है। वहां कॉफी पीने आए एक निवासी ने तियागराया नगर स्थित होटल में छुट्टी घोषित होने के बाद कहा, अगर वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की यही स्थिति रही तो घरेलू एलपीजी आपूर्ति पर भी इसका असर पड़ सकता है।

### पुडुचेरी के होटलों में शुरू हुआ लकड़ी का चूल्हा

**पुडुचेरी।** एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण पुडुचेरी में होटलों के बंद होने का खतरा पैदा हो गया है क्योंकि इस पर्यटन केंद्र में वैकल्पिक कदम हालात से निपटने में मददगार नहीं हो सकते। होटल्स एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब असहाय स्थिति हो गई है। अधिकतर होटल ने या तो लकड़ी जलाकर खाना बनाना शुरू कर दिया है या कामकाज के घंटे कम कर दिए हैं और कुछ होटल इलेक्ट्रिक कुकर का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### रसोई गैस संकट पर संसद में चर्चा हो, प्रधानमंत्री जवाब दें: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध और देश में रसोई गैस के कथित संकट को लेकर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में इस पर जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सच जानने का अधिकार है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार के नकली सूत्र आधारित आश्वासन उसकी पूर्ण अक्षमता को उजागर करते हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध के बारे में पूर्वानुमान था। फिर भी सरकार ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए कुछ नहीं किया। अब संकट गहराता जा रहा है और आम लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि ईंधन की कमी से कृषि और उर्वरक आपूर्ति प्रभावित होने से सबसे पहले किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, रसोई गैस सिलेंडर का सीमित वितरण, गैस भरवाने के लिए लंबी कतारें, वाणिज्यिक सिलेंडर की भारी कमी और घरेलू सिलेंडर के लिए 25 दिन तक की प्रतीक्षा की स्थिति पैदा हो गई है।

### ममता ने कहा- योजना बनाए बगैर केंद्र ने लगाए प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार को ऊर्जा आपूर्ति में मौजूदा व्यवधानों के मद्देनजर पाबंदी लगाने से पहले देश में एलपीजी, तेल और गैस के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने चाहिए थे। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार को पहले एलपीजी, तेल और गैस के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने चाहिए थे। उन्होंने स्थिति से निपटने के लिए उचित योजना बनाए बिना प्रतिबंध लगा दिए हैं। केंद्र ऊर्जा संकट को सुलझाने के बजाय राजनीति पर अधिक ध्यान दे रहा है।

### एक करोड़ लोगों के बेरोजगार होने का खतरा : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश में एलपीजी गैस की भारी किल्लत है और इस वजह से एक करोड़ से ज्यादा लोगों के बेरोजगार होने का खतरा है। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश बहुत गंभीर संकट से गुजर रहा है। पूरे देश में एलपीजी गैस की भारी किल्लत हो गई है। हमारे देश में एलपीजी के उत्पादन में 50 फीसदी की कमी आ गई है। देश में एलपीजी का 60 फीसदी आयात होता है। इसमें 90 फीसदी एलपीजी स्टेट ऑफ हॉर्मुज से आती है जो भारत के लिए बंद कर दिया गया है। इस संकट का सबसे बड़ा खामियाजा रेस्टोरेंटों, होटलों को भुगतना पड़ रहा है।

# विपक्ष अब ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए देगा नोटिस

## लोकसभा के 120, राज्यसभा के 60 सदस्यों ने किए हस्ताक्षर, पक्षपात और भेदभाव का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पक्षपात और भेदभाव करने सहित कई आरोपों को लेकर पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस के लिए विपक्ष ने आवश्यक हस्ताक्षर एकत्र किए हैं और अगले एक-दो दिन में संसद के दोनों सदनों में इसे पेश करने की तैयारी है।

एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि हस्ताक्षर एकत्र करने का काम पूरा कर लिया गया है और नोटिस बृहस्पतिवार को दिए जाने की संभावना है। विपक्ष के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने कहा कि नोटिस बृहस्पतिवार या



- इंडिया गठबंधन में शामिल न होने के बावजूद आप ने भी किए हस्ताक्षर

शुक्रवार को दोनों सदनों में दिया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम तक लगभग 120 सांसदों ने लोकसभा में दिए जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं और लगभग 60 सांसदों ने उच्च सदन में दिए जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नियमों के मुताबिक, लोकसभा में कम से कम 100 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला नोटिस और राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर नोटिस देना होता है।

सूत्रों ने बताया कि नोटिस पर 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि वह अब आधिकारिक तौर पर इस गठबंधन का हिस्सा नहीं है।

### किसी सीईसी को हटाने के लिए पहली बार प्रस्ताव

यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने के लिए कोई नोटिस दिया जा रहा है। विपक्षी दलों ने कई मौकों पर सीईसी पर सत्तारूढ़ भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया है। विपक्ष एसआईआर की कवायद को लेकर पिछले कुछ महीनों से उन पर लगातार निशाना साधता रहा है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर का उद्देश्य भाजपा की मदद करना है। सीईसी को पद से हटाने का नोटिस संसद के किसी भी सदन में दिया जा सकता है और इसे अवश्य ही विशेष बहुमत से पारित किया जाना चाहिए, जो सदन की कुल सदस्यता का बहुमत और उपस्थित एवं मतदान में हिस्सा लेने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत होना चाहिए।

# अमेरिका में 300 अरब डॉलर की पहली रिफाइनरी में साझेदार होगी रिलायंस

- ट्रंप ने कहा- अमेरिका फर्स्ट के एजेंडे के तहत ऐतिहासिक डील

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है उनके देश में पचास साल बाद बनने वाली 300 अरब डॉलर की पहली तेल रिफाइनरी में भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह साझेदार होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी दी है।

उन्होंने कहा, इस ज़बरदस्त निवेश के लिए भारत में हमारे साझेदार और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, रिलायंस को धन्यवाद। ट्रंप ने कहा, अमेरिका असली ऊर्जा प्रभुत्व की ओर लौट रहा है, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमरीकी तेल रिफाइनरी खोल रही है। यह एक ऐतिहासिक 300 अरब डॉलर की डील है, अमरीकी इतिहास की सबसे बड़ी, अमेरिकी लोगों, ऊर्जा और दक्षिण टेक्सास के लोगों के लिए एक बड़ी जीत।

उन्होंने कहा, यह हमारे अमेरिका फर्स्ट एजेंडा, परमिट को आसान बनाने और कर कम करने की वजह से है, हमारे देश में अरबों डॉलर की डील वापस आ रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्राउन्सविले पोर्ट पर एक नई रिफाइनरी, अमरीकी बाजार को बढ़ावा देगी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपके काम अपेक्षाकृत तीव्र गति से पूर्ण होंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। बच्चों की प्रगति से उत्साहित रहेंगे।

**तुला** – आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय बर्बाद न करें। आलस्य के कारण काम बिगड़ सकते हैं। शुगर के रोगी अपने खानपान पर ध्यान दें।

**वृष** – आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम सा हो सकता है। सफलता प्राप्त करने हेतु शॉर्टकट अपना सकते हैं। कुछ लोग आपकी आलोचना करेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। अपनी मेहनत और क्षमताओं पर विश्वास रखें। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है।

**मिथुन** – आज आप काफी नए विचारों के प्रभाव में रहेंगे। विवाह संबंधी चर्चाएं कर सकते हैं। बैंकिंग से जुड़े लोगों को प्रमोशन मिल सकता है।

**धनु** – आज आपकी आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आपके ऊपर काम का अत्यधिक दबाव रहेगा।

**कर्क** – आज आपके काम की गुणवत्ता बढ़ेगी। नई विधाओं को सीखने का प्रयास करें। पुराने लंबित मामलों में जीत मिल सकती है।

**मकर** – आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी से अधिक बहस न करें। अटका हुआ धन आपको मिल सकता है।

**सिंह** – आज कारोबार में बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं। अधिकारों में वृद्धि होगी। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।


**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहने वाली हैं। किसी समस्या का समाधान मिलेगा। दूसरों पर निर्भर न रहे।

**कन्या** – आज लेखन व मीडिया से जुड़े कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। काम की बारीकियों में ध्यान देंगे।

**मीन** – आज नए व्यवसाय पर धन निवेश कर सकते हैं। अपने कर्म पर विश्वास रखें। आय और व्यय में संतुलन रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 12 मार्च, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी पूर्ण रात्रि तक।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- मूल 13 मार्च 00.43 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

### सुडोकू - 85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 1 |

### सुडोकू -86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 8 | | 5 | | 3 | |
| | 9 | | | 3 | 4 | | | |
| | 2 | | 9 | | | 6 | | |
| 6 | | 3 | | | | | | 4 |
| | | | | 6 | 1 | | 2 | |
| | | | 7 | | | | | 6 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | | |
| | | 6 | | | | 9 | | |

# उत्तर कोरिया ने किया क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**प्योंगयांग, एजेंसी**

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के नए युद्धपोत से किए गए क्रूज मिसाइल परीक्षण का निरीक्षण किया। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया से 11 दिन का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' शुरू किया है।

उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास का कड़ा विरोध कर रहा है। सरकारी मीडिया के अनुसार, मिसाइलों का प्रक्षेपण नए 5,000 टन वर्ग के ''चोए ह्योन'' विध्वंसक युद्धपोत से नाम्पो तट के पास किया गया, जहां जहाज के प्रदर्शन परीक्षण चल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मिसाइलें करीब 2 घंटे 50 मिनट तक तय मार्ग पर उड़ती रहीं और कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिमी तट के पास पीले सागर के ऊपर से गुजरते हुए अपने निर्धारित लक्ष्यों को भेद दिया। समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, किम जोंग उन ने अपनी किशोर बेटी के साथ एक



- अमेरिका-दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास पर नाराजगी

गुप्त स्थान से वीडियो लिंक के जरिए इस परीक्षण को देखा।

क्रूज मिसाइलें पीले सागर के ऊपर निर्धारित उड़ान मार्ग से गुजरते हुए अपने तय लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक पहुंचीं। एजेंसी के मुताबिक, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि देश की युद्ध प्रतिरोध क्षमता के विभिन्न घटकों को अब लगातार और तेज गति से एक अत्याधुनिक परिचालन प्रणाली में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की परमाणु ताकत अब बहुआयामी संचालन के नए चरण में प्रवेश कर चुकी है।

# बाल से 10 गुना पतला, स्टील से 10 गुना मजबूत फाइबर

- चीन ने बेहद शक्तिशाली कार्बन फाइबर पेश किया

**बीजिंग।** चीन ने घरेलू स्तर पर विकसित और बेहद शक्तिशाली टी1200 कार्बन फाइबर बना लिया है। इसका अंतरिक्ष और मानव रोबोट क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाएगा।

इस फाइबर का व्यास मानव बाल के दसवें हिस्से से भी कम है, फिर भी इसकी मजबूती स्टील की तुलना में 10 गुना अधिक है और इसका घनत्व स्टील के घनत्व का एक-चौथाई है। हाई-टेक उद्योगों में इसे अपनाने की गति तेज होने की उम्मीद है। इसके निर्माता 'चीन नेशनल बिल्डिंग मटेरियल ग्रुप कंपनी लिमिटेड' के अनुसार, कंपनी इस केबल के सौ टन की वार्षिक उत्पादन की क्षमता हासिल कर ली है। इसके साथ ही चीन इस स्तर के फाइबर का इतने बड़े पैमाने पर उत्पादन करने वाला पहला देश बन गया है।

**ऐतिहासिक फैसला** | वर्ष 2013 में चौथी मंजिल से गिरकर घायल हुए थे 32 वर्षीय हर्ष, कोमा में हैं 12 साल से

# देश में पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव युथनेसिया) की पहली बार स्वीकृति देते हुए 32 वर्षीय उस व्यक्ति की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि नाजुक स्थिति वाले किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक मौत हो सके।

### एम्स को निर्देश, मृत्यु की गरिमा बरकरार रहे

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार एक सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे। निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश 2023 में संशोधित किए गए 2018 के उस फैसले के अनुरूप है जिसमें गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी।

इस फैसले के साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर एक व्यापक कानून बनाने पर विचार करने का आग्रह किया ताकि इससे उन मामलों में स्पष्टता मिलेगी जो बेहद व्यावहारिक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हैं। कोर्ट ने कहा कि कानून के अभाव के कारण, उसे हस्तक्षेप करने और दिशानिर्देश देने के लिए विवश होना पड़ा क्योंकि यह संस्थागत वरीयता का मामला नहीं बल्कि संवैधानिक आवश्यकता का मामला है, ताकि मौलिक अधिकारों की शुचिता, विशेष रूप से गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार की रक्षा की जा सके। गाजियाबाद निवासी हर्ष राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गए थे और तभी से कोमा में हैं। दुर्घटना के वक्त हर्ष राणा पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र थे।



> मुझे फीफा ईरान की राष्ट्रीय टीम को अमेरिका आने और लगभग तीन महीने में शुरू होने वाले विश्व कप में खेलने की अनुमति देगा, भले ही दोनों देशों के बीच युद्ध जारी हो। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। ऐसे में ईरान को रोकना गलत होगा। – जियानी इन्फेंटिनो


# स्टेडियम

मुरादाबाद, गुरुवार, 12 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**हाईलाइट**

## 2025 बीसीबी चुनावों की जांच के लिए कमेटी बनाई गई

**ढाका, एजेंसी :** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने बुधवार को बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के 2025 के चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यों वाली एक इंडिपेंडेंट जांच कमेटी बनाई। एनएससी ने एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन के जरिए इस फैसले की घोषणा तमीम इकबाल द्वारा पिछले साल के बीसीबी चुनावों की जांच के लिए एक रिक्वेस्ट करने के कुछ दिनों बाद की, जिसमें दावा किया गया था कि राजधानी के 76 में से 50 क्लबों ने जांच की मांग का समर्थन किया था। र सालेह अकरम सम्राट हैं। कमेटी शिकायतों से जुड़े डॉक्यूमेंट और सबूत इकट्ठा करेगी और चुनाव प्रक्रिया में शामिल संबंधित लोगों और ऑर्गनाइज़ेशन से बयान लेगी। यह जांच करेगी कि क्या काउंसलर नॉमिनेशन प्रक्रिया बीसीबी संविधान और लागू कानूनों और नियमों के अनुसार की गई थी।

## देवेंद्र फडणवीस ने सूर्यकुमार- शिवम दुबे को सम्मानित किया

**मुम्बई, एजेंसी :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में भारत के रिकॉर्ड तीसरे टाइटल जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे को सम्मानित किया। मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक भी इस मौके पर मौजूद थे, जब मुंबई की इस जोड़ी को टाइटल जीतने वाले कैंपेन में उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भारत ने गत रविवार को अहमदाबाद में फ़ाइनल में न्यूज़ीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब जीता था। शिवम दुबे के लिए मुंबई पहुंचना एक दिलचस्प घटना रही। हवाई यात्रा उपलब्ध न होने के कारण शिवम थ्री टियर एसी से सफर कर मुंबई पहुंचे।

## ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को शरण

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी :** ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने बुधवार को कहा कि ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को ऑस्ट्रेलिया में शरण दी गई है। बर्क ने कैनबरा में पत्रकारों को बताया कि ईरान की पांच खिलाड़ियों को पहले ही मानवीय आधार पर वीजा दिया गया था। अब इन महिला सदस्यों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। उन्होंने कहा कि टीम की जिन नयी दो सदस्यों को शरण दी गई है उनमें एक खिलाड़ी और एक सहयोगी स्टाफ की सदस्य है। इन दोनों ने उनकी टीम के अन्य सदस्यों को हवाई अड्डा ले जाने से पहले ही शरण मांगी थी। टीम के बाकी सदस्य सिडनी से ईरान जाने वाली उड़ान में मंगलवार देर रात सवार हुए। इस बीच टीम के होटल में काफी गहमागहमी रही। यहां बता दें कि ट्रंप नें कुछ दिन पहले आस्ट्रेलिया से इरान की इच्छुक महिला खिलाड़यों को शरण देने के लिए कहा था।

# टी-20 रैंकिंग : अभिषेक और किशन बल्लेबाजी में पहले दो स्थान पर, वरुण गेंदबाजी में शीर्ष से हटे

### अफगानिस्तान के राशिद खान 753 अंकों के साथ विश्व के नंबर एक गेंदबाज बने

**दुबई, एजेंसी**

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से क्रिकेट प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने वाले ईशान किशन ने टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को जारी की गई खेल के छोटे प्रारूप की अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और वह शीर्ष पर काबिज अभिषेक शर्मा से केवल चार अंक पीछे हैं।

टी20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक दुनिया के पहले नंबर के बल्लेबाज बने हुए हैं। उनके साथी बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन टूर्नामेंट में 317 रन बनाने के बाद दो पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

अब वह अभिषेक के सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी बन गए हैं। किशन (871 अंक) ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की और अब वह अभिषेक (875 अंक) से सिर्फ चार रेटिंग अंक पीछे हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट (चार पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और इंग्लैंड के जैकब बेथेल (17 पायदान ऊपर 16वें स्थान पर) ने भी टी20 विश्व कप में कुछ शानदार पारियों के दम पर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन (सात पायदान की छलांग से 20वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ जिन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में शतक बनाकर पुरुष टी20 विश्व कप में अब तक के सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ा। वहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर संजू सैमसन (18 पायदान की छलांग से 22वें स्थान पर) और शिवम दुबे (चार पायदान ऊपर 27वें स्थान पर) ने भी टूर्नामेंट में शानदार पारियों की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में काफी सुधार किया। गेंदबाजों की रैंकिंग में हालांकि बदलाव आया है। टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। चक्रवर्ती के 740 रेटिंग अंक है और वह राशिद (753) के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिनकी टीम अफगानिस्तान ग्रुप चरण में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इसके बावजूद वह चक्रवर्ती की जगह पहला स्थान हासिल करने में सफल रहे।



टी–20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम की धमाकेदार जोड़ी ईशान किशन और अभिषेक शर्मा। • एजेंसी

विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद जिन अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है उनमें आदिल रशीद (एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर), जसप्रीत बुमराह (एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और अक्षर पटेल (छह पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) शामिल हैं। टी20 में ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी मुकाबला काफी कड़ा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा और भारत के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पंड्या ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की और वे पहले दो स्थान पर काबिज हैं। शिवम दुबे दो पायदान नीचे खिसककर 11वें स्थान पर आ गए हैं।

## भारत को मिली 25 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**दुबई, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों के टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद बुधवार को खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि की घोषणा की जो रिकॉर्ड 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर है जिसमें घरेलू मैदान पर चैंपियन बनी भारतीय टीम को सबसे बड़ा हिस्सा 2,639,423 डॉलर (लगभग 25 करोड़ रुपये) मिला। उपविजेता न्यूजीलैंड को 14,22,692 अमेरिकी डॉलर (लगभग 13 करोड़ रुपये) मिले जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड को क्रमशः लगभग 9.24 करोड़ रुपये और 8.96 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

अन्य शीर्ष टीमों में वेस्टइंडीज को 5,38,269 अमेरिकी डॉलर मिले जबकि अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने वाली पाकिस्तान टीम को 5,22,692 अमेरिकी डॉलर मिले। जिम्बाब्वे को 4,91,538 अमेरिकी डॉलर और श्रीलंका को 4,75,962 अमेरिकी डॉलर दिए गए। सुपर आठ चरण में बाहर हुई अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की टीमों को प्रत्येक 3,09,808 अमेरिकी डॉलर मिले। स्कॉटलैंड को 2,78,654 अमेरिकी डॉलर और आयरलैंड को 2,71,731 अमेरिकी डॉलर जबकि चार अन्य टीम इटली, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल प्रत्येक 2,56,154 अमेरिकी डॉलर दिए गए। कनाडा, नामीबिया और ओमान प्रत्येक को 2,25,000 अमेरिकी डॉलर मिले।

## यानिक सिनर क्वार्टर फाइनल में

**इंडियन वेल्स, एजेंसी:** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने उभरते ब्राजीलियाई स्टार जोआओ फोन्सेका की कड़ी चुनौती पर काबू पाते हुए रोमांचक मुकाबले में 7-6(6), 7-6(4) से जीत के साथ बीएनपी परीबा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने शुरूआती सेट के टाई-ब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाए और बाद में दूसरे सेट में 5-2 पर मैच बंद करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की।

## केर की हैट्रिक, न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे का किया सूपड़ा साफ

**डुनेडिन, एजेंसी**

अमेलिया केर (80 रन /पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 200 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया। प्लेयर ऑफ द मैच अमेलिया केर ने हैट्रिक बनाई। केर ने यूनिवर्सिटी ओवल में जबरदस्त ऑल-राउंड प्रदर्शन किया, उन्होंने 80 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पहले



बल्लेबाजी करते हुए 303/6 का बड़ा स्कोर बनाया। केर के अलावा मैडी ग्रीन ने 73 गेंदों में (94), ब्रूक हॉलीडे ने (40) रनों का योगदान दिया। जिम्बाब्वे के लिए क्रिस्टाबेल चैटोंजवा ने 48 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि टेंडाई मकुशा, एडेल ज़िमुनु और प्रेशियस मारेंज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

अमेलिया केर ने फिर गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक लगाकर जिम्बाब्वे के पांच विकेट झटके। पिछले मैच में उन्होंने शानदार सात विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 27.1 ओवर में 103 रनों पर समेट कर 200 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने 3.1 ओवर में 22 रन देकर पांच विकेट लिये। रोजमेरी मैयर को दो विकेट मिले। जेस केर और ब्री इलिंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। कुल मिलाकर, केर महिला एकदिवसीय इतिहास में हैट्रिक लेने वाली 14वीं गेंदबाज बन गईं। इससे पहले इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की चार्ली डीन ने 2024 में दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ ऐसा किया था, और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्रायोन ने 2025 में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ यह कारनामा किया था।

## बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड की बड़ी जीत, लिवरपूल हारा, बार्सिलोना ने ड्रॉ खेला

**पेरिस, एजेंसी**

बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड ने बड़ी जीत हासिल करके चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए लेकिन लिवरपूल और बार्सिलोना को अब भी कड़ी मेहनत करनी होगी। बायर्न म्यूनिख ने अटलांटा को 6-1 से करारी शिकस्त दी, जबकि टीम के शीर्ष गोल स्कोरर हैरी केन इस मैच में नहीं खेल रहे थे। इस सत्र में अब तक 47 गोल करने वाले केन इस मैच में खेलने के लिए फिट नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में माइकल ओलिस ने दो गोल किए।





सर्ज ग्नाब्री, निकोलस जैक्सन, जोसिप स्टैनिसिक और जमाल मुसियाला ने एक-एक गोल किया। दूसरी तरफ एटलेटिको मैड्रिड ने टॉटनहम को 5-2 से पराजित किया।

टॉटनहम के कोच इगोर ट्यूडर ने पहले नंबर के गोलकीपर गुगिलएल्मो विकारियो को बाहर रखने का फैसला किया जो टीम को भारी पड़ा क्योंकि एटलेटिको ने 15 मिनट के भीतर ही 3-0 की बढ़त बना ली थी। लिवरपूल को गैलाटासराय ने 1-0 से हराया। उसे अब अगले सप्ताह एनफील्ड में होने वाले दूसरे चरण के मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बार्सिलोना की टीम भी जूझती हुई नजर आईं। उसने खेल के अंतिम क्षणों में लामिन यामल के पेनल्टी पर किए गोल की मदद से न्यूकैसल के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला।

## ओसाका को परास्त कर आर्यना सबालेंका क्वार्टरफाइनल में

**कैलिफ़ोर्निया, एजेंसी**

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराकर इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। 27 साल की बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओसाका को 80 मिनट चले मुकाबले में 6-2, 6-4 से हरा कर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। जुलाई 2023 में बेटी शाई के जन्म के बाद 14 महीनों के बाद वापसी कर रही ओसाका ने मैच की शुरुआत एक कॉन्फिडेंट



ओपनिंग सर्विस गेम से की। हालांकि, सबालेंका ने जल्द ही अपनी रिदम पकड़ ली और 28 साल की जापानी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-1 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने कई दमदार बैकहैंड मारकर अपनी पकड़ मजबूत की और 5-2 की बढ़त बना ली, फिर एक ऐस के साथ आराम से सेट जीत लिया। ओसाका और सबालेंका दोनों ने दूसरे सेट की शुरुआत में सर्विस बनाए रखी, फिर सबालेंका ने 4-2 से कंट्रोल हासिल किया और फिर एक अहम ब्रेक के साथ मैच जीत लिया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह पागलपन है, इतने सालों में हमने सिर्फ एक बार खेला। मुझे पूरा यकीन है कि हम और भी कई मैच खेलेंगे। वह शानदार टेनिस खेलकर वापस आ रही है। मैं नतीसे से बहुत खुश हूं। पिछली बार से बहुत बेहतर। मुझे खुशी है कि मैंने आज उन पर इतना प्रेशर डाला, कि मैं कोर्ट में वैरायटी लेकर आई। मेरी सर्विस ने अच्छा काम किया। रिटर्न पर मैंने सच में बहुत अच्छा टेनिस खेला। ऑस्ट्रेलिया की टालिया गिब्सन ने इटली की दुनिया की नंबर सात जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 2-6, 6-1 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की,। 21 साल की गिब्सन, जो दुनिया में 112वें नंबर पर हैं और अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 मेन ड्रॉ खेल रही हैं, 11 साल में टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर भी बनीं।

## अफगानिस्तान-श्रीलंका के बीच सीरीज स्थगित

**काबुल, एजेंसी**

- सैन्य विवाद के कारण फैसला लिया गया
- दोनों टीमों के बीच सीरीज 13 मार्च से शुरू होनी थी

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने मंगलवार को कन्फ़र्म किया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य विवाद की वजह से श्रीलंका के ख़िलाफ अपनी आने वाली सीरीज़, जो यूनाइटेड अरब अमीरात में होनी थी, स्थगित कर दी है। दोनों टीमों को 13 से 25 मार्च तक तीन वनडे और इतने ही टी20 खेलने थे। एसीबी के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव नसीब खान ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हां श्रीलंका के ख़िलाफ़ व्हाइट-बॉल सीरीज़ स्थगित कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि फ्लाइट्स, लॉजिस्टिक्स और इलाके की स्थिति को लेकर कुछ दिक्कतें थीं। हमने इन मैचों को श्रीलंका में कराने के लिए दूसरा ऑप्शन भी देखा और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के लगातार संपर्क में रहे। हालांकि, उस समय यूएई से श्रीलंका के लिए कोई फ्लाइट उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इतने कम समय में प्रोडक्शन, होटल, ग्राउंड बुकिंग और सिक्योरिटी का इंतज़ाम करना काफी मुश्किल था। इसलिए, हमने आखिरकार इसे टालने का फैसला किया।

उन्होंने आगे कहा कि यह (सीरीज़) इस साल के आखिरी क्वार्टर में खेली जाएगी। इस टी20 सीरीज से उम्मीद थी कि यह सबसे छोटे फॉर्मेट में इब्राहिम ज़दरान की कप्तानी के दौर की शुरुआत होगी, क्योंकि उन्हें हाल ही में राशिद खान की जगह टी20 कप्तान बनाया गया था।

## बाबर पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था।



वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं।

**मन की बात** | भारतीय कप्तान ने कई खिलाड़यों के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में भी चर्चा की

## टीम भावना ने पर्दे के पीछे निभाई अहम भूमिका : सूर्यकुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कई खिलाड़यों की कहानियां काफी प्रेरणा देने वाली रहीं

आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विजयी अभियान को आकार देने में मदद करने वाली निजी बातचीत और पलों पर बात करते हुए, भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि विश्वास, भरोसा और मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभाई। सूर्य ने टीम के कई खिलाड़ियों, जिनमें ईशान किशन और संजू सैमसन शामिल हैं, के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में बात की, और बताया कि कैसे निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल वर्ल्ड कप सफर को तय किया। हमारी वर्ल्ड कप टीम के कुछ खिलाड़ियों की कहानियाँ बहुत प्रेरणा देने वाली और इमोशनल रही हैं। अगर आप सिराज की बात करें, तो मैंने उन्हें टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले फ़ोन किया था। वह अपने दोस्तों के साथ बैठे थे, कैप पहने हुए थे और खाना खा रहे थे। मैंने उनसे कहा कि हर्षित राणा घायल हैं, आपको टीम में शामिल होना होगा। उन्होंने कहा कि सूर्य भाई, क्या आप मज़ाक कर रहे हैं? यह उनका पहला रिएक्शन था। फिर मैंने हमारी सिलेक्शन मीटिंग से ठीक पहले इशान किशन को कॉल किया। मैंने उनसे कहा कि छोटू, क्या तुम हमें वर्ल्ड कप जिताने में मदद करोगे। उन्होंने कहा कि सूर्य भैया, बस मुझ पर भरोसा करो और मुझ पर भरोसा रखो। जिस तरह से इशान ने अपनी बात पर अमल किया है, वह एक प्यारी कहानी है।



संजू सैमसन ने टूर्नामेंट शुरू नहीं किया था। वह बीच में आए और एक बात कही कि तुम बस मुझे बताओ कि मैं टीम के लिए क्या कर सकता हूं। यही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। स्काई ने जियोस्टार पर कहा कि ऐसे खिलाड़ी, नंबर 1 से 15 तक, हर किसी की एक अलग कहानी होती है। और जसप्रीत बुमराह, मैंने उन्हें नेशनल ट्रेजर कहा है। वह हर दिन यही काम करते हैं। बुमराह जानते हैं कि वह इस फील्ड में बेस्ट हैं। लेकिन फिर भी, वह किसी भी तरह की लापरवाही को अंदर नहीं आने देते। मुझे लगता है कि इससे उनका कैरेक्टर दिखता है। उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप जीतने के इमोशनल महत्व के बारे में भी बात की, वही जगह जहां से उनके इंटरनेशनल करियर की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहा किअहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप जीतना बहुत खास एहसास है। इंटरनेशनल क्रिकेट में मेरा सफर 2021 में यहीं से शुरू हुआ था। जैसे ही यह शुरू हुआ, वहां से बहुत मज़ा आया। फिर 2026 में यहां आना और भारत के लिए एक लीडर के तौर पर टी20 वर्ल्ड कप जीतना बहुत खास एहसास है। उसी स्टेडियम में होना अच्छा लगता है जिसके बारे में इतने सारे लोग बात कर रहे थे। यहां जीतना पूरी टीम के लिए बहुत खास था।

### जिन्हें मौका नहीं मिलता, उनकी फिक्र होती है

भारतीय कप्तान ने वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की कप्तानी करने की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक पर भी ज़ोर दिया– पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्लेइंग इलेवन के बाहर के खिलाड़ियों को मोटिवेटेड और मेंटली तैयार रखना। इस टी20 वर्ल्ड कप कैंपेन में, मेरे लिए सबसे मुश्किल काम उन प्लेयर्स को संभालना था जिन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने के ज़्यादा मौके नहीं मिलते। जिन्हें मौके नहीं मिलते, या बहुत कम मिलते हैं, मुझे हमेशा लगता था कि मुझे उनके साथ ज़्यादा समय बिताना चाहिए। जो खेलते रहते हैं वे ऑटोपायलट मोड में होते हैं। उन्हें पता होता है कि क्या करना है। लेकिन जो कभी भी खेल सकते हैं लेकिन हर गेम में नहीं खेल पाते, उनके लिए स्विच ऑन और स्विच ऑफ करना मुश्किल होता है। इसलिए उनके साथ समय बिताना और लगातार बातें करना बहुत जरूरी था।